WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, गुरुवार, 4 जुलाई 2024 वर्ष-10 अंक- 84 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

जीका वायरस अलर्ट, केंद्र सरकार ने एडवाइजरी जारी की

नई दिल्ली । महाराष्ट्र में जीका वायरस के कई मामले सामने आने के बाद केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जीका वायरस को लेकर सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी की है। इस एडवाइजरी के तहत सभी राज्यों को निगरानी बढ़ाने और गर्भवती महिलाओं में जीका वायरस के संक्रमण के खतरे को देखते हुए स्क्रीनिंग बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। पुणे में बीते कुछ दिनों में जीका वायरस के छह मामले सामने आए

गौरतलब है कि महाराष्ट्र के पुणे में बीते 11 दिनों में जीका वायरस के छह मामले सामने आ चुके हैं। एक जुलाई को दो गर्भवती महिलाओं में जीका वायरस के संक्रमण की पुष्टि हुई है। यही वजह है कि केंद्र सरकार इसे लेकर सतर्कता बरत रही है। सरकार ने जीका वायरस से संक्रमित महिलाओं के भ्रूण की लगातार निगरानी करने का भी निर्देश दिया है। अस्पतालों और स्वास्थ्य सुविधाओं को मच्छरों से मुक्त रखने के लिए नोडल अफसर नियुक्त करने के साथ ही रिहायशी इलाकों, स्कूलों, निर्माणाधीन स्थलों और विभिन्न संस्थानों को भी मच्छरों से मुक्त रखने को कहा गया है।

क्या हैं जीका वायरस संक्रमण के

लक्षण : जीका वायरस के संक्रमण से पीड़ित लोगों में सिरदर्द, बुखार, जोड़ों में दर्द, त्वचा पर दाने और लाल चकते, आंखों के सफेद भाग में लालिमा और मांसपेशियों में दर्द की शिकायत जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। जीका वायरस का नाम युगांडा के जीका जंगलों के नाम पर पड़ा है। साल 1947 में पहली बार यहीं पर इस बीमारी के लक्षण मिले थे, जिसके ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गर्भवती महिलाओं के लिए जीका वायरस संक्रमण ज्यादा खतरनाक

जीका वायरस संक्रमण भी डेंगू और चिकनगुनिया की तरह एडीज मच्छर जनित बीमारी है। इस बीमारी से संक्रमित ज्यादातर लोगों को पता नहीं चलता है कि वे जीका वायरस से संक्रमित हैं। असल में जीका वायरस के लक्षण बहुत हल्के होते हैं। इस बीमारी से संक्रमित गर्भवती महिलाओं को होने वाले बच्चों का मस्तिष्क पूरी तरह से विकसित नहीं हो पाता और उनके सिर का आकार सामान्य से कम होता है। इस वजह से जीका वायरस संक्रमण चिंता का विषय बना हुआ है। भारत में साल 2016 में जीका वायरस के संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया गया था। उसके बाद से तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और कर्नाटक में भी इसके संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। 2 जुलाई तक महाराष्ट्र के पुणे में जीका वायरस के छह मामले सामने आ चुके हैं।

प्रसंगवश

"बाबा" प्रधान देश में छल, प्रपंच और पाखंड की गिरफ्त में बहुसंख्यक समाज

यशवंत धोटे

*ऐसा लगता है कि जब हम स्कूल में पढ़ा करते थे कि भारत एक कृषि प्रधान देश है जिसकी 80 फीसदी आबादी कृषि पर निर्भर है लेकिन मौजूदा दौर में हम ये कह सकते है कि भारत अब **बाबा** प्रधान देश हो गया है। जिसकी अधिकांश आबादी इनके छल, प्रपंच और पाखण्ड की गिरफ्त में है। विश्वास और अंधविश्वास की बढ़ती खाई ने आस्था के विमर्श को बदल दिया है। यह बात अलग है कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीति में अपराधीकरण की बजाय राजनीति में धर्म पर बहस होने लगी है। अब राजनीति को धर्म से रसद पानी मिलने लगी है। दरअसल आज हम बात करेंगे उत्तरप्रदेश के हाथरस में हुयें सत्संग में उस हादसे की, जिसमें 125 से अधिक लोग मारे गए। जिसमें अधिकांश महिलाएं व बच्चे थे। बाबाओं के सत्संग में लगने वाली भीड़ से आप अंदाजा लगा सकते है कि लोग निजी जीवन में कितने हताश या निराश है। उत्तरप्रदेश से आ रही खबरों का यदि विश्लेषण करें तो इसमें दिख रहा है कि सभी निम्न-मध्यम वर्ग के लोग इसमें शामिल थे। जिस बाबा के आश्रम में यह हादसा हुआ उसका अतीत भी सामने आ गया है। पहले आरक्षक की नौकरी की फिर वीआर लेकर सत्संग कर नया स्टार्टअप शुरु किया।*

पहले प्रवचन देने लगे फिर देखा की सुनने वाले कम है और समस्या लेकर आने वाले लगातार बढ़ रहे है तो भूत भगाने वाली विधा का पाखंड शुरु किया गया। इस पाखंड से बाबा गिरी का धंधा ऐसा चमका कि अब लाखों की भीड़ एकत्रित होने लगी, भरपूर चढ़ावा आने लगा, सेवादारों के रुप में बाउंसर भर्ती होने लगे। अधिकांश बाउंसरों के पास गन लाईसेंस है। जिसकी तनखा सामान्य बाउंसर से ज्यादा होती है। बाबागिरी या सत्संग उद्योग कोई छोटा-मोटा उद्योग नहीं है। बिना टेक्स, जीएसटी और बिना किसी सरकारी औपचारिकता से चलने वाला हजारो करोड़ के टर्नओवर वाला बिजनेस है। बाबाओं के इस पाखंड के अर्थशास्त्र को समझने की जरूरत है। दरअसल जो बाबा बन जाते है उनके अनुयायी इनसे जुड़े हुए किसी न किसी व्यवसाय से जुड़े रहते है। एक बार के सत्संग की फीस बाबा जो भी ले, लेकिन बाय प्रोडेक्ट में लगने वाले स्टॉल और भक्तों से मिलने वाला चंदा इतना हो जाता है कि आने वाले कई दिनों तक अगले सत्संग की तैयारी की जा सकती है।

नारायण साकार हरि नाम के इस बाबा के कारनामे आना अभी बाकी है, लेकिन आस्था के साथ पाखंड का सिलसिला यहां थम जाएगा ऐसा नहीं कह सकते। जब-जब देश के किसी राज्य या देश में चुनाव आता है तो बाबाओं के सत्संग के आयोजनों की बाढ़ सी आती है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि राजनीतिक सभाओं में भीड़ जुटाने के लिए राजनीति दलों को न केवल आर्थिक बल्कि अन्य सहयोगी संसाधनों की दरकार होती है। इसके बाद भी लोग नेताओं को सुनने नहीं आते, लेकिन इसी कार्यक्रम को धर्म का जामा पहना दिया जाए तो लोगों की भीड़ संभालना मुश्किल हो जाता है। बस इस नब्ज को राजनीतिक दलों ने पकड़ा है। और यही वजह है कि बाबाओं के सत्संग अब राजनीतिक दलों के लिए भीड़ आउटसोर्स करने के साधन बन गए है।

आज बेबाक

संसद के मानसून सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान विपक्ष जमकर गरजा। सत्ता पक्ष भी धुंआधार बरसा। क्रिकेट की भाषा में कहे तो दोनों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली लेकिन दर्शकों को कुछ मजा नहीं आया। नेता प्रतिपक्ष के रूप में अपने पहले भाषण में राहुल गांधी ने सरकार पर वही आरोप लगाए जो वे लोकसभा चुनाव के दौरान लगाते रहे हैं। जवाब में पीएम मोदी भी अपनी वही उपलब्धियां गिनाई जो वे गिनाते रहे हैं। सत्ता पक्ष और विपक्ष भले ही अपने मुंह मियां मिटठू बने लेकिन कुछ नया नहीं हुआ।

एक दिन में तीन पुल टूटने का रिकॉर्ड

सीवान । बिहार में जहां लगातार पुल टूटने का सिलसिला कायम है। वहीं, इसमें सबसे अव्वल सीवान जिला कहा जा सकता है, क्योंकि यहां आज बुधवार को अचानक एक-एक कर तीन पुल ढह गए। पुल टूटने की पहली घटना महराजगंज अनुमंडल के देवरिया गांव की है। जहां गंडक नदी पर बने पुल का अंतिम पाया जमीन में धंस गया और टूट गया।

कांग्रेस कार्यालय में पथराव

अहमदाबाद । लोकसभा में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर किए गए टिप्पणी के बाद गुजरात में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हंगामा हुआ। अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी कार्यालय के बाहर दोनों गुटों के बीच पथराव भी हुआ। पार्टी कार्यालय के बाहर हुए हिंसा पर राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग कभी भी हिंदुत्व के सिद्धांतों को नहीं समझते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण हमला बताया।

उत्तर छग में जमकर बरसेंगे बादल

रायपुर । दक्षिण-पश्चिम मानसून ने दो जुलाई को पूरे देश को कवर कर लिया है। मानसून छह दिन पहले ही पूरे भारत में सक्रिय हो गया है। छत्तीसगढ़ में भी मानसून सक्रिय है। इसके वजह से प्रदेश में लगातार बारिश हो रही है। आज बुधवार को प्रदेश के कई जिलों में भारी से अति भारी बारिश के आसार हैं। कई जगहों पर गरज चमक के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना है। लगातार बारिश की वजह से अधिकतम तापमान में गिरावट दर्ज की जा रही है।

कार डिवाइडर से टकराई, मौत

जगदलपुर । जगदलपुर में मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के आगे बने अशोका लीलैंड के पास मंगलवार की रात को एक तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में एनएमडीसी कर्मचारी की मौत हो गई, जबकि एक घायल हो गया। जिसे बेहतर उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया है। मामले की जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया कि बचेली एनएमडीसी में कार्यरत बालाराम कृष्णा 45 वर्ष व पवन गुप्ता 35 वर्ष निवासी बचेली मंगलवार की रात को बचेली से जगदलपुर की ओर जा रहे थे कि रात करीब 3 बजे के लगभग जैसे ही कार मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के आगे अशोका लीलैंड के पास पहुँची की अचानक कार चला रहे पवन ने कार से अपना नियंत्रण खो दिया और कार सड़क किनारे डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में पवन की मौत हो गई, जबकि बालाराम घायल हो गए, देर रात मार्ग से गुजर रहे लोगो ने घायल को मेकाज पहुँचाया। वहीं मृतक के बारे में परिजनों से लेकर एनएमडीसी बचेली को सूचना दिया गया।

पीएम के भाषण के दौरान विपक्ष का वॉकआउट

पीएम मोदी बोले- जवाब सुनने की हिम्मत नहीं

नई दिल्ली। विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे संसद के संयुक्त सत्र में राष्ट्रपति के अभिभाषण के लिए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान मोदी के जवाब के दौरान हस्तक्षेप करना चाहते थे। हालांकि, सभापति जगदीप धनखड़ ने इसे खारिज कर दिया। इसके बाद इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने नारेबाजी की और विपक्ष के नेता को बोलने की अनुमति देने की मांग की। पीएम मोदी ने नारेबाजी के बीच अपना भाषण जारी रखा। यह कुछ समय तक चलता रहा और खड़गे बार-बार बोलने की अनुमति देने की गुहार लगाते रहे। जब अनुमति मिली, तो इंडिया ब्लॉक के सांसदों ने सदन से वॉकआउट कर दिया। धनखड़ ने उनके वॉकआउट की निंदा करते हुए कहा कि यह संविधान का अपमान है। मोदी ने भी वॉकआउट की निंदा की और कहा कि वह कोई अंक हासिल करने की कोशिश नहीं कर रहे हैं, बल्कि अपनी सरकार के प्रदर्शन का लेखा-जोखा देने के लिए बाध्य हैं।

जगदीप धनखड़ ने क्या कहा?

राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति ने कहा कि मैंने उनसे आग्रह किया कि विपक्ष के नेता को बिना किसी व्यवधान के बोलने के लिए पर्याप्त समय दिया गया तो पीएम को भी ध्यान से सुना जाए। पर, आज उन्होंने सदन को पीछे नहीं छोड़ा, उन्होंने ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

कांग्रेस समेत विपक्षी दलों पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कांग्रेस नेता जयराम रमेश पर भी तंज कसा। दरअसल, लोकसभा चुनाव के नतीजों में भाजपा को बहुमत नहीं मिला। इसके बाद से ही वे इस सरकार को एक तिहाई सरकार कह रहे थे। इस पर पीएम मोदी ने कहा कि हमें सत्ता में 10 साल तो हो गए और आपके हिसाब से अभी 20 साल बाकी हैं। आपके मुंह में घी-शक्कर। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दो दिन से देख रहा हूं कि आखिर तक पराजय भी स्वीकार हो रही है और विजय भी स्वीकार हो रही है। कांग्रेस के कुछ साथियों को धन्यवाद करना चाहता हूं, क्योंकि जब से नतीजे आए, तब से कांग्रेस के एक साथी को मैं देख रहा था। उनकी पार्टी उनको समर्थन नहीं कर रही थी, लेकिन वे अकेले ही झंडा लेकर दौड़ रह थे। मैं कहता हूं कि वह जो कहते थे, उनके मुंह में घी शक्कर। ऐसा मैं क्यों कह रहा हूं, क्योंकि उन्होंने बार-बार ढोल पीटा था कि एक तिहाई सरकार। इससे बड़ा सत्य और क्या हो सकता है। हमारे 10 हुए हैं। 20 और बाकी हैं। एक तिहाई हुआ। एक तिहाई हुआ है और दो तिहाई बाकी है। इसलिए उनकी इस भविष्यवाणी के लिए उनके मुंह में घी शक्कर।

खड़गे ने दी सफाई

राज्यसभा से विपक्ष के वॉकआउट पर कांग्रेस नेता और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम इसलिए बाहर आ गए, क्योंकि प्रधानमंत्री राष्ट्रपति के अभिभाषण पर सदन को संबोधित कर रहे थे और उन्होंने सदन को कुछ गलत बातें बताईं। झूठ बोलना और सच्चाई से परे बातें कहना उनकी आदत है। मैंने उनसे सिर्फ यही पूछा था, जब वह संविधान के बारे में बोल रहे थे आज जो संविधान को बचाने के लिए ढिंढोरा पीट रहे हैं...तब मैंने कहा कि आपने संविधान नहीं बनाया, आप लोग इसके खिलाफ थे। मैं सिर्फ यह स्पष्ट कर रहा था कि कौन लोग संविधान के पक्ष में थे और कौन संविधान के खिलाफ थे। उन्होंने (आरएसएस) संविधान का विरोध किया है, उन्होंने ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

बाबा की रंगोली के बुरादे ने ले लीं सवा सौ जानें

हाथरस । हाथरस में हुई सोमवार की घटना के पीछे अहम और बड़ा खुलासा हुआ है। घटना के 24 घंटे के भीतर खुफिया एजेंसियों की रिपोर्ट में कुछ चौंकाने वाले तथ्य सामने आए हैं। जानकारी के मुताबिक, भगदड़ मचने से हुई सवा सौ मौतों के पीछे सत्संग स्थल पर बनाई गई वह रंगोली है, जिस पर चलकर आरोपित बाबा को निकलना था। दरअसल, पंडाल से निकलने के बाद बाबा के भक्तों का हुजूम उस रंगोली को बाबा का आशीर्वाद मानकर दंडवत प्रणाम कर रंगोली के बुरादे को अपने साथ ले जाता है। इस दौरान एक साथ हजारों हजार लोग रंगोली लेने के लिए दंडवत हुए और फिर संभलने का मौका नहीं मिला। जानकारी के मुताबिक, सवा दो टन बुरादे से रंगोली तैयार हुई थी। इस प्रयोजन की जानकारी स्थानीय पुलिस को भी आयोजकों ने नहीं दी थी। फिलहाल इस पूरी जानकारी को उत्तर प्रदेश शासन के अधिकारियों से साझा किया जा चुका है।

नहीं दी गई इस प्रायोजन की सूचना

हाथरस में हुई घटना के पीछे बड़ी जानकारी सामने आई है। ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

खुफिया इनपुट के बाद राहुल गांधी के आवास की सुरक्षा बढ़ी

बयान पर हिंदूवादी संगठनों के हमले का खतरा

नई दिल्ली । संसद में हिंदुओं को लेकर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान पर अच्छा-खासा विवाद पैदा हो गया है। इस सबके बीच दिल्ली पुलिस को खुफिया विभाग से इनपुट मिला हैं कि हिंदू संगठनों से जुड़े लोग कांग्रेस नेता पर हमला कर सकते हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस ने गृहमंत्रालय के आदेश के बाद राहुल गांधी व उनके आवास की सुरक्षा बढ़ा दी है। आवास पर अतिरिक्त फोर्स तैनात की गई है। साथ ही

इलाके में रहने वाले कांग्रेस नेताओं पर नजर रखी जा रही है। नई दिल्ली में खुफिया तंत्र को अलर्ट कर दिया गया है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को हिंदुओं को लेकर बयान दिया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस को देर रात इनपुट मिले कि हिंदू संगठनों से नेता राहुल गांधी पर हमला कर ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

धर्मांतरण बहुसंख्यक के लिए खतराः हाईकोर्ट

लखनऊ । इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने धर्मांतरण को लेकर अहम टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में एससी/एसटी और आर्थिक रूप से कमजोर लोगों का ईसाई धर्म में अवैध धर्मांतरण बड़े पैमाने पर किया जा रहा है। इसे तत्काल रोका जाना चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने यह भी कहा कि लालच देकर धर्म बदलने का खेल जारी रहा तो देश की बहुसंख्यक आबादी एक दिन अल्पसंख्यक बन जाएगी।

आखिर मामला क्या था?

जिस मामले पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने टिप्पणी की है वह उत्तर प्रदेश के हमीरपुर का है। एफआईआर में हमीरपुर निवासी शिकायतकर्ता रामकली प्रजापति के भाई रामफल को आरोपी कैलाश हमीरपुर से दिल्ली में आयोजित सामाजिक समारोह में भाग लेने के लिए ले गया था। मौदहा गांव के कई अन्य ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

हेमंत सोरेन तीसरी बार बन सकते हैं मुख्यमंत्री

रांची/नवप्रदेश। झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन इस्तीफा दे सकते हैं। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को मिली जमानत के बाद से ही झारखंड में राजनीतिक फेरबदल के संकेत मिल रहे थे। इसी बीच सूत्रों ने बताया है कि वर्तमान सीएम चंपई सोरेन आज रात इस्तीफा दे सकते हैं। इस्तीफे की अटकलों के बीच बुधवार दिन में हुई बैठक के बारे में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के एक सूत्र ने बताया, बैठक में चंपई सोरेन के स्थान पर हेमंत सोरेन को लाने का निर्णय लिया गया। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री

चंपई सोरेन के आवास पर हुई बैठक में गठबंधन के नेताओं और विधायकों ने सर्वसम्मति से हेमंत सोरेन को झामुमो विधायक दल का नेता चुनने का फैसला किया। ऐसे में JMM के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन राज्य में पार्टी नीत गठबंधन के विधायकों के बीच आम सहमति के बाद तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बन सकते हैं। ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा - गरम

अच्छी पहल

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस को दिखाई हरी झंडी

पुलिस परिवार के बच्चों को मिली स्कूल आने जाने के लिए बस

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बुधवार को पुलिस परिवार के स्कूली बच्चों से चर्चा के दौरान गृहमंत्री का परिचय कराते हुए कहा कि ये आपके पापा के बॉस है और इन्हीं के प्रयासों से आप सभी को स्कूल बस मिला है। आप सभी अब आराम से और सुरक्षित ढंग से स्कूल आ जा सकेंगे। । सभी बच्चों ने बस मिलने की खुशी में ताली बजाकर मुख्यमंत्री और गृहमंत्री को थैंक यू कहा। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि आप सभी अच्छे से पढ़ाई करें और खूब तरक्की करें। दरअसल आज राजधानी रायपुर के अमलीडीह स्थित पुलिस कॉलोनी में रहने वाले पुलिस परिवार के बच्चों को उनकी स्कूल बस मिल गई। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और गृहमंत्री विजय शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस परिवार की नन्हीं छात्रा मारिया भतपहरी को बस की चाबी सौंपी। उन्होंने पुलिस परिवार के सदस्यों के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह बड़ी अच्छी पहल है। बच्चों की परेशानी दूर हुई है और अब बच्चे सुरक्षित स्कूल आ जा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमारे पुलिस के जवान बड़ी मुस्तैदी के साथ 24 घंटे सातों दिन अपनी सेवाएं देते हैं। इस पहल से निश्चित रूप से उनकी चिंता दूर हुई होगी। यह बस सीएसआर मद से बच्चों के लिए उपलब्ध करायी गई है। मैं अन्य औद्योगिक संस्थानों से भी आग्रह करूंगा कि वे अपने सीएसआर मद से ऐसे कार्यों में सहयोग करें और इसे बढ़ावा दें। इसके बाद मुख्यमंत्री और गृहमंत्री ने पुलिस परिवार के बच्चों से मुलाकात की और उनका हालचाल जाना। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने बस के संचालन सहित पुलिस आवासीय कॉलोनी की सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। पुलिस परिवार के आग्रह पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल्द आप लोगों से मिलने और चाय के साथ ठेठरी- खुरमी भी खाने आऊंगा।

गौरतलब है कि पुलिस कॉलोनी आवासीय समिति अमलीडीह, रायपुर द्वारा उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा को पत्र लिखकर स्कूली बच्चों के लिए बस उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया था। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आग्रह को स्वीकार करते हुए मुख्यमंत्री को इसकी जानकारी दी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर गृहमंत्री ने तत्काल अंबुजा सीमेंट के ▢ शेष पृष्ठ 6 पर

आदित्य-एल1 ने पूरा किया सूरज के चारों तरफ अपना पहला चक्कर

ISRO की तरफ से सूरज की स्टडी करने के लिए भेजे गए भारतीय स्पेसक्राफ्ट आदित्य-एल1 ने अपने तारे का एक चक्कर पूरा कर लिया है। इस यान को 2 सितंबर 2023 को लॉन्च किया गया था. यह 6 जनवरी 2024 को लैरेंजियन प्वाइंट L1 पर पहुंचा था। उसने अपने जटिल ऑर्बिट और ट्रैजेक्टरी को अब तक मेंटेन किया। अपने ही L1 प्वाइंट पर एक चक्कर लगाने के लिए आदित्य-एल1 को 178 दिन लगे। इस यात्रा के दौरान यान को कई तरह की समस्याओं से जूझना पड़ा। सौर तूफान के बीच इसे दो बार अपना ऑर्बिट बदलना पड़ा. ताकि सुरक्षित रह सके। ये ऑर्बिट 22 फवरी और 7 जून को बदला गया था। कल यानी 2 जुलाई 2024 को इसका तीसरी बार ऑर्बिट मैन्यूवर हुआ। भारत के पहले सोलर ऑब्जरवेटरी की धरती से दूरी 15 लाख किमी है। 400 करोड़ रुपए का ये मिशन अब भारत समेत पूरी दुनिया के सैटेलाइट्स को सौर तूफानों से बचाएगा. 6 जनवरी 2024 की शाम ये सैटेलाइट L1 प्वाइंट पर पहुंच गया. इस प्वाइंट के चारों तरफ मौजूद सोलर हैलो ऑर्बिट में तैनात हो चुका है।



सूरज की अलग-अलग रंगों की तस्वीरें हुई थीं जारी

इस सैटेलाइट के सोलर अल्ट्रावॉयलेट इमेजिंग टेलिस्कोप ने सूरज की पहली बार फुल डिस्क तस्वीरें भी ली थी. ये सभी तस्वीरें 200 से 400 नैनोमीटर वेवलेंथ की थी. यानी आपको सूरज 11 अलग-अलग रंगों में दिखाई देगा. इस पेलोड को 20 नवंबर 2023 को ऑन किया गया था. इस टेलिस्कोप ने सूरज के फोटोस्फेयर और क्रोमोस्फेयर की तस्वीरें ली हैं। फोटोस्फेयर मतलब सूरज की सतह और क्रोमोस्फेयर यानी सूरज की सतह और बाहरी वायुमंडल कोरोना के बीच मौजूद पतली परत. क्रोमोस्फेयर सूरज की सतह से 2000 किमी. ऊपर तक होती है. इससे पहले सूरज की तस्वीर 6 दिसंबर 2023 को ली गई थी। लेकिन वह पहली लाइट साइंस इमेज थी. लेकिन इस बार फुल डिस्क इमेज ली गई है। यानी सूरज का जो हिस्सा पूरी तरह से सामने है, उसकी फोटो. इन तस्वीरों की मदद से वैज्ञानिक सूरज की स्टडी ढंग से कर पाएंगे।

सूरज की स्टडी करने वाले यान में शामिल



आदित्य सूरज की स्टडी कर रहे NASA के चार अन्य सैटेलाइट्स के समूह में शामिल है। ये सैटेलाइट्स हैं- WIND, Advanced Composition E&plorer (ACE), Deep Space Climate Observatory (DSCOVER) और नासा-ESA का ज्वाइंट मिशन सोहो यानी सोलर एंड हेलियोस्फेयरिक ऑब्जरवेटरी है।

L1 प्वाइंट पर डालना था बेहद रिस्की और चुनौतीपूर्ण

आदित्य को L1 प्वाइंट पर डालना एक चुनौतीपूर्ण काम था। इसमें गति और दिशा का सही तालमेल जरूरी था। इसके लिए इसरो को यह जानना जरूरी था कि उनका स्पेसक्राफ्ट कहां था. कहां है। और कहां जाएगा। उसे इस तरह ट्रैक करने के प्रोसेस को ऑर्बिट डिटरमिनेशन कहते हैं।

असम में बाढ़ का कहर जारी, 23 जिलों के 11.50 लाख लोग प्रभावित

दिसपुर। असम में बाढ़ का कहर जारी है। 23 जिलों के करीब 11.50 लाख लोग बाढ़ के कारण क्षतिग्रस्त हो गए। ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों समेत कई नदियों का जलस्तर अपने खतरे से ऊपर बह रहा है। बाढ़, भूस्खलन और भारी बारिश के कारण राज्य में अबतक 48 लोगों की मौत हो चुकी है। मंगलवार को मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने गोलाघाट जिले में स्थिति का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण करने के साथ पीड़ितों से मुलाकात भी की।

सीएम सरमा ने लिया क्षतिग्रस्त इलाकों का जायजा

सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री उपलब्ध कराने के लिए के बैठक बुलाई। बुधवार को वह अन्य जिलों में बाढ़ की स्थिति को लेकर चर्चा के लिए कैबिनेट बैठक करेंगे। बाढ़ की दूसरी लहर ने बारपेटा, बिस्वनाथ, कछार, चराइदेव, चिरांग, दरांग, धेमाजी, डिब्रूगढ़, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, कार्बी आंगलोंग, करीमगंज, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नागांव, नलबाड़ी, शिवसागर, सोनितपुर, तामुलपुर, तिनसुकिया और उदलगुरी जिलों को प्रभावित किया है। बाढ़ के कारण लखीमपुर जिला सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ। यहां 1.65 लाख लोग बाढ़ के पानी में रहने को मजबूर हैं।

कांग्रेस कार्यालय के बाहर पथराव को लेकर राहुल ने की निंदा

बीजेपी हिंदुत्व के सिद्धांतों को नहीं समझती

नई दिल्ली। लोकसभा में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं पर किए गए टिप्पणी के बाद गुजरात में भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हंगामा हुआ। अहमदाबाद में कांग्रेस पार्टी कार्यालय के बाहर दोनों गुटों के बीच पथराव भी हुआ। पार्टी कार्यालय के बाहर हुए हिंसा पर राहुल गांधी ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग कभी भी हिंदुत्व के सिद्धांतों को नहीं समझते हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इसकी निंदा करते हुए इसे कायरतापूर्ण हमला बताया।

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ÷गुजरात कांग्रेस कार्यालय पर कायरतापूर्ण और हिंसक हमला भाजपा और संघ परिवार के बारे में मेरी बात को और मजबूत करता है। हिंसा और नफरत फैलाने वाले भाजपा के लोग हिंदू धर्म के मूल सिद्धांतों को कभी नहीं समझते हैं।"

भाजपा ने लगाया आरोप

भाजपा ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन पर हमला करने का आरोप लगाया। दोनों पार्टियों ने दावा किया कि इस हमले में उनके कार्यकर्ता घायल हो गए। उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। स्थानीय टीवी चैनलों में वीडियो जारी किया, जिसमें दोनों पार्टियों के कार्यकर्ताओं को एक-दूसरे को धक्का-मुक्की करते देखा गया। वीडियो में कुछ लोगों को पथराव करते हुए भी देखा गया।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने आगे कहा, "गुजरात की जनता उनके झूठ को स्पष्ट रूप से समझती है। वह भाजपा सरकार को सबक सिखाएगी। मैं यह फिर से बोल रहा हूं, इंडी गटबंधन गुजरात में जीतेगी।" पालडी क्षेत्र में दोनों गुटों के बीच पथराव के बाद कुछ कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। गुजरात कांग्रेस के अध्यक्ष हिम्मत सिंह पटेल ने कहा कि राहुल गांधी के बयान के बाद भाजपा कार्यकर्ता हताश होकर कांग्रेस कार्यालय के बाहर हमले कर रहे हैं। वे पुलिस की अनुमति के बिना प्रदर्शन कर रहे हैं। यह गुजरात में कानून व्यवस्था के पतन का प्रमाण है।

न्यूज गैलरी

भुवनेश्वर में बीजेपी-कांग्रेस समर्थकों के बीच झड़प

भुवनेश्वर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर भुवनेश्वर में मंगलवार शाम भाजपा और कांग्रेस के समर्थक आपस में भिड़ गए। यह घटना तब हुई जब कांग्रेस के मुख्यालय के सामने भाजपा कार्यकर्ता राहुल की टिप्पणी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे थे। राज्य के भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष अभिलाष पांडा ने आरोप लगाया कि हम कांग्रेस भवन के बाहर शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे थे, तभी हमारे कार्यकर्ताओं पर पथराव किया गया। इसमें कुछ पुलिस कर्मी और पत्रकारों पर भी हमला किया गया। अभिलाष पांडा ने कहा कि हिंदुओं की भावना को ठेस पहुंचाने के लिए राहुल गांधी को बिना शर्त माफी मांगनी चाहिए।

ठाणे में महिला की हत्या के आरोप में शख्स गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र के ठाणे में 38 वर्षीय व्यक्ति को महिला की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया। व्यक्ति ने शादी के बाद मृतक के साथ संबंध बनाकर रखा था। 38 वर्षीय आरोपी व्यक्ति और 32 वर्षीय महिला का लंबे समय से ही अफेयर चल रहा था। कुछ मुद्दों पर दोनों की हमेशा लड़ाई होती थी। शिल-दाइघर पुलिस स्टेशन के एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। मंगलवार को दोनों मुंब्रा में एक लॉज में रुके। वहां दोनों के बीच फिर एक बार लड़ाई हुई। इस झगड़े के दौरान व्यक्ति ने महिला की गला घोंटकर हत्या कर दी। घटना की जानकारी पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली महिला कांस्टेबल का ट्रांसफर

चंडीगढ़। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर अभिनेत्री से नेता बनीं कंगना रनौत को थप्पड़ मारने वाली CISF कांस्टेबल कुलविंदर कौर का तबादला नहीं हुआ है। उसके खिलाफ अभी भी विभागीय जांच जारी है। सीआईएसएफ ने इस बात की पुष्टि की है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि उनका तबादला कर दिया गया है। भारतीय जनता पार्टी की सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारने के बाद सीआईएसएफ जवान का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा था। इसमें उसने थप्पड़ मारने के पीछे का कारण बताया था। वह वीडियो में यह कहते हुए दिखाई दे रही थी कि कंगना ने बयान दिया था कि 100-100 रुपये में महिलाएं किसान आंदोलन में बैठी हुई हैं। इतना ही नहीं उसने यह भी कहा कि उस वक्त मेरी मां भी किसान आंदोलन में शामिल होती थी। 7 जून को चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी चेक के दौरान कंगना रनौत के साथ यह घटना हुई। कुलविंदर कौर ने कंगना रनौत को थप्पड़ मार दिया। इसकी वीडियो काफी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हुए। थप्पड़ पड़ने के बाद कंगना काफी नाराज हो गईं। सीआईएसएफ जवान के साथ वह बहसबाजी करती हुईं भी नजर आईं। घटना के बावजूद रनौत तय समय पर अपनी फ्लाइट में सवार हो गईं।

पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना भारत

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि भारत, ब्रिटेन को पछाड़कर दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने दावा किया कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सदन को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि वर्ष 2023-24 में भारत की अर्थव्यवस्था 8.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी है।

उन्होंने आगे कहा कि चालू वित्त वर्ष में भारत की अर्थव्यवस्था में लगातार तेजी देखने को मिलेगी। भाजपा नेता ने कहा कि पूरे विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीय अर्थव्यवस्था का 15 प्रतिशत योगदान है।

कोविड-19 वैक्सीन के मुद्दे पर भी विपक्ष पर निशाना

केंद्रीय मंत्री ने कोविड-19 वैक्सीन के मुद्दे पर भी विपक्ष पर निशाना साधा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया

कि मोदी सरकार ने कोविड महामारी के दौरान लॉकडाउन लागू करने का फैसला लिया था। इस दौरान इस घातक वायरस पर लगाम लगाने के लिए दो टीकों का उपयोग करने का निर्णय भी मोदी सरकार था।

जेपी नड्डा ने कहा कि मोदी सरकार ने सुरक्षा बलों को आतंकियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने वन रैंक, वन पेंशन योजना का कार्यान्वयन सुनिश्चित किया। इसके तहत, पूर्व सैनिकों को 1.2 लाख करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस ने देश के दलितो और पिछड़ों के साथ घोर अन्याय किया गया।

देश के बुनियादी ढांचे की प्रगति पर भी जोर दिया

जेपी नड्डा ने सदन में देश के बुनियादी ढांचे की प्रगति पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि देश में सड़कों के निर्माण, गरीबों के लिए घर और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे बुनियादी ढांचों का विकास हुआ है। भाजपा नेता ने आगे कि स्वच्छता अभियान के तहत देशभर में 12 करोड़ शौचालय बनाए गए हैं। इसके अलावा करीब 80 करोड़ लोगों को मुफ्त में राशन उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा आयुष्मान भारत, दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य बीमा है, जिसका लाभ देश की 40 प्रतिशत आबादी उठा रही है। उन्होंने कहा कि इसके तहत पांच लाख रुपये तक मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की गई है। भाजपा नेता ने कहा कि भारत के बैंकिंग क्षेत्र में मजबूत सुधार देखने को मिला है।

न्यूयॉर्क में इंडिया-डे परेड में दिखाई जाएगी राम मंदिर की झांकी, 1.50 लाख लोग होंगे शामिल

वाशिंगटन। अमेरिका के न्यूयॉर्क में 18 अगस्त को इंडिया-डे परेड के मौके में अयोध्या के राम मंदिर की झांकी दिखाई जाएगी। मंदिर की झांकी 18 फीट लंबी, नौ फीट चौड़ी और आठ फीट ऊंची होगी। अमेरिका के विश्व हिंदू परिषद (वीएचपीए) के महासचिव अमिताभ मित्तल ने इसकी जानकारी दी। अमेरिका में यह पहली बार होगा जब न्यूयॉर्क में राम मंदिर की झांकी दिखाई जाएगी। न्यूयॉर्क में इंडिया-डे परेड भारत के स्वतंत्रता दिवस का सबसे बड़ा उत्सव है।

150,000 से अधिक लोग इस परेड को देखने आते हैं, जो मिडटाउन न्यूयॉर्क में ईस्ट 38वीं स्ट्रीट से ईस्ट 27वीं स्ट्रीट तक चलती है। फेडरेशन ऑफइंडियन एसोसिएशन (एफआईए) द्वारा आयोजित इस परेड में विभिन्न

भारतीय-अमेरिकी समपदाय के लोग शामिल होते हैं। वीएचपीए ने हाल ही में एक राम मंदिर रथ यात्रा का आयोजन किया, जिसमें 60 दिनों में 48 राज्यों में 851 मंदिरों का दौरा किया गया।

बता दें कि 22 जनवरी को राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। इस मंदिर को बनाने में पांच सदियां लग गईं। लगभग तीन हेक्टेयर में फैले मंदिर की अनुमानित लागत 217 मिलियन डॉलर है। यह गुलाबी बलुआ पत्थर से बना है। जटिल नक्काशी से सजा है। इसमें 46 दरवाजे हैं, जिनमें से 42 पर सोने की एक परत चढ़ी होगी। निर्माण के काम को देख रहे ट्रस्ट के एक सदस्य अनिल मिश्रा ने बताया कि मंदिर में पारंपरिक डिजाइन अत्याधुनिक तकनीक का मिश्रण है और इसे लोहे, स्टील या सीमेंट के उपयोग के बिना तैयार किया गया है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए खोल दिया गया।

बीजेपी नफरत के कारण जीती, विपक्षी पार्टियों के लिए मुसलमान सिर्फ वोट के लिए है : असदुद्दीन ओवैसी

हैदराबाद । हैदराबाद से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मंगलवार को लोकसभा में मुसलमानों के उचित प्रतिनिधित्व न होने और समुदाय के खिलाफ हिंसा को लेकर सत्तारूढ़ भाजपा और विपक्षी कांग्रेस दोनों पर निशाना साधा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए ओवैसी ने कहा कि भाजपा ÷मुसलमानों के खिलाफ नफरत÷ के दम पर चुनाव जीतती है, जबकि समुदाय के ÷तथाकथित मसीहा÷ (मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस) को 90% से अधिक मुस्लिम वोट मिलते हैं और फिर भी सदन के दरवाजे उनके लिए नहीं खोले जाते हैं। ओवैसी ने कहा कि सदन में ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) के सांसदों की संख्या अब उच्च जाति के सांसदों के बराबर है, लेकिन मुसलमान, जो देश की आबादी का 14त्न हिस्सा हैं, लोकसभा में केवल 4% हैं।इस साल लोकसभा में केवल 24 मुस्लिम सांसद चुने गए, जो 2019 से दो कम है। इनमें से 21 विपक्षी दल इंडिया गठबंधन से हैं, जिनमें कांग्रेस के नौ सांसद शामिल हैं।

सत्तारूढ़ एनडीए में एक भी मुस्लिम सांसद नहीं है।

तमिलनाडु जहरीली शराब कांड: स्टालिन सरकार पर बरसे एआईएडीएमके नेता

■ पीड़ित परिवारों से न मिलने पर लिया आड़े हाथ

चेन्नई। तमिलनाडु में अन्नाद्रमुक नेता सेल्लुर राजू ने मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन पर करारा हमला बोला है। कल्लाकुरुची शराब कांड को लेकर मुख्यमंत्री के पीड़ितों से न मिलने पर उन्होंने निशाना साधा है। वहीं उन्होंने सीबीआई जांच की अपनी पार्टी की मांग दोहराई। इस दौरान सेल्लुर राजू ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर भी दोहरा मापदंड अपनाने का आरोप लगाया और प्रधानमंत्री मोदी से हिंसा प्रभावित मणिपुर का दौरा करने की अपील की है।

राहुल गांधी पर भी बरसे

एआईएडीएमके नेता ने कहा, कि पिछले साल विल्लुपुरम में अवैध शराब पीने से 20 से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और हाल ही में कल्लाकुरिची में 60 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इस मामले में जब तमिलनाडु विधानसभा में विपक्ष के नेता एडप्पादी पलानीस्वामी ने बोलने की कोशिश की, तो उन्हें ऐसा करने की अनुमति नहीं दी गई। अभी तक मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने कल्लकुरिची शराब कांड के पीड़ितों से मुलाकात नहीं की है, लेकिन राहुल गांधी पूछते हैं कि मोदी अभी तक मणिपुर क्यों नहीं गए हैं। राहुल गांधी ने स्टालिन से यह नहीं पूछा कि वे कल्लकुरिची क्यों नहीं गए।

महिला आयोग की टीम ने पीड़ितों से की मुलाकात

इस शराब कांड पर एनसीडब्ल्यू ने पहले लोगों की मौत पर एक मीडिया रिपोर्ट का खुद संज्ञान लिया था और मामले की जांच

के लिए एनसीडब्ल्यू सदस्य खुशबू सुंदर के नेतृत्व में तीन सदस्यीय जांच समिति का गठन किया था। खुशबू सुंदर के नेतृत्व में राष्ट्रीय महिला आयोग के तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने तमिलनाडु के कल्लकुरिची जिले में नकली शराब पीने से जान गंवाने वाले पीड़ितों के परिवारों से मुलाकात की है। इससे पहले 28 जून को, भाजपा नेता अनिल एंटनी, अरविंद मेनन और सांसद जीके वासन वाले एनडीए प्रतिनिधिमंडल ने आज राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग के अध्यक्ष किशोर मकवाना से मुलाकात की और कल्लाकुरिची अवैध शराब कांड के संबंध में एक ज्ञापन सौंपा। उन्होंने अध्यक्ष से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि कल्लाकुरिची नकली शराब कांड के पीड़ितों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा और न्याय मिले। भाजपा के ज्ञापन में कल्लाकुरिची शराब कांड के अनुसूचित जाति के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए तत्काल हस्तक्षेप करने का आह्वान किया गया।

सीबीआई जांच की मांग दोहराई

वहीं अपने पार्टी की मांग को दोहराते हुए सेल्लुर राजू ने कहा कि हम कल्लकुरिची मामले की सीबीआई से जांच की मांग दोहराते हैं। हादसे में प्रशासन के ताजा आंकड़ों के अनुसार, इस शराब कांड में मरने वालों की संख्या 65 है। जबकि मौजूदा समय में, कल्लकुरिची सरकारी चिकित्सा और अस्पताल में दो लोगों का इलाज जारी है। इसमें पुडुचेरी में छह लोगों का, सलेम के सरकारी अस्पतालों में आठ लोगों समेत कुल 16 लोगों का इलाज चल रहा है।

भूख हड़ताल पर बैठे हैं पलानीस्वामी

वहीं इस शराब कांड को लेकर एआईएडीएमके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भूख हड़ताल पर बैठे हैं। उन्होंने इसकी सीबीआई जांच और डीएमके सरकार की अक्षमता को लेकर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के इस्तीफे की मांग की है।

न्यूज गैलरी

ट्रेडिंग में पैसा दोगुना कमाने का झांसा, 44 लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। शेयर ट्रेडिंग में पैसा लगाने और मुनाफा कमाने का झांसा देकर 44 लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी संजय वर्मा 44 वर्ष गोल्डन टावर अमलीडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी के पास अज्ञात मोबाइल नंबर क्रमांक 89231-07182 से कॉल आया। आरोपी ने प्रार्थी को शेयर ट्रेडिंग में पैसा लगाने पर ज्यादा मुनाफा होने का झांसा देकर अज्ञात आरोपी ने अपने खाता में प्रार्थी से 44 लाख रुपए जमा कराकर धोखाधड़ी किया है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

सूने मकान से नगदी सहित लाखों रुपए के जेवर कर दिए पार

रायपुर/नवप्रदेश। परसुलीडीह के क्लासिक सिटी स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी 1 लाख 20 हजार सहित सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अभिषेक गेंदले 32 वर्ष क्लासिक सिटी परसुलीडीह का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने प्रार्थी के सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे नकदी 1 लाख 20 हजार रुपए नकदी और सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती 9 लाख 50 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

राज्यपाल हरिचंदन से श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट धमतरी के पदाधिकारियों ने की सौजन्य भेंट

रायपुर/ नवप्रदेश। राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन से आज राजभवन में श्री जगन्नाथ मंदिर ट्रस्ट धमतरी के अध्यक्ष श्री किरण कुमार गांधी के नेतृत्व में ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने सौजन्य मुलाकात की। ट्रस्ट की ओर से राज्यपाल को प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया और 106 वां रथयात्रा महोत्सव में शामिल होने के लिए उन्हें आमंत्रण दिया। इस अवसर पर सर्वगुजराती समाज के प्रदेशाध्यक्ष श्री प्रीतेश गांधी, मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष श्री लखम सिंह भानुशाली, सहसचिव श्री मोहन अग्रवाल, श्री भरत सोनी उपस्थित थे।

मॉडल ब्लड बैंक सेंटर रायपुर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर लगाया गया रक्तदान शिविर

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित मॉडल ब्लड बैंक सेंटर में डॉक्टर्स डे के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें मेडिकल कॉलेज एवं अम्बेडकर हॉस्पिटल के डॉक्टर्स ने रक्तदान किया। इस शिविर में रक्तदाताओं से 37 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। मॉडल ब्लड बैंक इंचार्ज डॉ. विजय कापसे एवं ब्लड बैंक के सभी कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर आयोजन में अपनी भूमिका निभाई।सभी के विशेष सहयोग से रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ।

बघेरा की लक्ष्मी ने किया राज्य स्तर पर प्रदर्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। एक व दो जुलाई को राजनांदगांव जिले में आयोजित राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में शास.पू.मा.शाला बघेरा विखं राजनांदगांव की कक्षा 8वीं की छात्रा लक्ष्मी ने भी ऊर्जा संरक्षण पर आधारित मॉडल मोबाइल चार्जिंग शूज का प्रदर्शन शिक्षिका मधुलिका विश्वकर्मा के नेतृत्व में किया। इस अवसर पर प्रदर्शनी स्थल पर पहुंचकर जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहरे, विकासखंड स्रोत समन्वयक भगत सिंह ठाकुर, संकुल शैक्षिक समन्वयक गुफरान मोहम्मद सिद्दीकी एवं अमिताभ सक्सेना ने छात्रा को बधाई दी।

पहली बार किडनी की नस में सौ प्रतिशत रूकावट का लेजर एक्जाइमर विधि से एसीआई में सफल उपचार

रायपुर/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय स्थित एडवांस कार्डियक इंस्टीट्यूट (एसीआई) में 66 वर्षीय एक मरीज के किडनी को खून की आपूर्ति करने वाली बायीं धमनी में सौ प्रतिशत रुकावट तथा हृदय की मुख्य नस में 90 प्रतिशत रुकावट का एक्जाइमर लेजर विधि से सफल उपचार किया गया।

उपलब्ध मेडिकल लिटरेचर के अनुसार विश्व में लेजर एंजियोप्लास्टी द्वारा किडनी की नस के पूर्ण ब्लॉक के उपचार का यह पहला केस है। एसीआई के कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. स्मित श्रीवास्तव के नेतृत्व में हुए इस उपचार में मरीज के किडनी की धमनी यानी रीनल आर्टरी और कोरोनरी आर्टरी का एक साथ उपचार कर मरीज को रीनल फेल्योर और हार्ट फेल्योर होने से बचा लिया गया। इन दोनों इंटरवेंशनल प्रोसीजर को क्रमशः लेफ्ट रीनल आर्टरी क्रॉनिक टोटल ऑक्लूशन एवं इन स्टंट री-स्टेनोसिस ऑफ कोरोनरी आर्टरी कहा जाता है।

पहली बार मामला सामने आया

इस केस में पहली बार रीनल का 100 प्रतिशत ऑक्लूशन (रुकावट) था जिसके कारण बी. पी. कंट्रोल में नहीं आ पा रहा था। किडनी खराब हो रही थी। समय पर इलाज नहीं होता तो किडनी फेल हो जाती। डॉ. स्मित श्रीवास्तव ने केस के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए बताया कि मरीज के किडनी को खून की आपूर्ति करने वाली दोनों नसों में ब्लॉकेज था। एक में 100 प्रतिशत ब्लॉकेज/रुकावट था एक में 70-80 प्रतिशत ब्लॉकेज था। लेफ्ट रीनल आर्टरी जहां से शुरू होती है, वहीं मुख्य ब्लॉकेज था। इसके कारण खून का प्रवाह बिल्कुल बंद हो चुका था।

इसके साथ ही मरीज के हृदय की मुख्य नस में ब्लॉकेज था जिसके लिए उसको 2023 में निजी अस्पताल में स्टंट लगा था जो बंद हो चुका था। यह स्टंट पूरी तरह ब्लॉक हो गया था। इन सब समस्याओं के कारण मरीज को हार्ट फेल्योर हाइपरटेंशन, सांस लेने में तकलीफ और बी. पी. कंट्रोल में नहीं आ रहा था।

ऐसे किया उपचार

सबसे पहले लेफ्ट रीनल आर्टरी जो 100 प्रतिशत ब्लॉक थी, उसमें कठोर ब्लॉकेज होने की वजह से एक्जाइमर लेजर से उसके लिए रास्ता बनाया फिर बैलून से उस रास्ते को बड़ा किया जिससे उसमें स्टंट लगाकर उस नली को पूरी तरह खोल दिया गया और नार्मल फ्लो को किडनी में वापस चालू किया गया। ब्लॉकेज खोलने के साथ ही बी. पी. में परिवर्तन आने शुरू हुए और बी. पी. कम हो गया। इंट्रावैस्कुलर अल्ट्रासाउंड के जरिये स्टंट को देखकर यह कन्फर्म किया गया कि वह ठीक से अपने स्थान पर स्थापित हुआ है या नहीं।

पूर्व में हुई एंजियोप्लास्टी के कारण हृदय की बायीं साइड की मुख्य नस लेफ्ट एंटीरियर डिसेंडिंग आर्टरी में डाले गये स्टंट के अंदर 90 प्रतिशत से भी ज्यादा रुकावट पायी गयी। इसको भी पहले लेज़र के जरिये ब्लॉकेज खोलकर रास्ता बनाया गया। फिर बैलून करके उस रास्ते को बड़ा किया गया फिर इंट्रा वैस्कुलर अल्ट्रासाउंड के जरिए स्टंट ब्लॉकेज के क्षेत्र को देखा। चूंकि रूकावट स्टंट के साथ-साथ स्टंट के बाहर की थी, इस वजह से एक नया स्टंट डालकर उस रूकावट को खोलने का निर्णय लिया गया। एक अतिरिक्त स्टंट डालकर दोनों रुकावट का इलाज किया गया। आईवीयूएस करके पूरी प्रक्रिया की वास्तविक वस्तुस्थिति को देखा। अंततः दोनों प्रक्रिया सफल रही। मरीज अब ठीक है तथा डिस्चार्ज लेकर घर जाने को तैयार है।

श्री रावतपुरा सरकार विवि हुआ गौरवान्वित

एसआरयू के प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार गौतम को मिला 'यंग प्लांट पैथोलॉजिस्ट अवार्ड'

रायपुर/नवप्रदेश। श्री रावतपुरा सरकार विश्विद्यालय के लाइफ साइंस विभाग के सह-प्राध्यापक डॉ. सुरेंद्र कुमार गौतम द्वारा पादप रोग विज्ञान क्षेत्र में किए गए महत्वपूर्ण शोध टमाटर एवं करेले में लगने वाले सूक्ष्म निमेटोड की पहचान कर उसे भारत सरकार वाणिज्य एवं उद्योग विभाग में पेटेंट कराया गया है।

डॉ. गौतम के विशिष्ट शोध के लिए भारत की शीर्ष संस्था सोसाइटी फॉर एडवांस रिसर्च इन प्लांट साइंस (स्त्रक्क) ने 'ग्लोबल एकेडेमिक्स एक्सीलेंस अवार्ड्स 2024' द्वारा 'यंग प्लांट पैथोलॉजिस्ट अवार्ड' से सम्मानित किया गया। डॉ. गौतम को यह अवार्ड दुबई, यूएई में प्रदान किया गया।

डॉ. गौतम ने पादप रोग विज्ञान में महत्वपूर्ण शोध कार्य किए हैं, जिसमें करेला व टमाटर को संक्रमित करने वाले निमेटोड की पहचान और पृथक्करण पर विशेष रूप से उल्लेखनीय कार्य शामिल है। उनके अनुसंधान ने न केवल वैज्ञानिक समुदाय को लाभान्वित किया है बल्कि किसानों को भी उनकी फसल की उत्पादकता और गुणवत्ता में सुधार करने में मदद की है।

शिक्षण के क्षेत्र में, डॉ. गौतम ने कई छात्रों को प्रशिक्षित किया है और उन्हें उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित किया है। उनकी शिक्षण शैली और शोध में उत्कृष्टता के कारण वे छात्रों और सहकर्मियों के बीच बहुत लोकप्रिय हैं।

छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के उन्नयन व चौड़ीकरण के 18 कार्यों के लिए भारत सरकार से 3289 करोड़ का प्रावधान

- छत्तीसगढ़ में होगा राष्ट्रीय राजमार्गों का उन्नयन एवं चौड़ीकरण
- उप मुख्यमंत्री साव ने पत्रकार वार्ता में दी जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री श्री अरुण साव ने आज रायपुर के सिविल लाइन स्थित अपने निवास कार्यालय में पत्रकार-वार्ता को संबोधित किया।

उन्होंने पत्रकार-वार्ता में बताया कि भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के 253 किलोमीटर लंबाई के उन्नयन एवं चौड़ीकरण के 18 कार्यों के लिए 3289 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।

साथ ही भविष्य में प्रस्तावित 1006 किलोमीटर लंबाई के आठ कार्यों के सर्वेक्षण एवं डीपीआर के लिए 35 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ के लिए इतनी बड़ी राशि का प्रावधान करने के लिए भारत सरकार तथा केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

पुलिस विभाग में सूबेदार उनि-संवर्ग, प्लाटून कमाण्डर भर्ती की सूची जारी

रायपुर/ नवप्रदेश। माननीय उच्च न्यायालय बिलासपुर के याचिका क्रमांक-डब्ल्यूपीएस-4378/2023 में दिनांक 20-05-24 को पारित आदेश अनुसार मुख्य लिखित परीक्षा के प्राप्तांकों के आधार पर भर्ती प्रक्रिया के अग्रिम चरण (शारीरिक दक्षता परीक्षा) हेतु 370 अतिरिक्त पुरूष उम्मीदवारों का चयन किये जाने के निर्देश के क्रम में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल व्दारा सूबेदार/उपनिरीक्षक/उपनिरीक्षक (विशेष शाखा)/प्लाटून कमाण्डर के पदों हेतु चयनित 370 अतिरिक्त अभ्यर्थियों की सूची पुलिस मुख्यालय के वेबसाईट www.cgpolice.gov.in पर दिनांक 11 जून को प्रदर्शित की गयी है। शारीरिक दक्षता परीक्षा दिनांक 9 जुलाई को स्वामी विवेकानंद स्टेडियम, लक्ष्मीनारायण मंदिर के पीछे, परशुराम चौक, कोटा-रायपुर में प्रातः 7 से आयोजित की जायेगी।

तहसील कार्यालय के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर ने देखी स्थिति

लंबित राजस्व प्रकरणों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

रायपुर / नव प्रदेश / रायपुर कलेक्टर डॉ.गौरव सिंह मंगलवार को धरसींवा तहसील कार्यालय का निरीक्षण करने पहुंचे थे। कलेक्टर ने राजस्व के लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और धरसींवा तहसीलदार व नायब तहसीलदार को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही कार्य में लापरवाही पर रीडर के वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए और पटवारी के खिलाफ भी कार्रवाई के निर्देश दिए है। कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने धरसींवा तहसील में राजस्व प्रकरणों की विस्तृत जानकारी ली और पंजी-अभिलेख का अवलोकन किया। लंबित प्रकरणों की सिलसिलेवार जानकारी ली। कलेक्टर ने फाइलों को देखा और अधूरे दस्तावेज संलग्न होने पर नाराजगी जताई। कलेक्टर ने खुद कार्यालय के आलमारी को खोलकर फाइलों की पड़ताल की। इस दौरान भारी कमियां मिलने पर धरसींवा तहसीलदार जयेंद्र सिंह और नायब तहसीलदार संदीप सिंह राजपूत को शो-कॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही रीडर दिलीप घोष और मिथिलेश ध्रुव के वेतन वृद्धि रोकने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के तहत पटवारी प्रतिवेदन नहीं देने पर उरला पटवारी दिलीप नायक के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए है।

सांसद संतोष पांडेय के बयान पर आपत्ति भूपेश बघेल ने लिखी स्पीकर को चिट्ठी

रायपुर/ नवप्रदेश। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार, दो जुलाई को राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडे द्वारा संसद में महादेव ऐप पर दिए गए बयान पर आपत्ति जताई है और इस निराधार बयान की लोकसभा के अध्यक्ष से शिकायत की है. उन्होंने इस बयान के तथ्यहीन होने की शिकायत करते हुए इसे कार्यवाही से हटाने व इस पर कार्रवाई करने का अनुरोध भी किया है. श्री बघेल ने मंगलवार को ही लोकसभा के अध्यक्ष श्री ओम बिरला को लिखे पत्र में कहा है कि संसद की परंपरा के अनुरूप ऐसे व्यक्ति पर तथ्यहीन आरोप नहीं लगाना चाहिए जो संसद में मौजूद नहीं है. उन्होंने कहा है कि चूंकि संसद सदस्य संतोष पांडेय ने उन पर निराधार आरोप लगाए हैं तो माननीय अध्यक्ष को सांसद से इसके तथ्य पेश करने के लिए भी कहना चाहिए. उल्लेखनीय है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर भाग लेते हुए संतोष पांडेय ने ऑनलाइन सट्टा ऐप 'महादेव ऐप' का ज़िक्र किया था. अपने भाषण में उन्होंने आरोप लगाया था कि पूर्व मुख्यमंत्री छह हज़ार करोड़ के महादेव ऐप का संचालन कर रहे थे. अपने पत्र में श्री बघेल ने अपने कार्यकाल में महादेव ऐप पर हुई कार्रवाई का विवरण भी दिया है. उन्होंने लिखा है, सच तो यह है कि मेरे मुख्यमंत्री रहते हुए ही महादेव ऐप पर क़ानूनी कार्रवाई शुरु हुई. पूरे प्रदेश में 72 एफ़आईआर दर्ज किए गए, 150 से अधिक लोगों को गिरफ़्तार किया गया।

छत्तीसगढ़ में महिलाओं के लिए खुलेगा पिंक थाना : डिप्टी सीएम विजय शर्मा



रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में महिला सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी जिला मुख्यालयो में महिला पिंक थाने खुलेंगे। इस संबंध में विभागीय तैयारी की जा रही है। इसके लिए कार्य योजना तैयार की जा रही है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में विभागीय बैठक में महिला पिंक थाने शुरू करने की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि यह थाने महिलाओं के लिए सुरक्षित और सहयोगात्मक वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्थापित किए जाएंगे। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत 258 सड़कों की प्रगति की समीक्षा की। ये सड़कें पिछले 5-6 वर्षों से माओवादी गतिविधियों और सुरक्षा के अभाव में अपूर्ण थीं। उन्होंने इन सड़कों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने स्व सहायता समूहों के उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म पर अपलोड करने और स्वयं का भी एप्लिकेशन बनाने कहा। रीपा में मुख्य सचिव के नेतृत्व में गठित समिति की जांच के बारे में जानकारी ली और स्व सहायता समूहों के भुगतान की स्थिति की भी समीक्षा की।

बैठक में अधिकारियों को सीजीआईटी के अगले शिक्षण सत्र से प्रारंभ के लिए आवश्यक तैयारी पूरी करने और नोडल अधिकारी की नियुक्ति के निर्देश दिए। उपमुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना के आवासों को तेजी पूर्ण कराने के लिए राजमिस्त्रियों के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि इस ट्रेड को प्रशिक्षण में शामिल किया जाए। ऐसे आईटीआई जहां मेशन ट्रेनिंग के लिए पद नहीं है, वहां मेहमान प्रवक्ता से प्रशिक्षण का कार्य करवाया जाए। उन्होंने शासकीय आदर्श आईटीआई कोनी बिलासपुर की मरम्मत पर भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

अनेक योजनाओं की समीक्षा

उपमुख्यमंत्री शर्मा ने बैठक में जनमन योजना के तहत बन रहे प्रधानमंत्री आवास, मानव दिवस सृजन, प्रत्येक ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर, महतारी सदन, और तीन हजार से अधिक जनसंख्या वाले ग्राम पंचायतों में मास्टर प्लान बनाने, हमर छत्तीसगढ़ योजना को पुनः शुरू करने सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण अनुदान योजना को पुनः शुरू करने और विभाग में लंबित अनुकंपा नियुक्ति और पेंशन मामलों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए।

रोजगार ऐप के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश

उप मुख्यमंत्री शर्मा ने छत्तीसगढ़ रोजगार ऐप के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए, जिससे कभी भी, कहीं से भी रोजगार सहायता के लिए पंजीयन, नवीनीकरण और अपडेशन का कार्य ऑनलाइन किया जा सके। इस ऐप के माध्यम से आवेदकों को भौतिक सत्यापन के लिए जिला रोजगार एवं रोजगार मार्गदर्शन केंद्र आने की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदक अपनी पंजीयन पत्र को ऑनलाइन डाउनलोड कर सकेंगे और विभिन्न प्रकार की सूचनाएँ इस ऐप के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगे।

तम्बाकू नियंत्रण तंत्र को और अधिक सक्रिय करने प्रमुख विभागों के साथ राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित

रायपुर। तम्बाकू नियंत्रण की दिशा में और अधिक प्रयास एवं आने वाली पीढ़ी को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा ब्लूमबर्ग परियोजना छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 3 जुलाई को राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन एवं संचालक स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार शासन के प्रमुख विभागों के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में आबकारी विभाग, श्रम विभाग एवं परिवहन विभाग के राज्य एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित हुए। कार्यशाला में तम्बाकू के पैकेट में स्वास्थ्य चेतावनी प्रदर्शित होने के बावजूद भी लोगो द्वारा तम्बाकू का उपयोग किए जाने पर चिंता व्यक्त की गई। कार्यशाला में कोटपा-2003 सहित धूम्रपान मुक्त नीतियों के बारे में विस्तार से बताया गया तथा तम्बाकू नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के साथ श्रम विभाग, परिवहन विभाग एवम आबकारी विभाग की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया गया तथा एम्स जोधपुर द्वारा बीड़ी के प्रभावों के संबंध में किए गए अध्ययन के छत्तीसगढ़ संस्करण का विमोचन किया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के राज्य नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन द्वारा अंतरविभागीय समन्वय की आवश्यकता से अवगत कराया गया। साथ ही तम्बाकू नियंत्रण के लिए राज्य में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी देते हुए राज्य में तम्बाकू की व्यापकता के बारे में बताया गया।

राजस्व मंत्री ने की पेड़ लगाकर 'एक पेड़ मां के नाम अभियान' की शुरुआत

स्कूलों, हॉस्पिटलों एवं आंगनबाड़ियों में अभियान चलाकर किया जाएगा वृहद पौधारोपण

रायपुर/ नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को मन की बात में देशवासियों से 'एक पेड़ मां के नाम' लगाने के आह्वान पर आज राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने बलौदाबाजार के संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में नीम पेड़ लगाकर जिले में अभियान की शुरुआत किया।

उक्त कार्यक्रम का आयोजन वनमंडल बलौदाबाजार के द्वारा किया गया। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, डीएफओ मयंक अग्रवाल ने भी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर रोपण किया।

कार्यक्रम में श्री वर्मा ने स्कूली बच्चों को पर्यावरण

संरक्षण से जोड़ने के लिए एक पेड़ अपनी मां के नाम लगाने की अपील की। इसके साथ ही जिले के सभी स्कूलों, हॉस्पिटलों एवं आंगनबाड़ियों में अभियान चलाकर वृहद वृक्षारोपण करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा है कि एक पेड़ मां के नाम के आह्वान से बच्चों का पर्यावरण से जुड़ाव बढ़ेगा। इसमें पालकों और शिक्षकों को शामिल करने से निश्चित ही बड़े पैमाने पर पौधरोपण हो सकेगा। चूंकि सभी मां के नाम पर पेड़ लगाएंगे अतएव इसकी रख-रखाव भी बड़ी जिम्मेदारी से हो सकेगी।

ऐसे स्कूल जहाँ अहाता है, उनके किनारे-किनारे छायादार पेड़ जैसे नीम, गुलमोहर, करंज, अशोक, अर्जुन आदि लगाया जा सकता है। विद्यार्थी, शिक्षक तथा पालक अपने द्वारा लगाए गए पौधे का वृक्ष बनते तक पालन पोषण एवं सुरक्षा करेंगे। पौधारोपण हेतु उचित ऊँचाई के पौधे वन विभाग से प्राप्त किया जा सकता है। पौधारोपण हेतु उचित मापदण्ड के गड्ढे कराने तथा आवश्यक मात्रा में मिट्टी एवं खाद स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने कहा गया है। पौधरोपण शाला प्रवेश उत्सव के दौरान किया जाएगा। पौधरोपण के समय शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं से पौधों को सुरक्षित रखने बाबत् शपथ ग्रहण भी कराएं जाने के निर्देश दिए गए हैं।

इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते सभी एसडीएम, सीईओ, सीएमओ सहित अन्य विभागों के जिला अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहें। इस दौरान सभी अधिकारी कर्मचारियों ने भी परिसर में एक पेड़ अपनी मां के नाम पर रोपण किया।

लोक अदालतों में अधिक से अधिक प्रकरणों का हो निराकरण : चीफ जस्टिस

13 जुलाई को होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारी की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश एवं छत्तीसगढ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा की अध्यक्षता में आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों के संबंध में आज छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी तथा न्यायाधीश, छत्तीसगढ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति न्यायमूर्ति संजय के. अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थे। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से समस्त जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, सचिव, फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश, न्यायाधीश, स्थायी लोक अदालत के चेयरमेन, सीजेएम, लेबर जज बैठक में शामिल हुए।

सुविचार

बुरे लोग सिर्फ़ अच्छे लोगों को बदनाम ही कर सकते हैं वे खुद कभी अच्छा इंसान नहीं बन सकते। - अज्ञात

हाथरस हादसे से सबक लेने की जरूरत

उत्तरप्रदेश के हाथरस में नारायण साकार हरी नामक एक बाबा के प्रवचन कार्यक्रम में मची भगदड़ के कारण 121 लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए जो अभी भी अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे हैं। निश्चित रूप से यह हृदय विदारक हादसा गंभीर चिंता का विषय है। उक्त कार्यक्रम में सिर्फ 80 हजार लोगों की भीड़ लगाने की प्रशासन ने अनुमति दी थी। किन्तु वहां ढाई लाख लोगों की भीड़ जुट गई। इसकी वजह से व्यवस्था गड़बड़ाना स्वाभाविक है। प्रवचन खत्म करने के बाद जब बाबा अपनी गाड़ी में बैठकर कार्यक्रम स्थल से रवाना हुए तो उनकी गाड़ी से उठती धूल को लेने के लिए हजारों लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। इस दौरान भीड़ को नियंत्रित करने के नाम पर बाबा के सेवादारों ने भीड़ पर जमकर लाठियां बरसाई। नतीजतन एक 121 लोगों की मौत हो गई। और इस भगदड़ की वजह से बड़ी संख्या में लोग घायल हो गए। घटना के बाद से कथित बाबा फरार हैं। पुलिस ने उनके एक प्रमुख सेवादार के खिलाफ और अज्ञात आयोजकों विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हैरत की बात है कि उक्त बाबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं हुई है। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तत्काल अपने तीन मंत्रियों को तथा मुख्य सचिव और डीजीपी को हाथरस भेजा वे खुद भी घटना के दूसरे दिन हाथरस गए और इस हादसे में घायल लोगों से अस्पताल में भेंट कर उनसे घटना के संबंध में जानकरी ली। यहां तक तो सही है लेकिन सवाल यह उठता है कि ऐसे बाबाओं को इतना बड़ा मजमा लगाने की छूट आखिर कैसे मिल जाती है। जहां तक नारायण साकार हरी नामक इस बाबा का सवाल है तो इसका असली नाम सूरज पाल सिंह है। जो पहले सरकारी नौकरी में था और 26 साल पहले वह नौकरी छोड़कर बाबा बन गया। कुछ सालों के भीतर उसने उत्तरप्रदेश, हरियाणा और राजस्थान में अपने भक्तों की संख्या लाखों तक पहुंचा दी। उसने अपना विशाल आश्रम बना लिया। यहां तक कि अपनी निजी आर्मी खड़ी कर ली। जिसे उसने सेवादार का नाम दिया है। उनके ये सेवादार ही पूरी व्यवस्था संभालते हैं। प्रशासन ने इस आयोजन में गिने चुने पुलिस कर्मचारी ही भेजे थे क्योंकि बाबा के प्रमुख सेवादार ने अधिक पुलिसबल की तैनाती करने से मना कर दिया था। यही नहीं बल्कि वहां तैनात पुसिलकर्मियों को प्रवचन पंडाल के भीतर जाने से भी रोक दिया गया था। प्रमुख सेवादार के मुताबिक बाबा के सेवादार ही व्यवस्था बनाए रखने में सक्षम थे। किन्तु इन्हीं सेवादारों ने भक्तों की भीड़ पर लाठीचार्ज कर भगदड़ की स्थिति निर्मित कर दी थी। इन सभी सेवादारों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया जाना चाहिए और बाबा के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जानी चाहिए। भविष्य में ऐसी दर्दनाक घटना की पुनरावृति न हो इसके लिए भी सरकार को कारगर पहल करनी चाहिए। यह नहीं भूलना चाहिए कि लोगों की आस्था के नाम पर व्यापार करने वाले आशाराम से लेकर राम रहीम तक ऐसे ढोंगी बाबा जेल की हवा खा रहे हैं। इन फर्जी बाबाओं की नाक में नकेल कसना निहायत जरूरी है । उम्मीद की जानी चाहिए कि हाथरस के हादसे से शासन प्रशासन सबक लेगा।

लोकसभा में विपक्ष का अमर्यादित आचरण अशोभनीय

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान विपक्ष ने तो अपनी बात बेबाकी से की सत्ता पक्ष ने खामोशी से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का भाषण सुना। जहां उन्हें कोई आपत्तिजनक बात नजर आई उसका विरोध भी किया। किन्तु दूसरे दिन जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष के आरोपों का जवाब दिया तो विपक्ष ने उनके पूरे भाषण के दौरान सदन में जमकर हंगामा किया। यहां तक कि विपक्ष के कई सांसद बेल में भी पहुंच गए। विपक्ष का यह अमर्यादित आचरण निश्चित रूप से अशोभनीय कहा जाएगा। कायदे से तो जिस तरह सत्ता पक्ष ने नेता प्रतिपक्ष का भाषण शांतिपूर्वक सुना था। उसी तरह विपक्ष को भी प्रधानमंत्री का भाषण शांतिपूर्वक सुनना चाहिए था। लेकिन विपक्ष ने तो यह पहले से ही मन बना लिया था कि वे प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान शोर शराबा कर इसमें व्यवधान डालेंगे। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने हंगामा कर रहे विपक्षी साथियों को समझाइश दी। लेकिन इसका उनपर कोई असर नहीं हुआ। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला विपक्षी सांसदों की हुडदंगबाजी पर रोक लगाने में विफल रहे । जबकि राज्यसभा में वहां के सभापति जगदीश धनखड़ विपक्षी सांसदों को कड़ी फटकार लगाकर शांत कर देते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को अपनी सौम्यता छोड़नी पड़ेगी और अमर्यादित आचरण करने वाले सांसदों के खिलाफ कड़ाई बरतनी होगी अन्यथा पूरे पांच साल तक सदन में ऐसी स्थिति देखने को मिलेगी। यह भी हो सकता है कि आगे चलकर लोकसभा में ऐसी भी स्थिति निर्मित हो जाए कि उसपर नियंत्रण पाना मुश्किल हो जाए। इस बार विपक्ष बेहद मजबूत स्थिति में हैं। इसलिए वह अपनी ताकत को कंफर्म कराने के लिए इस तरह का आचरण आगे भी कर सकता है। इस आशंका को मद्देनजर रखकर लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को भी कठोर रूख अख्तियार करने के लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।

विदेशी भाषाएं: भारत के छात्रों के लिए सफलता की चाबी

रवि कुमार माँझी

भविष्य में, अंतराष्ट्रीय भाषाओं का महत्व और भी बढ़ेगा क्योंकि वैश्विक संचार, व्यापार, और शिक्षा के क्षेत्र में संचार की आवश्यकताएं और भी अधिक हो जाएंगी। इसलिए, भाषा का अध्ययन और उसकी उपयोगिता को समझना न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि वैश्विक समाज के विकास के लिए भी आवश्यक है।

निष्कर्ष

अंतरराष्ट्रीय भाषाओं का अध्ययन और उनकी उपयोगिता को समझना समय की मांग है। यह न केवल हमारी व्यक्तिगत और पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि हमें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में भी मदद करता है। भाषा के माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों को समझ सकते हैं और विश्व के विभिन्न हिस्सों के लोगों से जुड़ सकते हैं। इसलिए, हमें अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के महत्व को समझते हुए, उनके अध्ययन और उपयोग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसा करने से हम न केवल अपने देश का विकास करेंगे बल्कि एक सशक्त और जुड़ा हुआ वैश्विक समाज भी बनाएंगे।

भारत की जनगणना 2011 की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में कुल 121 भाषाएं और 270 मातृभाषाएं बोली जाती हैं। वहीं, 121 भाषाओं में से 22 भाषाओं को संविधान की आठवीं अनुसूची में शामिल किया गया है। यहाँ लगभग 52.8 करोड़ लोग हिंदी बोलते हैं। वहीं भारत में कुछ दशकों से अंतराष्ट्रीय भाषाएँ जैसे अंग्रेजी, स्पेनिश, फ्रेंच, और चीनी भाषा का महत्व अत्यधिक बढ़ गया है, विशेष रूप से शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में। ये अंतराष्ट्रीय भाषाएँ न केवल बोल-चाल का जरिया हैं, बल्कि वैश्विक संचार, व्यापार, और शिक्षा के प्रमुख उपकरण भी बन गई हैं।

शिक्षा में अंतराष्ट्रीय भाषा की भूमिका

विदेशी भाषाओँ का ज्ञान छात्रों को विभिन्न देशों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने और रिसर्च (शोध) करने की सुविधा प्रदान करता है। उच्च शिक्षा के लिए विदेश जाने वाले छात्रों को अंग्रेजी या अन्य अंतराष्ट्रीय भाषाओं की जानकारी होना बहुत जरुरी होता है क्योंकि उसी भाषा में उन्हें अंतराष्ट्रीय विश्वविद्यालयों (इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी) में पढ़ाई करने के साथ-साथ वहां की संस्कृतियों को समझने में मदद करता है।

द्विभाषिक और बहुभाषिक शिक्षा: द्विभाषिक और बहुभाषिक शिक्षा मॉडल छात्रों को विभिन्न भाषाओं में दक्षता प्राप्त करने में मदद करते हैं। इससे न केवल उनकी भाषा का विकास होता है, बल्कि यह उन्हें वैश्विक नागरिक बनने की दिशा में भी प्रोत्साहित करता है। उदाहरण के लिए, भारत में कई अंतराष्ट्रीय स्कूल और विश्वविद्यालय द्विभाषिक शिक्षा प्रदान करते हैं, जो छात्रों को एक से अधिक भाषाओं में पढ़ाते हैं।

सांस्कृतिक विविधता की समझ : अंतराष्ट्रीय भाषा सीखने से छात्रों को भारत के अलावा अनेक संस्कृतियों के बारे में जानने और समझने का मौका मिलता है। शिक्षा के माध्यम से सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा दिया जा सकता है, जो वैश्विक समाज में आवश्यक है।

रोजगार में अंतराष्ट्रीय भाषा की उपयोगिता

वैश्वीकरण के दौर में, अंतराष्ट्रीय भाषाओं का ज्ञान नौकरी में बहुत कीमती हो गया है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ और अंतराष्ट्रीय संगठनों (एमएनसी) में काम करने के लिए विदेशी भाषा का ज्ञान आवश्यक हो गया है। उदाहरण के लिए, अंग्रेजी को विश्व व्यापार की भाषा माना जाता है और अधिकांश अंतराष्ट्रीय व्यवसायिक संवाद अंग्रेजी में होते हैं। अंतराष्ट्रीय भाषा की उपयोगिता शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में अद्वितीय है। यह न केवल संचार का माध्यम है, बल्कि यह पर्सनल और प्रोफेशनल कैरियर में विकास का एक महत्वपूर्ण उपकरण भी है।

वैश्वीकरण और डिजिटल युग में, अंतराष्ट्रीय भाषाओं का ज्ञान और भी महत्वपूर्ण हो गया है। यह छात्रों को वैश्विक शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंचने, संस्कृति को समझने, और उच्च शिक्षा प्राप्त करने में मदद करता है। रोजगार के क्षेत्र में, यह पेशेवरों(वर्किंग प्रोफेशनल) को वैश्विक नौकरी बाजार में प्रतिस्पर्धा करने, व्यवसायिक संचार को सुगम बनाने, और वैश्विक नेटवर्किंग के अवसरों का लाभ उठाने में सक्षम बनाता है।

भविष्य में, अंतराष्ट्रीय भाषाओं का महत्व और भी बढ़ेगा क्योंकि वैश्विक संचार, व्यापार, और शिक्षा के क्षेत्र में संचार की आवश्यकताएं और भी अधिक हो जाएंगी। इसलिए, भाषा का अध्ययन और उसकी उपयोगिता को समझना न केवल व्यक्तिगत विकास के लिए बल्कि वैश्विक समाज के विकास के लिए भी आवश्यक है।

निष्कर्ष

अंतरराष्ट्रीय भाषाओं का अध्ययन और उनकी उपयोगिता को समझना समय की मांग है। यह न केवल हमारी व्यक्तिगत और पेशेवर क्षमताओं को बढ़ाता है बल्कि हमें वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनने में भी मदद करता है। भाषा के माध्यम से हम विभिन्न संस्कृतियों को समझ सकते हैं और विश्व के विभिन्न हिस्सों के लोगों से जुड़ सकते हैं। इसलिए, हमें अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के महत्व को समझते हुए, उनके अध्ययन और उपयोग को अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। ऐसा करने से हम न केवल अपने देश का विकास करेंगे बल्कि एक सशक्त और जुड़ा हुआ वैश्विक समाज भी बनाएंगे।

आज का इतिहास

नई दिल्ली वार्ता। 1760- मीर जाफर के बेटे मिरान की 4 जुलाई 1760 में गंडक नदी के किनारे बिजली गिरने से मौत हुई। 1789- ईस्ट इंडिया कंपनी ने 4 जुलाई 1789 में पेशवा और निजाम के साथ टीपू सुल्तान के खिलाफसंधि की। 1879- स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बासुदेव बलवंत फड़के को 4 जुलाई 1879 में गिरफ्तार कर लिया गया। 1897- प्रसिद्ध दक्षिण भारतीय स्वतंत्रता सेनानी अल्लूरी सीताराम राजू का जन्म 4 जुलाई 1897 को हुआ। 1898- भारत के भूतपूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री गुलज़ारीलाल नन्दा का जन्म 4 जुलाई 1898 को हुआ। 1916- हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध अभिनेत्री नसीम बानो का जन्म 4 जुलाई 1916 को हुआ। 1943- भाषाविज्ञान, कोश निर्माण, पाठालोचन, अनुवाद और सांस्कृतिक अध्ययन के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान करने वाले भारतीय विमलेश कांति वर्मा का जन्म 4 जुलाई 1943 को हुआ। 1945- हिन्दी फ़िल्मों के अभिनेता सुशील कुमार का जन्म 4 जुलाई 1945 को हुआ। 1963- राष्ट्रीय ध्वज को डिजाइन करने वाले स्वतंत्रता सेनानी पिंगली वेंकैय्या का निधन 4 जुलाई 1963 को हुआ। 1979- दूसरे हावड़ा ब्रिज नाम से कोलकाता में मशहूर विद्यासागर सेतु का निर्माण 4 जुलाई 1979 में शुरू हुआ।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

जैसे टूट गया हो

जैसे टूट गया हो किसी साज का तार बेआवाज हीं... जैसे किसी ने मुठ्ठियों में दिल को जकड़ दिया हो जैसे कई जख्म एक साथ उभर आए हो अंदर हीं अंदर...जब तुम मेरी निगाहों से ओझल होते हो....उफ्फ़ तुम्हारे जाने की घड़ी कितनी बेमुरव्वत होती है..।।

- रश्मि अभय

वो बचपन मे दादा जी

वो बचपन मे दादा जी के घर में पापा पापा कह के रोना आज भी याद है पापा तुमने मुझे नहलाया कौर कौर खाना खिलाया, पापा इतना प्यार दे कर के एक दिन कर दी पराई अपनी लाड़ली, क्या मेरी याद तुम्हे आती होगी? मै आज भी ऐसी अलहड़ हूँ जब द्वार तुम्हारे आती हूं फिर से वापस बच्ची बन जाती हूँ।

- सुनीता पुष्पराज पान्डेय

ख़ास पाती | लगती है वह आज भी कल की

लगती है वह आज भी,कल की सी ही बात । घर उनके था ले गया, मैं अपनी बारात ।। हुए वर्ष सैंतीस पर,लगती कल की बात । लाया था अनजान को, लेकर फेरे सात ।। वर्ष हुए सैंतीस वह, पूर्ण सभी हैं आज । वैवाहिक विश्वास का, जब पहना था ताज ।। जुड़े नेह के तार तो, बनी हमारी बात। वर्ष हुए सैंतीस अब , लेकर फेरे सात ।। बंधन है यह प्रेम का, अदभुत और अपार । हुए वर्ष सैंतीस पर, घटा न कण भर प्यार।। जोड़े हैं भगवान ने,...... ऐसे दिल के तार । दिन-दिन बढ़ता जा रहा, और हमारा प्यार।।

- रमेश शर्मा

उन वादियों में चलें, इक शाम कभी

उन वादियों में चलें, इक शाम कभी गुनगुनाते हुए झरने जिधर जाते हैं । उतरती पर्वत से , रात होले -- होले रात का हाँथ जुगनू पकड़ के आते हैं । हैं झुके उधर,आसमान चीड़ों पर चहचहाते पंछी जहां नीड़ों पर रंग फिज़ाओं में, बिखरे उमंगों के हर तरफखिले फूल, मुस्कराते हैं उन वादियों में... चांदनी रात भर रुकती मचानों पर शक होता स्वर्ग है, आसमानों पर प्यार की सुगंध सी है हवाओं में प्रीति के मधुर गीत से सुनाते हैं उन वादियों में..

- कवि अजय कुमार सिंह

पथ पर चलते -चलते कंकर

पथ पर चलते -चलते कंकर हो जाता या फिर घिसते घिसते शंकर हो जाता वो छा सकता था बनके धूल गगन में या रुक कर अवरोध भयंकर हो जाता ये अपनी करनी और अपनी ही चाल हैं कोई अशुभ तो कोई शुभंकर हो जाता

- रामकिशोर उपाध्याय

ये जो कुछ लड़कियां जिनसे छिन्न जाता है

ये जो कुछ लड़कियां जिनसे छिन्न जाता है उनका प्यार वो अकेली रहना चाहतीं हैं ताउम्र पर अकेले रहना उनका नसीब नही उन्हे बसाना पड़ता है घर बनाना पड़ता है परिवार हंसना मुस्कुराना पड़ता है और वो हंसतीं है फीकी हंसी श्रृंगार भी उनका कभी खिलता नही और जो कुछ लड़कियां करतीं हैं बनाओ श्रृंगार अपने पति को रिझाने के लिए उनके पति को दिखता नही उनका श्रृंगार टोकने पर कर देते हैं तारीफएक फीकी तारीफ बस याद करते हैं अपनी बिछड़ी प्रेयसी का श्रृंगार जिसे पहचान जातीं हैं वो लड़कियां और छोड़ देतीं हैं करना श्रृंगार और मुस्कराना भी - **प्रीति श्रावास्तव**

दर्द कितने ही सम्भालती हैं हमारी आँखें

दर्द कितने ही सम्भालती हैं हमारी आँखें हर हाल में मुस्कुराती हैं हमारी आँखें बुरा मंज़र भी देखा,दिल बंज़र भी देखा फिर भी गुनगुनाती हैं हमारी आँखें ख्वाब तुमने दिये वो खूब पाले हमने इन खज़ानों को बहुत सम्भाला हमने पिरोये अरमान जो दिल के कभी अब हिसाब चुकाती हैं हमारी आँखें ऊपर वाला बड़ी कश्मकश में था कहाँ रखूँ इन्हें इस सोच में था दर्द का ठिकाना न मिला ज़ब कहीं इसलिए बना दी ये हमारी आँखें - **माया देवांगन**

हिंदी भी कम विचित्र भाषा नहीं

हिंदी भी कम विचित्र भाषा नहीं है, अब देखो किसी व्यक्ति को डांटते हुए आम बोलचाल हिंदी भाषा में कहें ÷सुवर के बच्चे - चुल्लू भर पानी में डूब मर तो वो भड़क जायेगा आग बबूला हो जायेगा हो सकता है मारने भी दौड़े। अगर वहीं वाक्य शुद्ध हिंदी भाषा में बोले - हे वाराह पुत्र - अंजुलि भर जल में निमग्न हो जा तो हो सकता है वह कहे जी सर **- प्रशांत श्रीवास्तव**

प्रेरक प्रसंग

अपने दुःखों का कारण आप ही है

एक समय की बात है, भगवान बुद्ध एक नगर में घूम रहे थे। उस नगर के आम नागरिकों के मन में बुद्ध के विरोधियों ने यह बात बैठा दी थी कि वह एक ढोंगी है और हमारे धर्म को भ्रष्ट कर रहा है। इस वजह से वहां के लोग उन्हें अपना दुश्मन मानते थे। जब नगर के लोगों ने बुद्ध को देखा तो उन्हें भला बुरा कहने लगे और बददुआएं देने लगे। गौतम बुद्ध नगर के लोगों की उलाहने शांति से बिना बोले सुनते रहे लेकिन जब नगर के लोग उन्हें बोलते-बोलते थक गए तो महात्मा बुद्ध बोले- 'क्षमा चाहता हूं! लेकिन अगर आप लोगों की बातें खत्म हो गयी है तो मैं यहां जाऊं।' भगवान बुद्ध कि यह बात सुन वहां के लोग बड़े आर्श्चयचकित हुए। वही खड़ा एक आदमी बोला - 'ओ! भाई हम तुम्हारा गुणगान नहीं कर रहे है। हम तो तुम्हें गालियाँ दे रहे हैं। क्या इसका तुम पर कोई असर नहीं होता???' बुद्ध बोले - आप सब मुझे चाहे जितनी गालियाँ दो मैं उन्हें लूंगा ही नहीं। आपके गालियाँ देने से मुझपर कोई असर नहीं पड़ता जब तक कि मैं उन्हें स्वीकार नहीं करता। बुद्ध आगे बोले - और जब मैं इन गालियाँ को लूंगा ही नहीं तो यह कहां रह जाएगी? निश्चित ही आपके पास।

QUIZ TIME

1) भारतीय रेलवे का सबसे लम्बा रेलवे पुल कौन-सा है?

2) भारत का सबसे गहरा बंदरगाह कौन-सा है?

3) मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किस तिथि को तबला दिवस घोषित किया गया है?

4) हाल ही में अयोध्या रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर क्या रखा गया है?

5) 85वीं सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप 2023 में पुरुष एकल का खिताब हाल ही में किसने जीता है?



Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) बोगीबील ब्रिज, ब्रह्मपुत्र नदी, असम (2) विशाखापत्तनम (3) 25 दिसम्बर (4) अयोध्या धाम जंक्शन (5) मिथुन मंज

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छींक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, बक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

ऊपर से नीचे

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 106 का हल

दि	क्र	त		आ	सा	न		आ
ल		मी		खि		सी	ख	ना
	म	ज	बू	र		ह		जा
स	र्द			का		त	रा	ना
र				र	वि		ह	
प	ह	ना	ना		ना	रा	ज	
ट			क	शि	श		नी	ला
	र			का		रा		य
खा	ति	र	दा	री		त	क्ष	क

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आप जहाँ भी रहेंगे वहीं आलस्य प्रमाद फैलाएंगे। आर्थिक लाभ की उम्मीद न एक बराबर रहेगी परन्तु खर्चो में कमी लाने में सफल रहेंगे जिससे धन सम्बंधित समस्या नहीं बनेगी।

वृष : आज के दिन आपमें चंचलता अधिक रहेगी बेकार के विषयों में मन भटकेगा परन्तु निकट भविष्य में धन लाभ के प्रबल योग भी बन रहे है।

मिथुनः आपका आज का दिन सामान्य रहेगा फिर भी कार्यो को अधिक बेहतर बनाने का प्रयास अवश्य करें।

कर्कः आज के दिन आपको आकस्मिक लाभ की सम्भावनाये बन रही है। जोखिम वाले कार्यो से डर लगेगा परन्तु शीघ्र ही इसके बेहतर परिणाम मिल सकते है।

सिंहः आज आप अपने महत्त्वपूर्ण कार्यो में सफलता पाने के लिये जी जान से प्रयत्न करेंगे आरम्भ में इनमे असफलता नजर आएगी।

कन्याः आज के दिन भी अधिकांश समय परिस्थिति चिंता मुक्त रहेगी। लेकिन भ्रामक खबरों पर देख-भाल कर ही यकीन करें अन्यथा जल्दबाजी में गलत निर्णय हानि करा सकता है।

तुलाः आज के दिन आपको विविध कष्टो का सामना करना पड़ेगा।

वृश्चिक : आज के दिन व्यापारी वर्ग को लाभदायक सौदे मिलेंगे। भविष्य की योजनाओं पर भी धन का निवेश करेंगे साथ ही बचत भी कर पाएंगे।

धनुः आजका दिन आपके पक्ष में रहेगा। मन की कल्पनाएं काफी हद तक साकार होने की संभावनाएं रहेंगी।

मकरः आज के दिन आपके मन में अनेक योजनाएं बनती रहेंगी लेकिन इनको समय अथवा धन अभाव के कारण साकार रूप नहीं दे पाएंगे।

कुंभः आज के दिन आपके द्वारा लिये निर्णय प्रेमीजनों से राग द्वेष की भावना बना सकते है। स्वभाव में दिखावे की प्रवृति रहेगी।

मीनः आज का दिन प्रत्येक क्षेत्र से आनंद की प्राप्ति कराएगा। आज आपके अधिकांश कार्य पहले से निर्धारित रहेंगे जिससे दुविधा की स्थिति से बचेंगे।

आज का पंचांग

सूर्योदय : 05:47, सूर्यास्त : 19:16, चन्द्रोदय : 27:29, चन्द्रास्त : 17:04, अयन दक्षिणायन, ऋतुः वर्षा, शक सम्वतः 1946 (क्रोधी), विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल, संवत्सर : क्रोधी, संवत्सरः (उत्तर) कालयुक्त, युगाब्द : (कलि संवत) 5126, मास : आषाढ, पक्ष : कृष्ण, *तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : मृगशीर्षा, योग : गण्ड, प्रथम करण : तैतिल (07:10 तक), द्वितीय करण : गर (18:29 तक)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मिथुन, चंद्र : वृष, मंगल : मेष (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : कर्क (उदित, पूर्व, वक्री), गुरु : वृष (उदय, पूर्व, मार्गी), शुक्र : मिथुन (अस्त, पूर्व, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री), राहु : मीन, केतु : कन्या।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त, राहुकाल : 15:00 से 16:30, यमगण्ड : 07:28 से 09:09, दुर्मुहूर्त : 12:04 से 12:58, अमृत काल : 25:05 से 26:33, सर्वार्थसिद्धि योग पूरे दिन, विजय मुहूर्त : 14:41 से 15:38, गोधूलि मुहूर्त : 19:21 से 19:41, सायाह्न सन्ध्या :19:22 से 20:22, निशिता मुहूर्त : 24:01 से 24:41, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : उत्तर,नक्षत्र शूल : पश्चिम (28:07 तक), अग्निवास : पृथ्वी (07:10 तक)।

न्यूज गैलरी

आरटीई के तहत पंजीयन 9 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में आरटीई पोर्टल के माध्यम से आनलाईन आवेदन एवं भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत प्रवेश की प्रक्रिया एवं आनलाईन पद्धति के संबंध में विस्तृत जानकारी RTE.cg.nic.in से प्राप्त की जा सकती है। आरटीई धारा 12 के तहत प्राइवेट स्कूलों के 25 प्रतिशत सीटें आरक्षित है, जिसमें प्रवेश के लिए जन्म प्रमाण पत्र, माता-पिता या अभिभावक का पता और पहचान, बीपीएल सर्वे सूची या सामाजिक एवं आर्थिक जातिगत जनगणना सर्वेसूची 2011 में नाम, जाति प्रमाण पत्र जैसे दस्तावेज आवश्यक है। डीईओ ने बताया कि प्रथम चरण के स्कूल दाखिला प्रक्रिया की अंतिम तिथि 7 जुलाई 2024 तक है। इसके पश्चात द्वितीय चरण में छात्र पंजीयन (आवेदन) 9 जुलाई से 14 जुलाई, दस्तावेजों की जांच 15 जुलाई से 21 जुलाई, लॉटरी एवं आबंटन 23 जुलाई से 26 जुलाई, स्कूल दाखिला प्रक्रिया 29 जुलाई से 11 अगस्त एवं वर्ष 2023-24 के लिए ऑनलाईन दावा प्रक्रिया की तिथि 19 अगस्त से 18 सितम्बर 2024 तक निर्धारित की गई है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए आवेदन 17 तक

बिलासपुर/नवप्रदेश। एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन मंगाए गए है। विकासखण्ड तखतपुर अंतर्गत ग्राम टिकरी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के पद पर 17 जुलाई तक आवेदन कर सकते है। इच्छुक आवेदिका कार्यालयीन समय में स्वयं उपस्थित होकर या पंजीकृत डाक के माध्यम से आवेदन कर सकते है। कार्यकर्ता हेतु कक्षा 12वी उत्तीर्ण एवं 18 से 44 वर्ष तक के आवेदक ही पात्र होंगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के आवेदन फॉर्म एवं रिक्त पद की संपूर्ण जानकारी हेतु एकीकृत बाल विकास परियोजना तखतपुर में सवेरे 11 बजे से शाम साढ़े 5 बजे तक प्राप्त कर सकते है।

निकायों में जनसमस्या निवारण शिविर 10 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। शहरी नागरिकों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए बिलासपुर नगर निगम सहित सभी नगरीय निकायों में विशेष जनसमस्या निवारण शिविर लगाये जाएंगे। ये शिविर 10 जुलाई से शुरू होकर 10 अगस्त तक लगभग एक माह तक विभिन्न वार्डों में आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने नगरीय निकाय के अधिकारियों की बैठक में आज इसके लिए एक कार्ययोजना बनाकर तैयारी शुरू करने को कहा है। उन्होंने कहा कि शिविरों में शहरी नागरिकों की प्रमुख पांच समस्याओं के निदान पर जोर रहेगा। इनमें सड़कों की साफ-सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाईट, राशन कार्ड एवं सड़कों की मरम्मत शामिल हैं। इसके अलावा इन शिविरों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयुष्मान कार्ड बनाने के साथ ही सिकल सेल जांच की सुविधा भी रहेगी। शिविर में स्थानीय पार्षदों एवं जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाये। शिविर में यथासंभव समस्याओं के तत्काल समाधान का प्रयास किया जायेगा। शिविर में मिले समस्याओं के निदान होने तक समीक्षा भी की जायेगी। कलेक्टर ने शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए है। बैठक में नगर निगम आयुक्त अमित कुमार सहित एसडीएम एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारी उपस्थित थे।

कूर्मी क्षत्रिय चेतना मंच की बैठक 7 को

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कूर्मी क्षत्रिय चेतना मंच की बैठक गया सदन सरकंडा में हुआ। अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष लक्ष्मी गहवई ने की। कोषाध्यक्ष देवी चंद्राकर की ओर से महासचिव डॉ. विश्वनाथ कश्यप ने आय-व्यय लेखा वित्तीय वर्ष 2022-23 व 2023-24 का प्रस्तुत किया। जिसका पदाधिकारियों ने अनुमोदन किया। इस अवधि का आडिट कराने के लिए पुरुषोत्तम कश्यप को अधिकृत किया गया। बैठक में 7 जुलाई को वन चेतना केंद्र सकरी में छत्तीसगढ़ सर्व कूर्मी समाज के 27 फिरका प्रमुखों, संगठन पदाधिकारियों के क्षमता विकास कार्यशाला कार्ययोजना व संगोष्ठी आयोजित करने जानकारी दी गई। समाज में रूढ़िवादी के बाधक तत्व पर चर्चा, वैज्ञानिक सोच रखने वाले प्रगतिशील समाज के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, आर्थिक समृद्धि लाने युवाओं एवं महिलाओं की भागी सुनिश्चित करने जैसे महत्वपूर्ण विषय लिए गए है।

वरिष्ठ नागरिकों को मिलेगा सियान जतन योजना का लाभ

बिलासपुर/नवप्रदेश। ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक अनुभव भवन में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. प्रभात श्रीवास्तव व विशिष्ट अतिथि नोडल अधिकारी वैष्णव, दुर्ग पद्मनाभपुर वरिष्ठ नागरिक संघ के अध्यक्ष लाल चंद जैन रहे। स्वागत उद्बोधन अध्यक्ष अरविन्द दीक्षित ने दिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने सियान जतन योजना के विषय में जानकारी दी। वरिष्ठजनों के लिए यलो कार्ड जारी करने की बात कही। यलो कार्ड सुविधा से वरिष्ठजनों को शासकीय अस्पताल में लाइन में नहीं लगना पड़ेगा। निशुल्क दवाइयां भी दी जाएगी। नोडल अधिकारी वैष्णव ने बताया कि इस समय नगर में प्रथम बुधवार तीन केंद्रों में वरिष्ठजनों को सुविधा दी जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य नगरीय ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले बुजुर्गों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना है। अध्यक्ष की मांग पर सीएमएचओ डॉ. श्रीवास्तव ने घोषणा की कि अनुभव भवन बृहस्पति बाजार में भी तृतीय बुधवार सियान जतन के माध्यम से हेल्थ कैंप लगाया जाएगा। विशिष्ट अतिथि लालचंद जैन ने भी दुर्ग की गतिविधियों से अवगत कराया।

क्रिप्टो करंसी में फायदा देने का झांसा, इंजीनियर से 10 लाख की ठगी

सकरी थाना का मामला, किश्तों में जमा कराए 10.88 लाख

बिलासपुर/नवप्रदेश। आसमा सिटी निवासी एक इंजीनियर क्रिप्टो करंसी में फायदा कमाने के चक्कर में 10 लाख रुपए ठगी का शिकार हो गया। इंजीनियर की शिकायत पर पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। मामला सकरी थाना क्षेत्र का है। आसमा सिटी निवासी आकाश डांगे 28 वर्ष इंजीनियर है। उन्हें वाट्सएप पर एक लिंक मिला, जिसमें क्रिप्टो करंसी ट्रेडिंग कर फायदा कमाने के बारे में बताया गया। जिसके बाद उन्हें टेलीग्राम के एक रूप में जोड़ा गया। इस रूप में एक टीचर था, जो बाकि सदस्यों को क्रिप्टो करंसी ट्रेडिंग सिखाता था। साथ ही क्रिप्टो करंसी में पैसे निवेश करने के लिए कहता।

शुरुआत में इंजीनियर ने पहले एक हजार रुपए का निवेश किया। इसके बदले में उन्हें 13 सौ रुपए दिए गए। बाद में उन्होंने तीन हजार रुपए लगाए तो 3 हजार 900

रुपए मिले। उन्हें यह मुनाफा एक वेबसाइड पर बनाए एकाउंट में ही दिख रहा था। इसे सच मानकर इंजीनियर ने 1500 रुपए और निवेश किए। इस बार उनका खाता फ्रीज बताने लगा। अपने रुपये वापस पाने के लिए इंजीनियर ऑनलाइन पूछताछ की तो 39 हजार रुपए जमा करने के लिए कहा गया। साथ ही पूरी रकम एक साथ वापस होने की बात कही गई। रकम जमा करने के बाद जालसाजों ने इंजीनियर को अलग-अलग बहानों से रुपए जमा करने के लिए कहा। झांसे में आए इंजीनियर ने अलग-अलग कर 10 लाख 88 हजार रुपए जमा कर दिए। इसके बाद भी उनके रुपए वापस नहीं मिले। तब उन्हें धोखाधड़ी की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने पुलिस से शिकायत की। उनकी रिपोर्ट पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

8 से हो सकती है झमाझम बारिश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मानसून की सक्रियता बढ़ गई है। लिहाजा, मौसम भी ठंडा हो गया है। मंगलवार को पूरे दिन बदली छाई रही और बारिश की स्थिति बनी रही। अब दिन का तापमान सामान्य से 4.2 डिग्री कम हो गया है। मौसम विभाग ने बुधवार को भी संभाग में बारिश की संभावना जताई है। 8 जुलाई से संभाग में झमाझम बारिश होने की संभावना है। मौसम वेधशाला के मौसम विज्ञानी डॉ. एचपी चंद्रा के मुताबिक देशभर में अब दक्षिण पश्चिम मानसून सक्रिय हो गया। एक द्रोणिका उत्तर पूर्व मध्य प्रदेश से असम तक 0.9 किमी ऊंचाई तक विस्तारित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण पूर्वी बिहार के ऊपर 3.1 किमी से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। बिलासपुर समेत प्रदेश में 5 जुलाई को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने या गरज-चमक के साथ छींटें पड़ने की संभावना है। एक दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी वर्षा होने, गाज गिरने और अंधड़ चलने की संभावना है। भारी वर्षा का क्षेत्र सरगुजा संभाग के जिले और उससे लगे बिलासपुर संभाग के जिले संभावित है।

निगम कमिश्नर अमित कुमार ने स्मार्ट सिटी के तहत जारी निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

निर्माण कार्यों की गति तेज करें,सभी कार्य जल्द पूरा करें: कमिश्नर

बिलासपुर/नवप्रदेश। मार्ट सिटी परियोजना के अंतर्गत बिलासपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा जारी विभिन्न विकास कार्यों का निगम कमिश्नर एवं एमडी अमित कुमार ने आज निरीक्षण किया। इस दौरान सभी निर्माण कार्यों को तेज गति से करते हुए शीघ्र पूरा करने के निर्देश ठेकेदार और अधिकारियों को दिए। परियोजना के तहत संजय तरण पुष्कर परिसर में बनाए जा रहे स्पोर्टस कॉम्पलेक्स,मिनोचा कालोनी रोड और गार्डन,टाउनहाल नवीनीकरण और सिम्स सौंदर्यीकरण के कार्यों को 31 जुलाई तक पूरा कर हैंडओवर करने के निर्देश दिए है। एमडी अमित कुमार द्वारा आज सुबह स्मार्ट सिटी योजना के तहत चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया गया। सबसे पहले एमडी श्री कुमार ने संजय तरण पुष्कर परिसर में जारी स्पोर्टस कांप्लेक्स के कार्यों का निरीक्षण किया। लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुके स्पोर्टस कांप्लेक्स के बचे हुए फिनिशिंग कार्य को 31 जुलाई तक पूरा करने को एमडी श्री अमित कुमार ने कहा,जिसमें एसीपी वर्क,बैडमिंटन कोर्ट का कार्य,सड़क,बाउंड्रीवाल और रंग रोगन के कार्य शामिल है। इसी तरह मिनोचा कालोनी के पास अतिक्रमण को हटाकर बनाई गई नई सड़क के किनारे फूटपाथ और ड्रेनेज सिस्टम, नाली के उपर स्लैब और डिवाइडर में बनाए जाने वाले मिनी उद्यान के कार्य को भी 31 जुलाई तक पूरा करने के निर्देश दिए है,इसके अलावा रोड के बीच में लगे बिजली के पोल को शिफ्ट करने सीएसईबी से समन्वय कर जल्द प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए तथा सड़क से मलबा हटाने को भी कहा।ऐतिहासिक टाउनहाल को स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत उन्नयन कर संवारने का कार्य किया जा रहा है,जिसके तहत पुरातत्व संग्रहालय वाले भवन को तेज गति से सुधारने और नवीनीकरण करने के निर्देश दिए।

डायरिया से बचाव के लिए निगम का सघन अभियान

जल, स्वास्थ्य व जोन की टीम तैनात, पूरे क्षेत्र में सफाई शुरु

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम सीमा क्षेत्र के सकरी स्थित अटल आवास में डायरिया की खबर मिलते ही निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर नगर निगम की टीम ने बचाव और रोकथाम के लिए सघन अभियान शुरू कर दिया था। प्रभावित क्षेत्र में नगर निगम द्वारा जल विभाग,स्वास्थ्य और जोन कार्यालय की पूरी टीम को तैनात किया गया है । टीम प्रभावित क्षेत्र के प्रत्येक घरों में जाकर सर्वे कर रही है, घरों में क्लोरो सेफ लिक्विड का वितरण, साफ-सफाई लगातार किया जा रहा है । डायरिया की खबर मिलने के बाद कल शाम से ही नगर निगम द्वारा बचाव के लिए प्रयास शुरू कर दिया गया था। प्रभावित क्षेत्र के हर घर में क्लोरो सेफ लिक्विड बांटा जा रहा है जिसे पानी में मिलाकर पीने के लिए समझाइश दी जा रही है। इसके अलावा निगम के जल विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र के जहां से मरीज मिले है वहां का पानी का सैंपल लिया गया है,जिसे जांच के लिए लैब भेजा गया है। निगम कमिश्नर ने पूरे क्षेत्र में विशेष ध्यान देने, साफ-सफाई और क्लोरिन टेबलेट का वितरण तथा घरों में जाकर किसी के बीमार होने का पता लगाने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा पाइप लाइन की लगातार मानिटरिंग के भी निर्देश अधिकारियों को दिए है ताकि किसी भी प्रकार का कोई लीकेज ना हो।

पानी में क्लोरिन और उबालकर पीने की समझाइश

नगर निगम द्वारा कल से ही आवास परिसर में क्लोरिन लिक्विड और जिंक टेबलेट का वितरण किया जा रहा है। टीम द्वारा घर-घर जाकर लोगों को पानी उबालकर पीने, क्लोरिन को पानी में मिलाकर 20 मिनट बाद पीने तथा ओआरएस का घोल समय-समय पर पीने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

सफाई और पानी की टेस्टिंग लगातार जारी

सकरी स्थित अटल आवास में साफ-सफाई का कार्य भी लगातार जारी है, सड़क, नाली और घरों के आस-पास विशेष तौर पर सफाई की जा रही है ताकि किसी भी प्रकार का संक्रमण ना फैले। ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और पूरे क्षेत्र को सेनेटाइज किया जा रहा है। आज आवास के पानी टंकी की भी सफाई की गई है।

पीएम किसान सम्मान पाने वाले किसानों का केसीसी कार्ड बनाने चलेगा विशेष अभियान

कलेक्टर ने बैंक अधिकारियों को दिए निर्देश

डीएलसीसी की मीटिंग में बैंकों के जरिए संचालित शासकीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ पाने वाले सभी किसानों का केसीसी कार्ड बनाया जायेगा। अगले तीन महीने के भीतर अभियान छेड़कर उन्हें कार्ड उपलब्ध कराया जायेगा। लगभग 51 हजार की संख्या में सम्मान निधि का लाभ ले रहे किसानों का अब तक केसीसी नहीं बन पाया है। कलेक्टर अवनीश शरण ने जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) की बैठक में इस आशय के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकर्स एवं अधिकारियों को इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने को कहा है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान सहित आरबीआई, नाबार्ड सहित स्थानीय बैंक एवं लाईन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैंक विहीन गांवों में बैंक खोलने संबंधी पूर्व के निर्णय का पालन नहीं किये जाने पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने इस माह के अंत तक शाखा खोलने की प्रक्रिया पूर्ण कर सूचित करने को कहा है। गौरतलब है कि पिछले साल जिले के चिन्हांकित 13 गांवों में बैंक शाखा खोलने विभिन्न बैंकों को लक्ष्य आवंटित किया गया था। इनमें केवल दगोरी एवं सेन्द्री में ही शाखा खुला है। शेष ग्रामों-पौंसरा, सेमरताल, निरतु (मस्तुरी) भरनी, तेन्दुआ, नवागांव, करमा, बुटेना मझगवा, सोनपुरी एवं करवा में नहीं खुला है। कलेक्टर ने बैठक में बैंकों के सहयोग से संचालित सरकारी योजनाओं में स्वीकृति एवं ऋण वितरण की समीक्षा की। उन्होंने स्वीकृति प्रदान करने में अनावश्यक विलंब नहीं करने के निर्देश दिए। प्रकरणों को महीनों तक बैंक में नहीं लटकाया जाए। कलेक्टर ने सभी बैंकों को आरबीआई द्वारा निर्धारित सीडी रेशियों का पालन करने को कहा है। बैंकों में स्थानीय लोगों द्वारा जमा कराये गये रकम का 60 प्रतिशत लोन स्थानीय लोगों में ही बांटने का प्रावधान आरबीआई ने किया है। उन्होंने अजा, जजा, महिला एवं किसान लोगों को ऋण वितरण में प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। बैठक में आरसेटी की गतिविधियों की समीक्षा की गई। जिले की वार्षिक ट्रेड प्लान का अनुमोदन किया गया। जिला पंचायत सीईओ रामप्रसाद चौहान ने सभी बैंकर्स से आवंटित लक्ष्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में नाबार्ड की ओर से एफपीओ की गतिविधियों पर आधारित प्रस्तुतिकरण दिया गया। उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में आरबीआई के सीजीएम पी.गोपीनाथ, नाबार्ड के डीडीएम अशोक साहू, लीड बैंक अधिकारी श्री उरांव सहित बैंक एवं लाईन विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान की अपने घर से की शुरुआत

बिलासपुर/नवप्रदेश। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत कलेक्टर अवनीश शरण ने अपनी माता के साथ मिलकर कलेक्टर निवास परिसर में नीम का पौधा लगाया। उन्होंने सभी आम और खास लोगों से इस महा अभियान में हिस्सेदारी निभाते हुए अपनी मां के नाम पर पौधा लगाने की अपील की है।

पार्टी विरोधियों के निष्कासन की मांग

शिवरतन शर्मा मस्तूरी की समीक्षा बैठक में हुए शामिल

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा बिलासपुर के मस्तूरी विधानसभा की समीक्षा बैठक में भाजपा नेता पूर्व भाटापारा विधायक शिवरतन शर्मा ने भाग लिया। बैठक में मस्तूरी विधानसभा के कोर कमेटी के सदस्य और चुनाव प्रबंधन समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। शिवरतन शर्मा ने विधान सभा संयोजक बी पी सिंह से विधानसभा की पूरी जानकारी ली इसके पश्चात सभी मंडलों की एक-एक करके समीक्षा की और पार्टी की स्थिति का जायजा लिया। सभी मंडल अध्यक्ष से विस्तार से चर्चा की गई। इस बैठक में मस्तूरी के पूर्व विधायक डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी और बिलासपुर भाजपा जिला अध्यक्ष रामदेव कुमावत भी उपस्थित थे।

बैठक में पार्टी की आगामी नगरीय और पंचायत चुनाव संबंधित रणनीति और संगठन को मजबूत करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। सदस्यों ने पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों को पार्टी से निष्कासित किया जाना चाहिए ताकि संगठन में अनुशासन और एकजुटता बनी रहे। डॉ. कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में विधान सभा जीते है और 1600 से ज्यादा मतों से लीड किए। शिवरतन शर्मा ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित और संगठित पार्टी है और किसी भी प्रकार की अनुशासनहीनता को सहन नहीं किया जाएगा। बैठक में संगठन को मजबूत करने, आगामी चुनावों की तैयारियों और स्थानीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। सभी उपस्थित नेताओं ने पार्टी को मजबूत करने और आगामी चुनावों में विजय हासिल करने के लिए एकजुट होकर काम करने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में शिवरतन शर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया और उन्हें आगामी चुनौतियों के लिए तैयार रहने का आह्वान किया।

लांच | पर्यावरण की शुद्धता के साथ सर्विस भी अच्छी

महिंद्रा का सीपीसीबी 4+ जनरेटर बिलासपुर में हुआ लॉन्च

बिलासपुर/नवप्रदेश। पर्यावरण के गाइडलाइन के अनुसार निम्रितमहिंद्रा पावरोल की अधिकृत जीओईएम शारदा डीजल प्राइवेट लिमिटेड ने आज छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में अपना सीपीसीबी 4+ डीजल जेनसेट लॉन्च किया।

सीपीसीबी4+ जेनसेट का निर्माण 10kVA से 320kVA तक रांची, झारखंड में शारदा डीजल के प्लांट में किया जाता है। इन इंजनों को चेन्नई में महिंद्रा रिसर्च वैली में इसके अनुसंधान एवं विकास केंद्र में डिजाइन किया गया है एव पुणे और नागपुर में इसके संयंत्र में निर्मित किया गया है। सीपीसीबी 4+ (10VA-320kVA) की यह नई रेंज महिंद्रा पावरोल का नवीनतम संयोजन है जो पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा घोषित नवीनतम उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप है। ये जेनसेट तकनीकी रूप से उन्नत सीआरडीआई इंजन से सुसज्जित हैं। सीआरडीआई इंजन बेहतर और उन्नत कॉमन रेल डीजल इंजन (सीआरडीई) तकनीक से संचालित होते हैं। सीआरडीई तकनीक भविष्य के लिए तैयार है और भारी शुल्क प्रदर्शन और ईंधन दक्षता के लिए जानी जाती है। यह मानक उत्सर्जन मानदंडों से परे जाकर प्रदूषण को काफी कम करता है। सीपीसीबी 4+ मानदंडों का लक्ष्य नाइट्रोजन ऑक्साइड (NO_x), पार्टिकुलेट मैटर (PM), और हाइड्रोकार्बन (HC) जैसे प्रदूषकों के उत्सर्जन को 90 प्रतिशत तक कम करना है। यह पर्यावरण के अनुकूल और स्वच्छ है, स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, उन्नत प्रौद्योगिकी है, ईंधन कुशल है और ग्राहकों के लिए लागत बचत है।आज का लॉन्च सीपीसीबी 4 + डीजल जनरेटर में प्रवेश का प्रतीक है। उपभोक्ताओं को उन्नत और सुलभ तकनीकों की पेशकश करना महिंद्रा का निरंतर प्रयास है, नवीनतम तकनीक के साथ 10kVA-320kVA डीजी की बिल्कुल नई रेंज इस दर्शन की गवाही देती है। यह भविष्य के लिए तैयार तकनीक कम परिचालन लागत पर कम उत्सर्जन और उच्च प्रदर्शन प्रदान करने के लिए तैयार है, जिससे ग्राहक केंद्रितता में मानक बढ़ जाएगा। महिंद्रा पावरोल डीजी सेट भारत में सबसे व्यापक सेवा नेटवर्क द्वारा समर्थित है। ग्राहक को तत्काल सहायता प्रदान करने के लिए नेटवर्क बहुत अच्छी तरह से सुसज्जित है। विशेषज्ञों की टीम ग्राहक को कम से कम समय में मदद करने के लिए सबसे इष्टतम और उपयुक्त समाधान चुनने में मदद कर सकती है।

न्यूज गैलरी

इंद्रावती नदी में बहे तीन युवक

जगदलपुर/नवप्रदेश। चित्रकोट जलप्रपात के पास स्थित मिनी गोवा घूमने गए इंद्रावती नदी के तेज बहाव में फंस गए। चित्रकोट वॉटरफॉल्स के पास मिनी गोवा में युवकों का रेस्क्यू मिनी गोवा घूमने गए तीन युवक बाढ़ में फंसे। चित्रकोट जलप्रपात से करीब 3 किलोमीटर आगे मिनी गोवा नामक पर्यटन स्थल बनाया गया है। मानसून में इंद्रावती नदी पूरे शबाब पर रहती है, लिहाजा इसे देखने दूर दूर से पर्यटक यहां पहुंचते हैं। मंगलवार शाम को यहां 3 युवक घूमने पहुंचे थे। नदी में नहाने के दौरान शाम 6 बजे करीब एक युवक नदी में बहने लगा। उसे बचाने दो और युवक नदी में उतर गए. कुछ ही देर में तीनों युवक नदी के तेज बहाव में फंस गए। मिनी गोवा में मौजूद कुछ लोगों ने स्थानीय पुलिस को फोन कर युवकों के बहने के बारे में बताया। एसडीआरएफ को भी सूचना दी गई। टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया गया।

बचाए गए तीनों युवक

एसडीआरएफ के डिस्ट्रिक कमांडेंड संतोष मार्बल ने बताया कंट्रोल रूम से चित्रकोट वॉटरफॉल के पास बने मिनी गोवा पर तीन लोगों के फंसे होने की सूचना मिली। जिसके बाद एसडीआरएफ जवान अपने उपकरणों के साथ पहुंचे। चित्रकोट वॉटरफॉल में पहुंचकर सर्चिंग अभियान चलाया गया। सर्चिंग के दौरान अंधेरा, पथरीला रास्ता और जंगल झाड़ी होने के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद रात 12 बजे तीन युवकों को नदी से निकाला गया। तीनों युवक रायपुर के बताये जा रहे हैं। सभी युवक सुरक्षित हैं। तीनों युवकों की उम्र 20 से 25 साल है। उनके नाम चेतन बघेल, लखेश्वर बघेल और नितेश कुमार कुर्रे को रेस्क्यू करके सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया है।

कलेक्टर जनदर्शन फिर से शुरु

कांकेर/नवप्रदेश। जिला कार्यालय में कलेक्टर जनदर्शन पुनः प्रारम्भ हो गया है। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में जिले के आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर से मुलाकात की। प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में चारामा विकासखण्ड के ग्राम जेपरा निवासी रोहित कुमार, ग्राम कुरूभाट से श्रीमती अनूपा बाई तथा कांकेर के भावसिंग नगर झुनियापारा से लक्षन्तीन यादव, राजापारा कांकेर से श्रीमती मीनाक्षी तिवारी, एकता नगर ठेलकाबोड़ से सुलोचना सोनी और जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज के सभी सफाई कर्मचारियों की ओर से आवेदन प्राप्त हुए हैं।

पहली पत्नी के रहते सरकारी डाक्टर ने की दूसरी शादी

दहेज के नाम पर करता था प्रताड़ित, पीड़िता की छुड़ाई थी सरकारी नौकरी, न्याय की आस में सीएमएचओ कार्यालय में खोला मोर्चा

कांकेर/नवप्रदेश। रीति रिवाज के साथ सात फेरे लेकर जीवन भर साथ निभाने का वचन को साल भर नहीं हुआ और पत्नी के होते हुए बिना तलाक़ दिए दूसरी शादी कर दोनों को धोखा देने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला एवम उनके परिजनों ने 3 जुलाई को कांकेर के सीएमएचओ कार्यालय पहुंचकर अमोड़ा में पदस्थ शासकीय चिकित्सक के खिलाफ कार्यवाही की गुहार लगाई है।

पीड़िता ने बताया कि कांकेर जिले के अमोडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ शासकीय डॉक्टर मिथलेश सोरी ने पहली पत्नी के रहते दूसरी शादी रचाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दूसरी पत्नी की पुत्री होने के बाद पहली पत्नी को अपने शासकीय चिकित्सक पति की कारगुजारियों का पता चला। अब पहली पत्नी ने अपने पति के खिलाफ शिकायत की है। महासमुंद निवासी डिगेश्वरी का हिंदू रीति रिवाज से 26 मई 2023 को कांकेर जिले के अमोड़ा में पदस्थ शासकीय चिकित्सक डॉ मिथलेश के साथ विवाह संपन्न हुआ। युवती के परिजनों ने अपने हैसियत के अनुसार वर पक्ष को दहेज भी दिया। शादी के कुछ दिनों तक सब ठीक ठाक रहा। बाद इसके शासकीय चिकित्सक पति डा मिथलेश ने अपनी पत्नी डिगेश्वरी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 13 अक्टूबर 2023 को डॉ मिथलेश के द्वारा अपने शासकीय आवास में अपनी पत्नी के साथ बर्बरता से मारपीट किया। 9 महीने बाद 5 फरवरी 2024 को डा मिथलेश ने डिगेश्वरी के साथ पुनः मारपीट की और उसे अपने मायके महासमुंद चले जाने कहा। युवती ने प्रताड़ना सहते हुए भी चिकित्सक का साथ नहीं छोड़ी। डाक्टर की दूसरी शादी होने की जानकारी मिलने के बाद वह महासमुंद वापस आ गई। इधर अब डिगेश्वरी ने अपने चिकित्सक पति के खिलाफ न्यायालय थाना , तथा चिकित्सक विभाग पहुंचकर शिकायत करते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पत्नी पर सरकारी नौकरी छोड़ने का बनाया दबाव

महासमुंद निवासी डिगेश्वरी शादी से पहले महासमुंद जनपद पंचायत में वर्ग 03 के पद पर कार्यरत थी। इसी दौरान चिकित्सक डा मिथलेश के संपर्क में आई। चिकित्सक ने शादी का झांसा देकर युवती से मेलजोल बढ़ाया। हिंदू रीति रिवाज से शादी भी रचा ली। शादी के बाद चिकित्सक ने डिगेश्वरी को सरकारी नौकरी छोड़ने के लिए शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया। प्रताड़ना से तंग आकर डिगेश्वरी ने नौकरी से इस्तीफा दिया और अपने चिकित्सक पति के साथ रह रही थी।

डॉक्टर मिथलेश ने बिना तलाक़ लिए दुसरी शादी किया है। मैं शादी से पहले जनपद पंचायत महासमुद में वर्ग 03 में कार्यरत थी। शादी के बाद मुझसे मारपीट करते हुए दबाव पूर्वक नौकरी से इस्तीफा दिलवा दिया गया। नौकरी छोड़ने के बाद दहेज़ के लिए प्रताड़ित किया जाता था। मुझे मारपीट कर मेरे घर महासमुंद छुड़वा दिया गया और बिना सूचना दूसरी शादी कर ली। मुझे न्याय चाहिए।

डीगेश्वरी , पीड़ित महिला

डाक्टर ने आर्य समाज में की दूसरी शादी

डा मिथलेश ने पहली पत्नी के रहते दूसरी युवती से आर्य समाज रायपुर में शादी रचाई। पीड़िता डिगेश्वरी ने बताया कि 8 जनवरी 2024 को उसके पति डा मिथलेश ने धमतरी निवासी सृष्टि के साथ शादी की। इसके लिए उन्होंने न तो उनसे तलाक लिया और न ही जानकारी दी। जबकि इसके पहले उक्त युवती से सामाजिक रीति रिवाज से होने वाली शादी से इंकार किया था।

दूसरी पत्नी को भी दे चुका है धोखा

डा मिथलेश ने न केवल पहली पत्नी को अंधेरे में रखा बल्कि दूसरी पत्नी को भी धोखा दे चुका है। चिकित्सक की पत्नी डिगेश्वरी ने बताया कि 16 फरवरी 2023 को डा मिथलेश का विवाह धमतरी निवासी सृष्टि के साथ तय हुआ था। लेकिन विवाह के एक दिन पूर्व चिकित्सक डा ने व्यक्तिगत कारणों का हवाला देते हुए शादी करने से इंकार दिया। शादी नहीं होने पर वर व वधु पक्षों की बीच राजीनामा हुआ और युवती सृष्टि के पिता प्रेमनारायण ने शादी में हुए खर्च की राशि लेते हुए भविष्य में डिगेश्वरी के साथ विवाह करने पर किसी प्रकार का रूकावट व हस्तक्षेप नहीं करने का राजीनामा हस्ताक्षर किया है।

डॉक्टर मिथलेश पर अपराधिक मामले के तहत कार्यवाही होनी चाहिए उसने मेरी छोटी बहन की गृहस्थी को बरबाद किया है डॉक्टर मिथलेश पर विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही कर आरोपी को कड़ी से कड़ी कार्यवाही की मांग किया गया है।

कृष्णा, पीड़िता का बड़ा भाई

पीड़ित महिला डिगेश्वरी की शिकायत मिली है।आरोप है की अमोडा के डाक्टर मिथलेश ने पहली पत्नी को बिना बताए दूसरा विवाह किया है। जांच टीम गठित किया गया है। महिला का बयान दर्ज कराया जा रहा है। आगे की कार्यवाही के लिए कलेक्टर को सौंपा जाएगा।

अविनाश खरे, सीएमएचओ कांकेर

शासन की योजनाओं का क्रियान्वयन समयबद्ध तरीके से करें

■ **कलेक्टर ने समय-सीमा बैठक में दिए निर्देश**

कांकेर/नवप्रदेश। आम जनता से जुड़ी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से करें। शासन की जनहितकारी योजनाओं का समुचित ढंग से क्रियान्वयन करने सभी अधिकारी समयबद्ध तरीके से अपनी जिम्मेदारी निभाएं।'' साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक में कलेक्टर नीलेश महादेव क्षीरसागर ने अधिकारियों को उक्त निर्देश देते हुए कहा। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

सुबह 10.30 बजे से आयोजित समय-सीमा बैठक में कलेक्टर ने जिले के चिन्हांकित गांवों में नियद नेल्लानार योजना के तहत् ग्रामीणों को अधिक से अधिक योजनाओं से जोड़ते हुए शत-प्रतिशत सैच्युरेशन के लिए निर्देशित किया, ताकि राज्य शासन की मंशानुसार माओ प्रभावित क्षेत्रों में निवासरत सभी ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा सके। वर्तमान में कोयलीबेड़ा के ग्राम पानीडोबीर सहित आलपरस, हेटारकसा, गुंदुल (मर्राम) और ग्राम अलपर में लगाए जा रहे समाधान शिविर में आसपास के अन्य ग्रामीणों से नियद नेल्लानार योजना से जोड़ने संबंधी मांग पर कलेक्टर ने इसका प्रस्ताव तैयार कर राज्य शासन को प्रेषित करने के निर्देश जिला पंचायत के सीईओ श्री सुमित अग्रवाल को दिए। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में इन गांवों में समाधान शिविर आयोजित कर आधार पंजीयन, बैंक खाते, आयुष्मान कार्ड, स्वास्थ्य जांच कार्ड, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, किसान क्रेडिट कार्ड, वन अधिकार मान्यता पत्र, सामाजिक पेंशन योजना, सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, निःशुल्क राशन वितरण, उज्ज्वला योजना, शौचालय निर्माण, नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व वंदना योजना, ड्रायविंग लायसेंस, जन्म प्रमाणपत्र सहित राजस्व विभाग के तहत नक्शा, खसरा निर्माण, जाति, निवास, आय प्रमाण-पत्र, भूमि सीमांकन, नामांतरण बंटवारा, ऋण पुस्तिका निर्माण, आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक सहायता आदि योजनाओं से ग्रामीणों को लाभान्वित किया जा रहा है। इसी तरह प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत् नरहरपुर विकासखण्ड में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति हेतु स्वीकृत आवास निर्माण का कार्य काफी समय से लंबित होने पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर करते हुए अतिरिक्त स्टाफ लगाकर जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश जनपद पंचायत के सीईओ को दिए।

किसान वृक्ष मित्र योजना को सफल बनाने कार्यशाला

■ **पूर्व वनमंडल में 8 लाख पौधा रोपण का लक्ष्य: डीएफओ**

भानुप्रतापपुर/नवप्रदेश। किसान वृक्ष मित्र योजना को सफल बनाने के लिये बुधवार को डीएफओ दुलेश्वर प्रसाद साहू के नेतृत्व में पूर्व वन मंडल कार्यालय में एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला के दौरान एसडीओ भानुप्रतापपुर आई पी गेन्द्रे, अंतागढ़ मिथुन चंद्र डाहिरे, अंतागढ़ एसडीओ शिवेंद्र भगत, रेंजर मोहन मंडावी भानुप्रतापपुर, रेंजर मुकेश नेताम दुर्गुकोंदल, रेंजर सालिक राम यादव अंतागढ़, एवं रेंजर बलीराम साहू आमाबेड़ा उपस्थित थे।

किसानों की आय में वृद्धि का उद्देश्यः डीएफओ श्री साहू ने बताया कि किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत पूर्व वनमंडल अंतर्गत 8 लाख पौधा रोपण करने का लक्ष्य रखा गया है। योजना का उद्देश्य कृषकों एवं अन्य हितग्राहियों के निजी भूमि पर वाणिज्यिक प्रजातियों के वृक्षों का रोपण कर सहयोगी संस्था एवं निजी कंपनियां के माध्यम से उत्पाद की वापस खरीदी करते हुए उनके आय में बढ़ोतरी करना है।

5 एकड़ से अधिक में पौधा रोपने पर 1 हजार पौधे फ्रीः समस्त वर्ग के सभी इच्छुक भूमि स्वामी, शासकीय, अर्ध शासकीय एवं शासन के स्वयत्त संस्थाएं जो अपनी स्वयं की भूमि पर रोपण करना चाहते हैं इनके आलावा निजी शिक्षण संस्थाएं, निजी ट्रस्ट, गैर शासकीय संस्थाएं, पंचायते, भूमि अनुबंध धारक जो अपनी भूमि में रोपण करना चाहते हैं इस योजना हेतु पात्र होंगे. योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को अधिकतम 5 एकड़ तक की भूमि पर 5 हजार पौधे निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे एवं उनके रखरखाव हेतु जीवित प्रतिशत पौधों के आधार पर निर्धारित दर पर वित्तीय अनुदान दिया जाएगा.

इमारती वृक्षों का रोपण

योजना में क्लोनल नीलगिरी, रूटशूट सागौन, टिश्यू कल्चर सागौन, चंदन, मिलिया डुबिया, सामान्य बांस, टिश्यू कल्चर बांस प्रजातियों के पौधे निःशुल्क प्रदान किए जाएंगे।

पदोन्नति व स्थायीकरण की प्रक्रिया समय में पूर्ण करें : कलेक्टर

■ **जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

कांकेर/नवप्रदेश। कलेक्टर नीलेश कुमार क्षीरसागर की अध्यक्षता में आज जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में विभिन्न कर्मचारी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं को लेकर अपनी बात रखी। बैठक में सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी मांगें कलेक्टर के समक्ष रखीं और सुझाव भी सामने आए। कलेक्टर ने कहा कि इनमें से कुछ मांगों का जिला स्तर पर निराकरण हो सकता है और कुछ विषय का निराकरण किया जाना शासन स्तर पर संभव है, जिसके लिए उच्च कार्यालय से पत्राचार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारी शासकीय सेवक हैं और सबकी समस्याओं एवं मांगों को ध्यान में करते हुए आपसी समन्वय के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया जाना चाहिए। कलेक्टर ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों से कहा कि वे पदोन्नति, समयमान वेतनमान, स्थायीकरण से संबंधित प्रक्रियाओं को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करें। इसके अलावा पेंशन एवं अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों पर भी त्वरित कार्यवाही की बात कही। उन्होंने विभिन्न संगठनों से प्राप्त मांगों पर कर्मचारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए सकारात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

नौनिहालों को अनुशासन व संस्कार देना शिक्षकों और पालक दोनों की जिम्मेदारी: विधायक नेताम

■ **नरहरदेव स्कूल में शाला प्रवेशोत्सव, निःशुल्क गणवेश, पुस्तक व सायकल वितरित**

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर विधायक आशाराम नेताम के मुख्य आतिथ्य में आज नरहरदेव शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी और जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव थे। सभी नवप्रवेशी विद्यार्थियों को तिलक लगाकर तथा निःशुल्क पुस्तक, गणवेश और सायकल वितरित कर समारोहपूर्वक प्रवेशोत्सव मनाया।

नरहरदेव शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में सुबह 10.30 बजे आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्री नेताम ने सभी नवप्रवेशी बच्चों व पालकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यहां प्रवेश लेने वाले बच्चे अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनमें अनुशासन और संस्कार भी बहुत जरूरी है और इसके लिए शिक्षकों के साथ पालकों को भी आगे आना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में नरहरदेव स्कूल पूरे जिले के लिए एक आदर्श स्कूल है और अन्य स्कूलों में भी ऐसी ही उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था होनी चाहिए। विद्यार्थियों में संस्कार, विश्वास और आशा होनी चाहिए। कार्यक्रम में विधायक श्री नेताम ने सीएम ` संदेश का वाचन भी किया।

प्रथम पृष्ठ का शेष

जीका वायरस अलर्ट, केंद्र ...

बाद यहां पाए जाने वाले बंदरों को आइसोलेट किया गया था। इसके पांच साल बाद युगांडा और तंजानिया के इंसानों में इस वायरस का संक्रमण पाया गया था।

पीएम के भाषण के दौरान...

गरिमा को पीछे छोड़ा है। आज उन्होंने मुझे पीठ नहीं दिखाई, उन्होंने भारत के संविधान को पीठ दिखाई है। उन्होंने मेरा या आपका अपमान नहीं किया, उन्होंने संविधान की शपथ का अपमान किया है। भारत के संविधान का इससे बड़ा अपमान और कोई नहीं हो सकता। मैं उनके आचरण की निंदा करता हूं। यह एक ऐसा अवसर है, जहां उन्होंने भारतीय संविधान को चुनौती दी है। उन्होंने भारतीय संविधान की भावना का अपमान किया है, उन्होंने ली गई शपथ का अनादर किया है। भारतीय संविधान आपके हाथों में पकडऩे वाली चीज नहीं है, यह जीवन जीने की पुस्तक है। मुझे उम्मीद है कि वे आत्मनिरीक्षण करेंगे और कर्तव्य के उस मार्ग पर चलेंगे।

पीएम मोदी ने क्या कहा?

इस पर पीएम मोदी ने कहा कि देश देख रहा है झूठ फैलाने वालों की सत्य सुनने की ताकत भी नहीं होती है। सत्य से मुकाबला करना इसके लिए जिनके हौसले नहीं हैं, उनमें बैठकर के इतनी चर्चा के बाद अपने द्वारा ही उठाए हुए सवालों के जवाब सुनने की हिम्मत नहीं है। ये अपर हाउस को अपमानित कर रहे हैं। देश की जनता ने हर प्रकार से उनको इतना पराजित कर दिया है कि अब उनके पास गली-मोहल्ले में चीखने के सिवाय कुछ बचा नहीं है। नारेबाजी, हो-हल्ला और मैदान छोड़कर भाग जाना... यही उनके नसीब में लिखा हुआ है।

खडग़े ने दी सफाई...

बीआर अंबेडकर और पंडित नेहरू का पुतला जलाया। वह बार-बार कहते हैं कि हमने बीआर अंबेडकर का अपमान किया, उन्होंने वहां (लोकसभा में) यह कहा था और वह आज भी यही कह रहे हैं। मैं बताना चाहता था कि बाबा साहब ने संविधान सभा में क्या कहा है और आरएसएस ने क्या कहा है और ऑर्गनाइजर में उनके लोग क्या बोले हैं वो सब बताना चाहता था।

बाबा की रंगोली के...

स्थानीय पुलिस की खुफिया यूनिट को मिली जानकारी के मुताबिक बाबा की रंगोली के बुरादे को लेने के चक्कर में इतनी मौतें हो गईं। जानकारी के मुताबिक, हर सत्संग कार्यक्रम में नारायण साकार उर्फभोले बाबा के रास्ते में तकरीबन 200 मीटर की रंगोली बनाई जाती है। जानकारों का कहना है कि यह रंगोली सत्संग के बाद नारायण साकार उर्फभोले बाबा के जाने का रास्ता होता है। नारायण साकार के भक्तों में मान्यता है कि जब वह इस रंगोली से चलकर निकल जाते हैं तो यह रंगोली बेहद पुण्य हो जाती है।

खुफिया इनपुट के बाद राहुल...

सकते हैं। इन संगठनों के लोग नई दिल्ली इलाके में पोस्टर व बैनर आदि लगा सकते हैं। राहुल गांधी के आवास पर दो प्लाटून फोर्स तैनात की गई है। एक प्लाटून में 16 से 18 पुलिसकर्मी होते हैं। इसके अलावा तुगलक रोड थाने से आठ से 20 अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। नई दिल्ली जिले के बार्डर सील कर दिए हैं। चेकिंग के बाद ही लोगों को नई दिल्ली में प्रवेश करने दिया जा रहा है। नई दिल्ली इलाके में पेट्रोलिंग भी बढ़ा दी गई है। नई दिल्ली जिला पुलिस उपायुक्त देवेश महला ने सोमवार रात जिले में तैनात सभी एसीपी व थानाध्यक्षों को मैसेज देकर अपने इलाके में सुरक्षा बढ़ाने के आदेश दे दिए थे। सभी थानाध्यक्षों को अपने अपने खुफिया तंत्र को मजबूत करने को कहा गया है। साथ ही हिंदू संगठनों पर कड़ी नजर रखने के अलावा उनकी आगामी रणनीति का पता लगाने का आदेश दिया है। नई दिल्ली इलाके में रहने वाले कांग्रेस नेताओं की गतिविधियों पर भी नजर रखने को कहा गया है। पुलिस उपायुक्त ने स्पष्ट कहा है कि गांधी के आवास के पास या अन्य जगहों पर किसी तरह का पोस्टर व बैनर न लगने पाए।

धर्मांतरण बहुसंख्यक के ...

लोगों को भी सामाजिक समारोह में ले जाया गया और उनका धर्म परिवर्तन कर उन्हें ईसाई बना दिया गया। आरोपी कैलाश ने शिकायतकर्ता से वादा किया था कि उसके मानसिक रूप से बीमार भाई का इलाज कराया जाएगा और एक सप्ताह के भीतर उसे उसके पैतृक गांव वापस भेज दिया जाएगा। जब शिकायतकर्ता रामकली का भाई एक सप्ताह के बाद वापस नहीं लौटा, तो उसने आरोपी कैलाश से पूछा कि उसका भाई वापस नहीं आया है। इसका उसे कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

आरोपी के वकील ने अदालत के सामने तर्क दिया कि शिकायतकर्ता के भाई रामफल का धर्म परिवर्तन नहीं हुआ था, न ही वह ईसाई है। वह कई अन्य व्यक्तियों के साथ ईसाई धर्म और कल्याण समारोह में शामिल हुआ था। उन्होंने आगे कहा कि जांच के दौरान, पुलिस ने विभिन्न व्यक्तियों के बयान दर्ज किए थे, जिस पर इस स्तर पर भरोसा नहीं किया जा सकता है कि आरोपी कैलाश की कोई भूमिका नहीं है। सोनू पास्टर ही ऐसी सभा कर रहा था और उसे पहले ही जमानत पर रिहा किया जा चुका है।

हेमंत सोरेन तीसरी बार...

गौरतलब है कि झारखंड में सत्ता परिवर्तन की अटकलों के बीच रांची में आज इंडी गठबंधन के विधायकों के बीच बैठक शुरू हुई। यह बैठक राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) हेमंत सोरेन ने बुलाई। भूमि घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में उन्हें फरवरी में गिरफ्तार किया गया था। करीब पांच महीने बाद हेमंत सोरेन को 28 जून को जेल से रिहा किया गया। इस बैठक की जानकारी देते हुए पार्टी के सूत्र ने कहा, फ्राज्य में सत्ता परिवर्तन संभव है। यह बैठक महत्वपूर्ण है। राज्य की सत्तारूढ़ गठबंधन पार्टियों के विधायक यहां 11 बजे इकट्ठा हुए। मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के सभी महत्वपूर्ण कार्यक्रमों को रद्द किया गया।फ्र दरअसल, बुधवार को सीएम चंपई सोरेन राज्य के 1500 चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र बांटने वाले थे।

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर भी इस बैठक में शामिल हो रहे हैं। झामुमो प्रवक्ता मनोज पांडे ने कहा कि इस बैठक का एजेंडा राज्य में राजनीतिक विकास है। मुख्यमंत्री के अलावा हेमंत सोरेन के भाई और मंत्री बसंत सोरेन भी इस बैठक में हिस्सा ले रहे हैं। झामुमो विधायक सरफराज अहमद के इस्तीफे के बाद गांडेय सीट खाली हो गया था। बाद में वहा उप चुनाव कराया गया, जिसमें हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन को विधायक के तौर पर चुना गया। जेल से रिहा होने के बाद हेमंत सोरेन ने अपनी पहली रैली में दावा किया कि भाजपा झारखंड में विधानसभा चुनाव पहले कराने की योजना बना रही है।

पुलिस परिवार के बच्चों ..

प्रतिनिधि को सीएसआर मद से बस उपलब्ध कराने को कहा। इसी कड़ी में आज पुलिस परिवार के बच्चों के लिए 52 सीटर एसी बस उपलब्ध कराई गई है। जिसे मुख्यमंत्री और गृह मंत्री ने आज हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल से पुलिस परिवार के लगभग 150 से अधिक बच्चें सुरक्षित स्कूल आ जा सकेंगे। इस मौके पर अंबुजा सीमेंट के प्रतिनिधि, पुलिस परिवार के सदस्य और स्कूली बच्चे मौजूद रहे।

बैलाडीला ट्रक यूनियन का आपसी विवाद प्रशासन के दखल के बाद समाप्त, चुनाव पर बनी सहमति

6 को आमसभा में चुनाव की तारीख होगी तय 30 जुलाई के भीतर चुनाव होगा संपन्न

दंतेवाड़ा/किरंदुल। बैलाडीला ट्रक यूनियन का आपसी विवाद आखिरकार प्रशासन के दखल के पश्चात समाप्त हो ही गया। चुनाव को लेकर आपसी विवाद इतना ज्यादा बढ़ गया था की कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आखिरकार जिला प्रशासन को मामले में दखल देना पड़ा कल बीटीओए के सैकडो मेंबर व निर्वाचित पदाधिकारी विधायक से संस्था का चुनाव करवाने की गुहार लगाने पहुंचे जिसके बाद जिला प्रशासन कार्यालय में आयोजित बैठक के पश्चात चुनाव करवाने हेतु मांग की गई जिसके बाद यूनियन के सैकडो सद्स्य यूनियन कार्यालय पहुंचे व सुपर कमेटी मेंबर व निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा लिखित सहमति के बाद 17 जुलाई को चुनाव की घोषणा की गई। आज सुबह माहौल एक बार फिर बिगड़ने लगा जिसके बाद वर्तमान संचालन समिति के सदस्य राकेश गौतम द्वारा आरोप लगाते हुए कहा गया की बिना आम सभा के इस प्रकार मनमानी करके गलत तरीके से चुनाव की तारीख तय की गई है। जिसके बाद कुल 12 लोगो की दोनो तरफ से टीम ने अपातकालीन बैठक रखी, जिसमे नगरीय प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन भी मौजूद रहा घंटो चली इस बैठक में आखिरकार चुनाव को लेकर सहमति बनी एवं बाहर आकर दोनो पक्षों ने घोषणा की जिसमे 6 जुलाई को आम सभा रखने पर सहमति साथ ही 30 जुलाई के भीतर चुनाव संपन्न कराने पर सहमति की बात की व जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन का धन्यवाद किया।

राकेश गौतम ने बताया की बीते दिनों जो भी आपसी मतभेद था वो अब खत्म हो चुका है चुनाव पर सहमति बनी है बीटीओ एक परिवार की तरह है परिवार में कई बार आपसी विवाद होते है परिवार के लोग ही उसे सुलझाते है हमारा उद्देश्य सदस्यो को सही तरीके से काम दिलवाना है आम सभा के बाद जल्दी चुनाव की प्रक्रिया की जाएगी। निर्वाचित सचिव गौरांग साहा ने बताया की आपसी सहमति बनी है चुनाव की तारीख को लेकर घोषणा 6 जुलाई की आम सभा के बाद की जाएगी किसी भी सूरत में 30 जुलाई के भीतर चुनाव संपन्न किया जाएगा इसको लेकर सहमति बनी है।

कई महीनों से पेंशन की राशि का भुगतान नहीं

भोपालपटनम/नवप्रदेश। जनपद पंचायत भोपालपटनम के अंतर्गत पेंशनधारी वृद्धजनो,विधवा, परित्यक्ता एवं दिव्यांगजनों को दी जाने वाली पेंशन राशि का भुगतान गत कई महीनों से न मिलने से अनेकों पेंशनधारी वृद्धज़न कठिन परिस्थितियों में जीवन यापन करने पर मजबूर हैं। शासन द्वारा सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था, विधवा,सुखद सहारा, एवं मुख्यमंत्री सहायता पेंशन जैसे पांच प्रकार की योजनाओं के तहत बेसहारा लोगों को दिया जाता है।

■ न्यूज गैलरी

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का किया गया पुतला दहन

कवर्धा/नवप्रदेश। जिला उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी ने कहा फिरोज खान के पोता राहुल गांधी को हिंदू समाज से नाक रगड़कर माफी मांगनी चाहिए और कांग्रेस पार्टी में कार्य कर रहे हिंदू नेताओं को सोचना चाहिए और अपने दिशाहीन बढ़ बोले नेता राहुल गांधी को समझाएं कि वह हिंदू समाज से माफी मांगे। जिला अध्यक्ष मनीराम साहू ने कहा स्वामी विवेकानंद ने कहा था गर्व से कहो हम हिंदू है भारत देश में सनातन धर्म था सनातन धर्म है और सनातन धर्म रहेगा जिस प्रकार राहुल गांधी ने हिंदू समाज को देश के मंदिर सामान संसद में हिंसा करने वाला समाज बोला जो की बहुत ही निंदनीय है इसके लिए राहुल गांधी को माफी मांगनी चाहिए। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नपा अध्यक्ष मनहरण कौशिक प्रदेश मंत्री ठाकुर पीयूष सिंह जिला मंत्री सुरेश दुबे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खिलेश्वर साहू रवि राजपूत अशोक चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष अजय सिंह ठाकुर, मनोज वैष्णव मिथलेश बंजारे जिला मंत्री हेमचंद चंद्रवंशी अरविंद वर्मा रामविलास चंद्रवंशी मिडिया प्रभारी योगेश ठाकरे मंडल अध्यक्ष गण् अनिल साहू, यशवंत साहू अमित चंद्रवंशी सुदर्शन कुंभकार मीनू साहू दुर्गेश दुबे रमाकांत चन्द्रवंशी, योगेश महाजन मुकेश सेन दीपक सोनू आदि मौजूद रहे।

पदोन्नति पहले हो बाद में युक्तियुक्तकरण : फेडरेशन

कबीरधाम/नवप्रदेश। सेवा भर्ती पदोन्नति नियम 2019 के अनुसार सभी शिक्षक संवर्ग के पदों पर पदोन्नति की कार्यवाही करना विद्यार्थी हित में है। मार्च 2020 के स्थिति में प्राचार्य के 2820 पद रिक्त थे। सेवानिवृत्ति के फ्लस्वरूप आँकडा और अधिक हो गया है। ञ्-संवर्ग में 2013 एवं श्र-संवर्ग में 2016 से प्राचार्य पदोन्नति नहीं हुआ है। तकरीबन यही हाल व्याख्याता के रिक्त रहे 9622 पदों का है। जोकि सेवानिवृत्ति के कारण और अधिक हो गया है। प्रधानपाठक मिडल स्कूल के 5715,शिक्षक के 15969 एवं प्रधानपाठक प्राथमिक शाला के 20678 रिक्त पदों पर कमोबेश यही स्थिति है। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी एवं जिला अध्यक्ष कबीरधाम प्रमोद शुक्ला का कहना है कि अध्ययन एवं अध्यापन की गुणवत्ता के लिए प्राथमिक,माध्यमिक,हाई तथा उच्चतर माध्यमिक स्कूलों में कक्षावार दर्ज संख्या के अनुसार विषय शिक्षकों की पदस्थापना आवश्यक है। अतः शिक्षक संवर्ग के रिक्त पदों को पदोन्नति द्वारा भरे जाने के बाद ही युक्तियुक्तकरण करना उचित होगा। उन्होंने बताया कि पदोन्नति के पश्चात ही शालावार अतिशेष शिक्षकों की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना चाहिये। अन्यथा अनेक विद्यालय विषय शिक्षक/शिक्षक विहीन हो जाने की संभावना है। उन्होंने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में 5 कक्षा एवं 4 विषय,पूर्व माध्यमिक में 3 कक्षा एवं 6 विषय,हाई स्कूल में 2 कक्षा एवं 6 विषय तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा के अतिरिक्त कॉमर्स संकाय के 3 विषय,कला संकाय के 3 विषय,गणित/बायलॉजी के 3 विषय के 5 कक्षाओं में अध्यापन होता है।जोकि संकाय अनुसार न्यूनतम है। कक्षाओं की संख्या दर्ज संख्या पर निर्भर होता है।फेडरेशन का कहना है कि छात्रहित के दृष्टिगत स्कूलों में अतिशेष शिक्षकों का निर्धारण पदोन्नति से पदस्थापना करने के बाद किया जाना चाहिए।

खाद-बीज के लिए किसानों को न हो कोई परेशानी, गांवों में जाएं अधिकारी

समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने विभागवार कार्यों की प्रगति की अधिकारियों से जानकारी लेकर स्थिति जानी

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने आज कलेक्ट्रेट के दिशा सभाकक्ष में जिलें के कार्यों की समीक्षा करने समय सीमा बैठक ली। समय सीमा की बैठक आमतौर पर सरकारी कार्यों की समीक्षा और शासन के योजनाओं की प्रगति की जांच के लिए आयोजित की जाती है। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों से शासकीय कार्यों के कामकाज की रिपोर्ट ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। और विकास कार्यों की प्रगति, सरकारी योजनाओं का कार्यान्वियन, और समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, सर्व एसडीएम, सर्व जनपद सीईओ, सर्व सीएमओ सहित जिला के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने सभी निर्माण एजेंसियों के धीमी कार्य प्रगति पर नाराजगी जताई और समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के सड़कों के किनारे पौधारोपण के निर्देश दिए। साथ ही सभी अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर उपयुक्त स्थल देखकर पौधारोपण करने को कहा। उन्होंने मरम्मत योग्य शाला भवनों की जानकारी ली और प्रस्ताव बनाने के निर्देश दिए। जिलाधीश ने 4 जुलाई को होने वाले शाला प्रवेश जिला स्तरीय कार्यक्रम के संबंध में जानकारी ली और कहा की सभी ड्यूटीवार अपने अपने कार्यों को सम्पन्न करेंगे साथ ही उक्त स्थल पर पौधारोपण भी करेंगे, इस दौरान उन्होंने सांस्कृतिक कार्यक्रम अच्छे से करने के निर्देश दिए। आगामी मानसून के मद्देनजर कलेक्टर ने बाढ़ और जलजमाव की समस्याओं से निपटने के लिए तैयारियों का जायजा लिया और बाढ़ आपदा के पहले मॉक ड्रिल कर सतर्क रहने के आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा की सप्ताह में सभी जनपद, नगरीय निकाय और विभागवार प्लान तैयार करें कि नदी किनारे बसे गांवों में आपदा से निपटने के लिए क्या तैयारी की गई है द्यजिलाधीश ने राजीव युवा मितान योजना की प्रगति की जानकारी ली और अगले तीन दिवस के भीतर सभी कार्यों को पूर्ण करने के निर्देश जनपद सीईओ को कहा।

बैठक में कलेक्टर ने कृषि के लिए खाद बीज वितरण, महतारी वंदन और पीएम किसान सम्मान निधि योजना में आधार का केवायसी और भूमि सीडिंग कराने की स्थिति की जानकारी लेकर संबंधीत अधिकारी से कहा कि सभी महिला हितग्राही और किसानो का केवायसी और सीडिंग कराएं, ताकि योजनाओ का लाभ तुरंत मिले। खादबिज़ की जानकारी देते हुये कृषि अधिकारी ने बताया की जिले में जिले में 97 प्रतिशत खादबिज़ प्राप्त हुई हैं जिसमे से 77 प्रतिशत किसानो को वितरित कर दिया गया हैं। कलेक्टर श्री शर्मा ने खाद्य अधिकारी को निर्देश दिये कि जिन राशन दुकानों से वसूली कार्य किया जाना है, उन वसूलियों को शीघ्र करें। साथ ही राशन आवंटन का रिकॉर्ड सिर्फ एप या वेबसाइट लॉगिन में नही देखें, बल्कि मैदानी राशन दुकानों में जाकर क्रॉस चेकिंग करें। कलेक्टर ने खाद्य अधिकारी से जिले में वितरित राशन कार्ड की जानकारी ली और 1 सप्ताह के भीतर सारे राशन कार्ड को शतप्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों से धान उठाव, भंडारण, राइस मिलरों को जारी डीओ, निराकरण आदि के संबंध में चर्चा की।

कलेक्टर ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए संबंधित विभागों को नियमित सफाई और कचरा प्रबंधन पर सख्ती से काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को अस्पतालों एवं स्वास्थ्य केंद्रों में आवश्यक दवाओं और उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने जिला अस्पताल में रात के समय डॉक्टर को उपलब्ध रहने को कहा ताकि इमरजेंसी परिस्थिति में नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। उन्होंने वर्षा ऋतु में होने वाले मौसमी बीमारी से निपटने आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नविन क़ानून व्यवस्था के बारे में बताते हुये कहा की आगामी महीने में सर्व ग्राम पंचायतों में नविन आपराधिक विधी अधिनियमों का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करना हैं। जिलाधीश ने पीएम किसान सम्मान निधि की जानकारी ली और जल्द से जल्द पात्र हितग्राहीयों का आधार सिडिंग कार्य पूर्ण करने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग को स्कूलों की स्थिति सुधारने और छात्रों के शैक्षणिक स्तर को बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं तैयार करने के निर्देश दिए और सभी अधिकारीयों से सभी स्कूलों में नेवता भोज कार्यक्रम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की अपने स्कूल परिसर का वातावरण स्वच्छ रखें। अपने स्कूल के बच्चों के पालकों को बुलाकर पालक-बालक बैठक आयोजित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास में चर्चा कर उन्हें शिक्षा के प्रति जागरूक करें। कलेक्टर ने बारिश से पूर्व बिजली संबंधित सभी मरम्मत कार्यों का शीघ्र पूर्ण करने विद्युत विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र मे सुधारने लायक ट्रांसफार्मर को सुधारे जाने का कार्य किया जाना सुनिश्चित करें ताकि उन्हे बिजली के चलते कृषि कार्य में असुविधा ना हो। इसके साथ आवश्यकता अनुसार ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य भी किया जाना सुनिश्चित किया जायें। उन्होंने ग्रामीण अंचल या खेतों में लटकते हुये तार कनेक्शन तत्काल ठीक कर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

एसपी ने ली राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा बैठक

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा रामकृष्ण साहू ने 2 जुलाई को राजपत्रित अधिकारियों की समीक्षा मीटिंग ली। जिसमें लंबित अपराधों, लंबित चालान, लंबित मर्ग, लंबित गुम इंसान, लंबित शिकायतों का शीघ्र निकाल करने तथा अपने अपने अनुविभाग थाना एवं चैकी क्षेत्रांतर्गत ढाबो में आकस्मिक निरीक्षण कर अवैध रूप से शराब बिक्री या पिलाये जाने पर संबंधित ढाबा संचालको के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने एवं अवैध मादक पदार्थ गांजा शराब जुआ सट्टा अन्य नशीली दवाओं एवं संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध सख्त से सख्त वैधानिक कार्यवाही करने तथा गुंडा एवं निगरानी बदमाश की प्रतिदिन चेक करने जिसमें अपराधों में अंकुश लगाया जा सकें। थाना एवं चौकी में शराब नष्टीकरण की कार्यवाही व वाहनों का नियमानुसार निराकरण करने रेंज स्तरीय त्रिनयन एप एवं साईबर प्रहरी ग्रुप में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करने जिससे अपराधों की रोकथाम में अंकुश लगाया जा सकें। किसी प्रकार की कोई कोताही नही बरतने तथा मजबूत सूचना तंत्र विकसित कर बेहतर पुलिसिंग करने हेतु निर्देशित किया गया।

एक जुलाई से लागू नवीन कानून के नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर तेजराम पटेल पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेरला, राजेश कुमार झा प्रभारी पुलिस अनुविभागीय अधिकारी बेमेतरा, कमलनारायण शर्मा उप पुलिस अधीक्षक बालक विरूद्ध अपराध, सउनि 'अ' अजय कुमार देवांगन, स्टेनों प्रभारी सउनि विष्णु सप्रे रीडर 1 उपस्थित रहें।

10 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर बंद व चक्काजाम 5 जुलाई को

भटगांव/नवप्रदेश। सारंगढ़ जिला मुख्यालय के भटगांव 10 सूत्री मांगों को लेकर नगर बंद एवं चक्का जाम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ब्लॉक काँग्रेस कमेटी बिलाईगढ़ की एक बैठक कार्यक्रम आयोजित हुई। इस बैठक में क्षेत्र के विकास सहित नगर के विभिन्न समस्याओं पर मंथन कर भाजपा सरकार में हो रही भ्रष्टाचार को लेकर ज़ रणनीति बनाई गई। आगामी 5 जुलाई को नगर पंचायत भटगांव में हो रही भ्रष्टाचार एवं उनके अनियमितता के खिलाफ 10 सूत्रीय मांगों को लेकर नगर बन्द व चक्काजाम के लिए थानेदार को ज्ञापन सौंपा गया।

काँग्रेस पार्टी की ओर से नगर के केशरवानी भवन में क्षेत्रीय विधायक कविता प्राण लहरे की मार्गदर्शन में बिलाईगढ़ विधानसभा के ब्लॉक काँग्रेस कमेटी की एक बैठक कार्यक्रम आयोजित हुई। इस बैठक में क्षेत्र के विकास सहित नगर की विभिन्न समस्याओं की मंथन हुई। साथ ही बीजेपी सरकार में हो रहे भ्रष्टाचार व तानाशाही के खिलाफरणनीति तैयार की गई। नगर पंचायत भटगांव में भ्रष्टाचार बढ रही हैं। नगर के व्यवसायिक परिसर में बनी 23 दुकानों की नीलामी गलत तरिके से की गई, जिसकी जानकारी नगर के किसी भी व्यक्ति को नहीं हैं। जिसकी जानकारी देते हुए कलेक्टर कोः शिकायत की गई थी और दोबारा नीलामी करने सहित जाँच करने माँग की गई थी लेकिन अब तक उस मामलें में कोई कार्रवाई नहीं की गई।

नगर के व्यवसायिक परिसर का नाम देश के प्रथम प्रधानमंत्री प. जवाहरलाल नेहरू के नाम पर था जिसे भी बदलकर प. दीनदयाल उपाध्याय के नाम पर रख दिया गया हैं। जिसके कारण काँग्रेस पार्टी आंदोलन करने पर मजबूर हो रही हैं। उक्त ज्ञापन में नगर पंचायत द्वारा करोड़ो की राजस्व हानि पहुँचाने, नगर के 'बुकिंग कार्यालय को बेचने सहित नगर के कांजी हाऊस को भी बेचने के आरोप लगाये गये। साथ ही पी.एम.आवास जैसे जनहितैषी योजनाओं में पैसों की लेनदेन करने के भी आरोप लगाए हैं।

हिंदू समाज पर विवादित बयान को लेकर आक्रोशित विहिप ने फूंका राहुल का पुतला

गरियाबंद/नवप्रदेश। लोकसभा में हिंदू समाज पर दिए विवादित बयान को लेकर मंगलवार को विहित ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का पुतला फूंका। इस दौरान विहिप कार्यकर्ताओ ने राहुल गांधी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी की ओर विवादित बयान के लिए माफी मांगने की मांग की।

सोमवार को संसद में अपने भाषण के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि था ही जो लोग अपने आप को हिंदू कहते है वे 24 घंटे हिंसा हिंसा हिंसा, नफरत नफरत नफरत, असत्य असत्य असत्य करते है। राहुल गांधी के इस विवादित बयान से बाद से देश में भाजपा, विहिप सहित कई हिंदू संगठन ने आपत्ति जताई थी। पीएम मोदी ने भी इस पर तत्काल विरोध जताया था। लेकिन अब तक कांग्रेस नेता ने अपने बयान को लेकर माफी नहीं मांगी न ही इसे वापिस लिया। इसके चलते हिंदू संगठनों विशेषकर विहिप में जमकर आक्रोश है। विहिप ने इसके विरोध में आज शाम तिरंगा चौक में राहुल गांधी का पुतला फुंका। जमकर राहुल गांधी मुर्दाबाद के नारे लगाए।इस दौरान विहिप नेता परस राम देवांगन ने कहा कि चुनाव में हार के बाद राहुल गांधी अपनी मानसिकता को चुके हैं। संसद में वे गैर जिम्मेदाराना और विवादित बयान दे रहे हैं। हिंदू समाज को हिंसक कहना उनकी ओछी मानसिकता का परिचायक है। देवांगन ने कहा की हिंदू समाज सर्वे भवन्तु सुखिन का संदेश देता है, यह समाज आदिकाल से शिक्षा संस्कार और सद्भाव का से प्रवाहक रहा है। केवल तुष्टीकरण की राजनीति के लिए हिंदू समाज को हिंसक कहना कदापि बर्दास्त नही किया जा सकता। विहिप उनके बयान की कड़ी शब्दो में निंदा करती है। उन्होंने कहा की राहुल गांधी को अपने विवादित बयान के लिए देश से मांफी मांगनी चाहिए।इस अवसर पर प्रमुख रूप से प्रकाश निर्मलकर, बेदराम नंदे, अनिल चंद्राकर, वेशनारायण पाण्डेय, रिखीराम यादव, सुरेंद्र सोनटेके, दीनू सिन्हा, अनूप भोंसले, पुष्पक देवांगन, धनंजय नेताम, सुमित पारख, वंश गोपाल सिन्हा, प्रह्लाद ठाकुर, प्रकाश यादव, अभिमन्यु ध्रुव, धनराज विश्वकर्मा, संजू साहू, विनोद तरुण ठाकुर , चिरंजीव देवांगन, आशीष सिन्हा, रामेश्वर चक्रधारी सहित बड़ी संख्या में विहिप कार्यकर्ता मौजूद थे।

छड़िया में मना संकुल स्तरीय प्रवेश उत्सव व विखं स्तरीय अंगना म शिक्षा 4.0 कार्यक्रम

पलारी/नवप्रदेश। आज संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव एवं विकासखंड स्तरीय पढ़ई तिहार(अंगना म शिक्षा 4.0) का आयोजन शाला भवन छड़िया में रखा गया। कार्यक्रम का मुख्यातिथि विजय नारायण घृतलहरे द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं शिक्षामंत्री का सन्देश का वाचन किया गया तथा नवप्रवेशी बच्चों का गुलाल लगाकर अतिथियों के द्वारा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश का वितरण किया गया। संकुल प्राचार्य मिनी बारले द्वारा 6 से 14 वर्ष के बच्चों को शाला में प्रवेश हेतु पालको से आग्रह किया गया। संकुल समन्वयक मुकेश कुमार साहू द्वारा सभी बच्चों को प्रतिदिवस शाला आने हेतु प्रेरित किया गया साथ ही अजीमप्रेमजी फाउंडेशन से आये गौरव पंडा ने सभी बच्चों को घर में पढ़ने के लिए प्रेरित किया। फाउंडेशन से पहुँचे टेनिशा साहू द्वारा सभी माताओं को घर के सामग्री से खेल -खेल में शिक्षा देते रहने हेतु प्रयास करने का आग्रह किया जिससे बच्चें शिक्षा के मुख्यधारा से जल्द से जल्द जुड़ सके।

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार (परि. भूमि) सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक 213 / अति.तह. / वाचक / 2024 सक्ती, दिनांक 02.07.2024 रा.प्र.क्र. अ-2/2023-2024 ग्राम सोंठी, तहसील-सक्ती

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सोंठी, प.ह.नं. 16, तहसील सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुजीत कुमार अग्रवाल पिता श्री हनुमान प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 06 नया बाराद्वार, तहसील नयाबाराद्वार, जिला सक्ती (छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोंठी, तहसील सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 307/5 रकबा 0.13 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के न्यायालय से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 18.07.2024 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता क द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में पेश कर सकते हैं पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील

अति. तहसीलदार
सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार (परि. भूमि) सक्ती, जिला-सक्ती (छ.ग.)

ईश्तहार

क्रमांक 211/अति.तह./वाचक/2024 सक्ती, दिनांक 02.07.2024 रा.प्र.क्र. अ-2/2023-2024 ग्राम सोंठी, तहसील-सक्ती

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सोंठी, प.ह.नं. 16, तहसील सक्ती, जिला- सक्ती (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री सुजीत कुमार अग्रवाल पिता श्री हनुमान प्रसाद निवासी वार्ड नंबर 06 नया बाराद्वार, तहसील नयाबाराद्वार, जिला सक्ती(छ.ग.) के द्वारा ग्राम सोंठी, तहसील सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 351/19 रकबा 0.13 एकड़ भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने बाबत अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सक्ती के न्यायालय से इस न्यायालय को जांच प्रतिवेदन हेतु प्रकरण प्राप्त हुआ है।

अतः आवेदक के उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 18.07.2024 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता क द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में पेश कर सकते हैं पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

सील

अति. तहसीलदार
सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार लालपुर थाना जिला- मुंगेली (छ.ग.)

// ईश्तहार //

रा.प्र.क. ...ब-121, 2024
क्रमांक / 121 / वाचक / तह. /2024
लालपुर थाना दिनांक 20/06/2024

सर्वधारणा/आम जनता ग्राम गैलूगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक भगवान दास पति/पिता श्री जोधन साकिन गैलूगांव जाति सत. तहसील लालपुर थाना जिला-मुंगेली (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि आवेदक के माता बोधनी बाई आ. श्री बोधन के मृत्यु दिनांक 04/03/2024 ग्राम गैलू गांव को हो जाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु इस न्यायालय से आदेश हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी को भी किसी प्रकार का कोई दावा/आपत्ति हो तो न्यायालय में दिनांक 12/07/2024 समय प्रातः 11.00 बजे दिन को स्वंय/अपने प्राधिकृत के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात् प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28/06/24 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया है।

सील

तहसीलदार
लालपुर (थाना),
जिला-मुंगेली (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार लटोरी जिला सूरजपुर छत्तीसगढ़

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202406260010018
अ-19/2023-24

भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि. प्रति छ.ग. शासन

सर्व साधारण ग्राम संजयनगर तहसील लटोरी को सूचित किया जाता है कि आवेदत भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि. द्वारा जिला सूरजपुर एवं सरगुजा क्षेत्र में गैस के वितरण हेतु एल.सी.एन. जी. सह मदर स्टेशन की स्थापना हेतु ग्राम संजय नगर तहसील लटोरी स्थित भूमि खसरा नम्बर 377, 378 रकबा क्रमशः 0.40, 0.40 हे. कुल रकबा 0.80 हे. भूमि को भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि. को लीज पर प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र श्रीमान कलेक्टर महोदय सूरजपुर के समक्ष प्रस्तुत करने से जांच कार्यवाही पूर्ण किए जाने हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिस पर कार्यवाही किया जा रहा है।

अतः उक्त के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 16/07/2024 तक स्वसंः उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 28/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
लटोरी, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग, बिलासपुर (छ.ग.)

(Email ID ee-res.bilaspur@gov.in, Phone N.- 07752-408944)

// शुद्धि पत्र//

क्र. 2190/टेण्डर / ग्रा.यां. सेवा/2024 — बिलासपुर, दिनांक 28.06. 2024

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 68/2023-24, 69/2023-24 दिनांक 26.02.2024, 72/2023-24 दिनांक 29.02.2024 में 1. शासकीय टसर केन्द्र गोबंद में ग्रेनेज भवन निर्माण कार्य, टेण्डर सिस्टम नं. 152849 अंतर्गत कार्य हेतु राशि रू. 46.88 लाख। 2. शा. दृष्टि, एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा के हॉस्टल में अहाता निर्माण कार्य, टेण्डर सिस्टम नं. 153353 अंतर्गत कार्य हेतु राशि रू. 30.00 लाख । 3. जिला स्तरीय कौशल प्रशिक्षण केन्द्र निर्माण वार्ड क्रमांक-18, टेण्डर सिस्टम नं. 153466 अंतर्गत कार्य हेतु राशि रू. 31.32 लाख की निविदा आमंत्रित की गई थी। एतद् द्वारा अपरिहार्य कारणों से उक्त निविदा निरस्त की जाती है।

जी-242500811/4

(एस.एल. कैवर्त्य)
कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बिलासपुर

छत्तीसगढ़ शासन जल संसाधन विभाग
कार्यालय कार्यपालन अभियंता,
वि./यां. भारी संयंत्र संभाग, सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

पत्र कमांक 881 / वलेलि/2024 — बिलासपुर दिनांक 02.07.2024

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय द्वारा आमंत्रित मैन्यूअल निविदा सूचना कमांक 03/व. ले. लि./2023-24 बिलासपुर दिनांक 05.03.2024 पृ. क्रमांक 389/वलेलि/2023-24 दिनांक 05.03.2024 जी नंबर 08338 को आदर्श आचार संहिता 2024 लगनें के रण इस कार्यालय के पत्र कमांक 536 / वलेलि/2023-24 दिनांक 28.03.2024 द्वारा स्थगित किया गया था, जिसकी तिथि में निम्नानुसार संशोधन किया जाता है।

ग्रुप क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में)
01	वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग रायगढ़ के कर्मशाला का जीर्णोद्वार कार्य, वि./यां. एफ.ओ.एम. उपसंभाग बलासपुर के कर्मशाला में नया शेड निर्माण कार्य एवं संभागीय कार्यालय बिलासपुर एवं उपसंभागीय कार्यालय बिलासपुर में शेड निर्माण व फेसिंग कार्य	16.79 लाख

स. क्र.	विवरण	पूर्व में निर्धारित	तिथि संशोधित तिथि
1	निविदा प्रपत्र विक्रय की अंतिम तिथि	26.03.2024 (5.30 बजे तक)	26.07.2024 (5.30 बजे तक)
2	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि	04.04.2024 (5.30 बजे तक)	02.08.2024 (5.30 बजे तक)
3	निविदा खोलने की तिथि	08.04.2024 (3.30 बजे से)	05.08.2024) (3.30 बजे से)

शेष निविदा नियम एवं शर्ते यथावत रहेगा।

जी-242500783/4

कार्यपालन अभियंता
वि./ यां. भारी संयंत्र संभाग
सकरी, बिलासपुर (छ.ग.)

NMDC Ltd.

(A Govt. Of india Enterprise (ISO 9001 Company)
Bailadila Iron Ore Mines, Bacheli Complex
Bacheli, Distt. South Baster (Dantewada), CG-494553
Phone No : Phone No. 07857-230210, Mob : 8085559082

// e-Tender-Notice //

बीआईओएम/बीसी/संविदा/प्रकाशन/2024-25/088/ — दिनांक 04.07.2024

निम्नांकित कार्यों के लिए एनएमडीसी लिमिटेड, बैलाडीला लौह अयस्क खदान, बचेली काम्पलेक्स द्वारा ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता CPP Portal अथवा www.nmdc.co.in अथवा http://www.mstcecommerce.com/ eprochome/nmdc/ पर देख सकते हैं एवं निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर सकते हैं। जारी किए जाने वाले किसी भी शुद्धिपत्र/परिशिष्ट के लिए बोली लगाने वाले को समय-समय पर आनलाइन पोर्टल पर जाकर उसे नोटिस करना चाहिए। शुद्धिपत्र/परिशिष्ट किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जाएगा। निविदा फार्म को केवल आनलाइन ऊपर दिए गए MSTC के पोर्टल में निर्धारित अंतिम तिथि के 3:30 बजे शाम तक जमा किया जाएगा एवं 4:00 बजे शाम खोला जाएगा।

	MSTC Ref. No. NMDC/ Bacheli/ 24-25/ET/	NMDC Tender No. BIOM/BC/ CONTRACTS OTE(88)/24-25	Short Description of Work	EMD (Rs.)	Last Date of Sub'n
1	62/282	E-024A	Removing and cleaning weed growth before and after monsoon under the OH lines 33/11/3.3 KV HT lines connecting to main sub-station Hilltop Dep-5.	11,133/-	04.08.2024
2.	63/283	E-034	Miscellaneous Electrical repair wotks Township Quarters and Public Building at Bacheli.	77,727/-	04.08.2024
3	64/284	LP-029	Shifting of Lump ore from 10 & 11A Lump stock pile to Dynamic stock pile at LP 4,00,000 Cum.	3,16,200/-	05.08.2024
4	65/285	LP-030	Mechanized loading of lump Ore & CLO through lump Ore Hopper Dep-5.	3,03,100/-	05.08.2024
5	66/286	C-380	Replacement of Old CGI Sheets and Industrial painting of conveyors/Motor houses from secondary crusher to Conv. 24 at Dep-5 Bacheli.	1,68,800/-	05.08.2024
6	67/287	C-383	Rehabilitation of old RCC Frames structures of Thickner Tank No. 2 of SP-5, BIOM Bacheli Complex (Phase-II)	1,89,700/-	05.08.2024

विभागाध्यक्ष (अनु. एवं से.) अनु.
बीआईओएम, बचेली काम्पलेक्स

INDIRA GANDHI KRISIHI VISHWAVIDYALAYA
OFFICE OF THE SUPERINTENDENT PHYSICAL PLANT
RAIPUR (C.G.) Email - igkvspp@gmail.com, Phone No. 0771-2442203

No./SPP/Tender/2024/267 — Raipur Dated 02/7/ 2024

NOTICE INVITING MANUAL TENDER

Sealed tenders are invited in Form A, B, C Manually from contractor.... *(name the class of the contractor)* registered in Chhattisgarh PWD and also from registered vendor/shops of electrical supply with valid (name the class of the GST as per list enclosed. The tender details along with list of necessary documents will be available in the office of the SPP, IGKV, Raipur. The last date of submission of Tender should be submitted only through Registered / Speed post so as to reach in the office of the Superintendent Physical Plant, Indira Gandhi Krishi Vishwavidyalaya, Krishak Nagar, Labhandi, Raipur (C.G.) Pin 492012, latest by dated 30-07-2024 by 05.00 pm.

No.	Name of the work	Estimated (in lakh)	Tender call	Cost of bid document (Rs.)	Time Period	EMD Amount (Rs.)
1.	Supply of Electrical Items	20.00	1st Call	5000.00	06 Months	20000.00
2.	Supply of Sanitary Items	20.00	1st Call	5000.00	06 Months	20000.00
3.	Supply of Construction Material	20.00	1st Call	5000.00	06 Months	20000.00

Date of Issue of NIT : 03-07-2024
Start Date of Issue of Tender Form : 04-07-2024
Last date of Issue of Tender Form : 22-07-2024
Last date of Submission of Tender : 30-07-2024
Opening date of Tender : 01-08-2024

S.-40683/1

Superintendent Physical Plant
IGKV Raipur (CG)

न्यूज गैलरी

खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के लिए आवेदन

रायगढ़/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु आवेदन मंगाये गये है। जिसके अंतर्गत व्यक्तिगत नवीन खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना व विस्तार, स्व-सहायता समूहों द्वारा स्थापना, किसान उत्पादक संगठन द्वारा स्थापना, सामान्य सुविधा, सामान्य उदभवन केन्द्र स्थापित करने एवं विस्तार हेतु बैंकों से ऋण हेतु प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना के अंतर्गत आवेदन मंगाये गये है। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि योजनान्तर्गत 18 वर्ष से अधिक आयु के उद्यमी एवं इकाई प्रतिबंधित सूची में शामिल न हो की पात्रता होगी। इसमें पूंजीगत अनुदान, व्यक्तिगत परियोजना-पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये, स्व-सहायता समूह पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत, अधिकतम 10 लाख रुपये, किसान उत्पादक संघ पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत तथा सामान्य उदभवन केन्द्र पूंजीगत ऋण पर 35 प्रतिशत अनुदान है। इन्टरेस्ट सबवेन्शन तथा टॉप अप कनवर्जेस योजना में ब्याज में छूट प्रदान किया जाता है।

प्लेसमेंट कैंप 4 को

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में 4 जुलाई 2024 को प्रातः 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें दो निजी कंपनियों में रिक्त विभिन्न 119 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिले के योग्यताधारी आवेदक समस्त मूल प्रमाण-पत्रों के साथ उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है। जिला रोजगार अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मे.न्यूट्रीनिटी क्रॉप केयर प्रा.लि.रायगढ़ में 12 वीं पास आवेदकों के लिए सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के रिक्त 36 पद, 12 वीं एवं स्नातक उत्तीर्ण के लिए ग्रुप लीडर में 2 पद एवं टीम लीडर में 1 पद रिक्त है। इसी तरह मे.एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड रायपुर में 12 वीं पास उत्तीर्ण आवेदकों के लिए इंडिविजुअल रिलेशनशिप में 50 पद तथा ग्रुप क्रेडिट ऑफिसर (जीसीओ)में 30 पद रिक्त है।

नवीन कानून पर सेमिनार आयोजित

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) रामगोपाल करियारे, एसडीओपी खरसिया प्रभात कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर खरसिया पुलिस द्वारा आज स्वर्गीय लखीराम अग्रवाल ऑडिटोरियम ठाकुरदिया खरसिया में नवीन आपराधिक कानून 2023 पर आधारित सेमिनार दंड संहिता से न्याय संहिता की ओर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पुलिस अनुविभागीय अधिकारी खरसिया प्रभात पटेल, थाना प्रभारी खरसिया कुमार गौरव साहू एवं वक्ता के रूप में आमंत्रित अधिवक्ताओं ने नवीन कानून के संबंध में कार्यक्रम में उपस्थित नगरवासियों को विस्तार से जानकारी दिया गया और नवीन कानून में नागरिकों के अधिकार के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मीनारायण राठौर द्वारा किया गया। कार्यक्रम में खरसिया क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, अधिवक्तागण, पत्रकार एवं करीब 300 की संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिन्होंने नवीन कानून संहिताओं की जानकारी ली और इसे लाभकारी बताए ।

जनसमस्या निवारण शिविरों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन सामान्य एवं जनशिकायत निवारण विभाग के निर्देशानुसार जिले में जनसमस्या निवारण शिविरों के निराकरण की प्रकिया हेतु जिले के लिए नोडल अधिकारी,सहायक नोडल अधिकारी एवं सदस्य नियुक्त किए गए हैं। सम्पूर्ण जिले के नोडल अधिकारी जिला कलेक्टर सरगुजा एवं सहायक नोडल अधिकारी जिला पंचायत सरगुजा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी होंगे। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर, सीतापुर, उदयपुर, धौरपुर अपने उपसंभाग के क्षेत्र के नोडल अधिकारी तथा सभी विभाग प्रमुख सदस्य होंगे।

विधानसभा प्रश्नों के उत्तर भेजने अधिकारी नियुक्त

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का तृतीत सत्र 22 जुलाई से 26 जुलाई तक आहूत किया गया है। इस दौरान निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर को निर्धारित समयसीमा में शासन को प्रेषित करने एवं उसकी सतत मॉनिटरिंग हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। इस हेतु नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर जिला सरगुजा अमृत लाल ध्रुव एवं सहायक नोडल अधिकारी सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख प्रांजल गोयल होंगे।

विधानसभा सत्र के दौरान अवकाश प्रतिबंधित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधानसभा का तृतीत सत्र 22 जुलाई से 26 जुलाई 2024 तक आहूत किया गया है। 02 जुलाई से 30 जुलाई तक विधानसभा के दौरान जिले में पदस्थ समस्त शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधानसभा सत्रावधि के दौरान समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यालय या मुख्यालय में रहना रहेंगे। अति आवश्यक कार्य या अपरिहार्य कारणों से अवकाश पर जाने अथवा मुख्यालय छोड़ने की स्थिति में तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के अवकाश की स्वीकृति संबंधित विभाग के कार्यालय प्रमुख द्वारा एवं जिला स्तर के अधिकारी के अवकाश हेतु कलेक्टर सरगुजा से लिखित अनुमति प्राप्त करने के पश्चात ही अवकाश पर प्रस्थान कर सकेंगे।

एक माह में बनाए गए 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड

कलेक्टर ने मिशन मोड में आयुष्मान कार्ड बनाने दिए हैं निर्देश

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले में छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड निर्माण का काम तेजी से जारी है। पिछले एक माह में कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देश पर पूरे जिले में अभियान चला कर 30 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बनाए गए। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव के नेतृत्व में स्वास्थ्य और पंचायत विभाग जमीनी स्तर पर मुहिम चला रहा है। गांव-गांव में कैंप लगाकर छूटे हुए लोगों के कार्ड बनाए जा रहे हैं। प्रतिदिन विकासखंडवार कार्ड निर्माण के कार्य की प्रगति की मॉनिटरिंग की समीक्षा की जा रही है। जिसका परिणाम रहा कि 30 हजार लोगों से संपर्क कर आयुष्मान कार्ड का निर्माण कर लिया गया है।

कलेक्टर श्री गोयल ने पूरे जिले में आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य को मिशन मोड में करने के निर्देश दिए है। जिस पर सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव द्वारा जिले के विभिन्न विकासखण्ड में दौरा कर आयुष्मान कार्ड प्रगति की समीक्षा कर रहे है। इसके साथ ही कम प्रगति वाले क्षेत्रों में विशेष प्लानिंग कर लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिससे स्वास्थ्य विभाग द्वारा ब्लॉकवार गांवों में नियमित रूप से शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे है। जिसके तहत जून माह में विकासखण्ड पुसौर में 2020, रायगढ़ में 3641, खरसिया में 3231, तमनार में 3140, घरघोड़ा 1999, लैलूंगा 4650, धरमजयगढ़ 12609 इस तरह कुल 31 हजार 290 आयुष्मान कार्ड बनाए गए है। इस तरह जिले में अब तक कुल 9 लाख 13 हजार 644 आयुष्मान कार्ड बनाये जा चुके है। कलेक्टर श्री गोयल ने शेष हितग्राहियों का शत-प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाये जाने हेतु निर्देशित किया है। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार द्वारा निम्न एवं गरीब तबके के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैय्या कराने आयुष्मान कार्ड योजना का संचालन किया जा रहा है। जिसके तहत शासन के निर्देशानुसार सामाजिक, आर्थिक एवं जातीय जनगणना (एसईसीसी)अंतर्गत परिवार एवं अंत्योदय व प्राथमिकता के क्रियाशील राशन कार्डधारी परिवारों को इसका लाभ मिल रहा है। योजनान्तर्गत शासकीय जिला चिकित्सालय रायगढ़ या किसी पंजीकृत चिकित्सालयों में योजना के निर्धारित चिकित्सा पैकेजों के माध्यम से भर्ती होने की स्थिति में प्रतिवर्ष (फैमिली फ्लोटर आधार पर) प्रति परिवार 5 लाख रुपये तक के निःशुल्क इलाज प्रदाय किए जाने का प्रावधान है।

आयुष्मान कार्ड के लिए आवश्यक दस्तावेज

जिले के जनसामान्य राशन कार्ड, आधार कार्ड, फोटोयुक्त अन्य कोई भी शासकीय पहचान पत्र एवं मोबाईल नंबर के साथ नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या शिविर में उपस्थित होकर अपना आयुष्मान कार्ड बनवा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी एवं किसी भी प्रकार की सहायता हेतु हेल्प लाईन नंबर 104 में संपर्क कर सकते है।

चक्रधर समारोह सुझावों के अनुसार-कलेक्टर

39 वें चक्रधर समारोह के आयोजन की तैयारियां शुरू कर दी गई है। 07 सितंबर गणेश चतुर्थी के दिन से समारोह की शुरुआत होगी। समारोह की रूपरेखा तैयार करने आज कलेक्ट्रेट में कलेक्टर एवं चक्रधर समारोह आयोजन समिति के अध्यक्ष कार्तिकेया गोयल की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें रायगढ़ राजपरिवार के सदस्य, जनप्रतिनिधि, कला और खेल प्रेमी, मीडिया प्रतिनिधियों सहित गणमान्य नागरिक शामिल हुए। बैठक में पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। बैठक में समारोह स्थल के चयन व अवधि और कार्यक्रम की रूपरेखा और कलाकारों के चयन के संबंधी बिंदुओं पर सुझाव लिए गए। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि रायगढ़ कलाधानी है, चक्रधर समारोह पूरे देश के कलाप्रेमियों के बीच एक विशेष स्थान रखता है। जिला प्रशासन चक्रधर समारोह के गरिमामयी आयोजन को लेकर प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम के आयोजन को लेकर सभी से सुझाव लिए जा रहे हैं। जिसके आधार पर समारोह के आयोजन को अंतिम रूप दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रशासन द्वारा चक्रधर समारोह की अब तक की यादों को सहेजने के लिए एक पुस्तिका तैयार की जा रही है इसमें पिछली फोटोज और लेखों को संग्रहित किया जाएगा। इसी के साथ उन्होंने आयोजन में प्रशासन के साथ शहर के समाजसेवी संस्थाओं से भी सहयोग की बात कही। सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने समारोह के आयोजन में प्रतिदिन के कार्यक्रम के आयोजन और स्थानीय कलाकारों के साथ स्कूली बच्चों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान किए जाने की बात रखी। बैठक में चक्रधर समारोह के आयोजन पर उपस्थित जनों ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का आयोजन पूर्व की भांति रामलीला मैदान में किए जाने की बात रखी गई। जिस पर वहां खिलाड़ियों को आयोजन के पश्चात मैदान को लेकर होने वाली असुविधा का पक्ष भी खेल प्रेमियों के द्वारा दिया गया, साथ ही आयोजन के पश्चात मैदान को खिलाड़ियों को पुनः व्यवस्थित करने का सुझाव दिया गया। चक्रधर समारोह के आयोजन के समयावधि के संबंध में पूर्व की भांति 10 दिनों तक समारोह आयोजित किए जाने का मत रखा गया। इसी के साथ स्थानीय कलाकारों को भी मंच प्रदान करने का सुझाव दिया गया। खेल प्रतियोगिताएं भी चक्रधर समारोह के आयोजन का हिस्सा रही हैं। इसी क्रम में इस वर्ष भी कुश्ती और कबड्डी प्रतियोगिताएं आयोजित करने का सुझाव दिया गया। बैठक में शामिल कुछ सदस्यों के द्वारा आयोजन शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम, नटवर स्कूल मैदान व नगर निगम ऑडिटोरियम में किए जाने की भी बात रखी गयी। बैठक में उर्वशी देवी, प्रिंसेस विजयश्री देवी सिंह, जगदीश मेहर, नेता प्रतिपक्ष नगर निगम पूनम सोलंकी, सुभाष पाण्डेय, नटवर सिंघानिया, मनोज श्रीवास्तव, दिनेश जायसवाल, संतोष अग्रवाल, प्रो.अम्बिका वर्मा, दीपक पाण्डेय, देवेश शर्मा, तन्मय दास गुप्ता, हुतेन्द्र शर्मा, युवराज सिंह आजाद, नरेश शर्मा, एच.आर.तिवारी, श्री सनत, अविनाश पाठक, राजेश जैन, अमित गुप्ता, शेख ताजीम, रोहिताश्व बेहरा, श्याम देवकर, शैलेष राज सिंह आदि उपस्थित थे।

चोर व खरीदार सहित 4 गिरफ्तार

आरोपियों से चोरी की 5 बाइक बरामद

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा बाइक चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों में कमी लाने पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुए आरोपियों की धर पकड़ के लिए साइबर सेल तथा थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया है । निर्देशों के पालन में डीएसपी साइबर सेल अभिनव उपाध्याय के नेतृत्व में साइबर सेल की टीम मुखबिर लगाकर संदेहियों पर निगाह रखे हुए है कि आज कबीर चौक, जूटमिल में पूर्व में चोरियों में चालान हुए अनिल मिश्रा को चोरी की बाइक की बिक्री के लिए चर्चा करने की सूचना मिली। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर डीएसपी अभिनव द्वारा थाना कोतवाली, जूटमिल और साइबर सेल की टीम तैयार कर संदेही को धर दबोचा गया। संदेही से कड़ी पूछताछ में अपने साथी घरघोड़ा के महावीर सोनवानी और दो अन्य लड़कों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल और पिकअप चोरी करना बताया और गत दिनों 21 जून के दोपहर पुराना शनि मंदिर रायगढ़ के पास से स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल सीजी 13 जेड 7327 को चोरी कर घर में छिपा कर रखना बताया। आरोपी अनिल मिश्रा के मेमोरेंडम पर उसके घर पर दबिश देकर चोरी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस सीजी 13 जेड 7327 की जप्ती की गई।

आरोपी अनिल मिश्रा से मिली जानकारी पर आरोपी महावीर सोनवानी के सकुनत घरघोड़ा में जाकर संयुक्त टीम द्वारा दबिश दिया गया। आरोपी महावीर सोनवानी के पास एक सीडी डीलक्स और एक अवेंजर मोटरसाइकिल मिली जिसे जप्ती की गई। आरोपी ने इसके अतिरिक्त उसके साथियों के साथ मिलकर चोरी की गई दो और मोटरसाइकिल जिसमें हीरो पैशन प्रो को घरघोड़ा निवासी नंदू चौहान को 5000 में तथा घरघोड़ा निवासी तस्लीम खान को एक हीरो एचएफ डीलक्स की बिक्री करना बताया। आरोपी महावीर सोनवानी से मिली जानकारी पर आरोपी नंदू चौहान और तस्लीम खान के घर दबिश देकर चोरी की मोटरसाइकिल की बरामद की गई है। आरोपियों द्वारा चोरी की मोटरसाइकिल खरीदने पर प्रकरण में धारा 411, 34 आईपीसी जोड़ा गया। थाना कोतवाली में शनि मंदिर चोरी के अपराध में प्रार्थी राम कुमार निवासी धांगरडीपा कोतवाली के रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 382/2024 धारा 379 आईपीसी+ 34, 411 आईपीसी कायम किया गया है, मामले में गिरफ्तार चारों- आरोपी अनिल मिश्रा, महावीर सोनवानी, तस्लीम खान उर्फ गोलू और नंदू चौहान को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजो गया है।

शिक्षा से उज्ज्वल होता है जीवनः दिलेन्द्र

सीपत/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग की महती योजना नवीन शिक्षा सत्र 2024-25में शाला प्रवेशोत्सव अभियान के तहत स्कूलों में नंन्हे मुन्ने बच्चो को विद्यालय प्रवेश की दिशा में स्कूल आ पढ़े बर जिनगी ल गढ़े बर के वाक्यांश के साथ शा प्रा एवम शा पूर्व मा शा कौवाताल में शाला प्रवेशोत्सव अभियान रखा गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य नूरी दिलेन्द्र कौशिल, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति संदस्य दिलेन्द्र कौशिल वरिष्ठ पत्रकार रियाज असरफी, पूर्व जनपद सदस्य योगेश साहू, एस एम सी संदस्य दिलहरण साहू, सौखी लाल साहू, जीवन लाल साहू के आतिथ्य में सरस्वती वंदना, अतिथि स्वागत के साथ कक्षा पहली दस बच्चो और छठवीं के 22 बच्चो को तिलक वंदन, मिष्ठान खिलाते हुए, गणवेश पुस्तक प्रदान करते हुए बच्चो शाला प्रवेशोत्सव अभियान से जोड़ने हेतु बच्चो को प्रवेश सेल्फी बूथ, अल्फाबेट्स ,योजनाओं का नाम शिक्षिका सरोंज डोंगरे द्वारा स्वनिर्मित विशेष प्रवेशोत्सव सामग्री से अभिनव पहल करते हुए शाला प्रवेशोत्सव को रोचक बनाते हुए अगली कड़ी में अतिथि संबोधन में नूरी दिलेन्द्र कौशिल ने शिक्षा को समाज राष्ट्र का सबसे सशक्त माध्यम के संबोधन के साथ बेहतर शिक्षा अध्ययन की बात कही। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति संदस्य के द्वारा बच्चो को राष्ट्र निर्माता भावी पीढ़ी के नायक की बात कहते हुए शुभकामनाये प्रदान किया गया। वरिष्ठ पत्रकार ने बच्चो को नए शिक्षा सत्र की बधाई के साथ शिक्षा सबका अधिकार की बात कही। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक शैक्षिक समन्वयक प्रमोद कुमार पाण्डेय ने किया कार्यक्रम के अंत मे आभार प्रदर्शन प्रधान पाठक पूर्व मा शा कौवाताल रामकिशुन सूर्यवंशी ने अतिथियों का आभार ब्यक्त किया। अतिथियों ने कटहल का पौधा रोपित करते हुए विद्यालय को हरा भरा बनाने की दिशा में उत्कृष्ठ पहल बताया।

शिविर में बंदियों को कानूनी अधिकारों की दी जानकारी

रायगढ़/नवप्रदेश। जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में आज जिला जेल रायगढ़ का भ्रमण किया गया। साथ ही विधिक साक्षरता शिविर का भी आयोजन किया गया। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट देवेंद्र साहू के द्वारा आयोजित शिविर में बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी प्रदान करते हुए जिन बंदियों के मामले में अधिवक्ता नहीं हैं उनकी ओर से लीगल एड डिफेंस कौसिल, पैनल अधिवक्ता, प्रतिधारक अधिवक्ता द्वारा मामले में पैरवी करने तथा जमानत आदि की कार्यवाही करने के बारे में बताया गया। छोटे अपराधों में निरूद्ध ऐसे बंदी, जो लम्बे समय से जेल में हैं, उनके मामलों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा त्वरित संज्ञान लेने तथा संबंधित न्यायालय में जमानत आवेदन दाखिल कराये जाने हेतु सचिव अंकिता मुदलियार को निर्देशित किया गया। साथ ही ऐसे बंदी जिनकी जमानत स्वीकृत हो गई है, किन्तु किसी असमर्थतता के कारण जमानत प्रस्तुत नहीं किया गया है, ऐसे मामलों में धारा 440 द.प्र.सं.के अन्तर्गत आवेदन संबंधित न्यायालय में दाखिल कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कैदियों को मिलने वाली भोजन व मिलने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी लिया गया। जिला जेल से संबंधित इंफ्रास्ट्रक्चर, जेल की क्षमता, बंदियों के लिये विडियो कान्फ्रेन्सिग के माध्यम से मुलाकात करने एवं न्यायालय पेशी में उपस्थित होने के संबंध में समीक्षा ली गई।

चलो गांव चले अभियान में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के प्रति कलेक्टर ने जताई नाराजगी

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर विलास भोसकर ने मंगलवार को समय सीमा की बैठक में चलो गांव चले अभियान के तहत पंचायत नोडल अधिकारियों द्वारा उनके प्रभार के पंचायतों में भ्रमण और प्रस्तुत रिपोर्ट की समीक्षा की। इस दौरान जिन अधिकारियों द्वारा अपने पंचायत में भ्रमण नहीं किया गया, उन्हें फटकार लगाते हुए भ्रमण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के जमीनी स्तर पर सफल क्रियान्वयन का अवलोकन करने और आमजन तक समस्त सुविधाएं पहुंचाने यह अभियान चलाया जा रहा है। इसमें किसी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आगामी 5 जुलाई को जनपद पंचायत अम्बिकापुर के ग्राम परसा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जाना है। कलेक्टर श्री भोसकर ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि समय पर शिविर का संचालन हो और समस्त विभाग अनिवार्य रूप से उपस्थित रहें जिससे लोगों को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। बैठक में कलेक्टर श्री भोसकर ने समयसीमा में आए आवेदनों की समीक्षा और संबंधित अधिकारियों से आवेदनों के निराकरण और अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

जनदर्शन में आए 74 आवेदन, कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं

कलेक्टर जनदर्शन में मंगलवार को 74 आवेदन आए। इस दौरान सीमांकन पुनरीक्षण, जाति प्रमाण पत्र, प्राकृतिक आपदा से मृत्यु पर सहायता राशि दिलाने, सहित विभिन्न आवेदन आए जिसपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। स्कूल में बच्ची के एडमिशन संबंधी आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंची महिला की समस्या को कलेक्टर ने ध्यानपूर्वक सुना और संवेदनशीलता के साथ शिक्षा के अधिकार के तहत जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में नियमानुसार उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस दौरान लुण्ड्रा से आए आवेदक के भूमि संबंधी मामले में पटवारी की संदिग्ध भूमिका संज्ञान में आने पर कलेक्टर ने संबंधित एसडीएम को जांच कर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, नगर निगम आयुक्त प्रकाश सिंह राजपूत, अपर कलेक्टर एएल ध्रुव सहित समस्त एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

नवीन धाराओं में बाइक चालक पर अपराध दर्ज

रायगढ़/नवप्रदेश।1 जुलाई 2024 से लागू नवीन धाराओं के तहत रायगढ़ जिले के थाना जूटमिल में प्रथम अपराधिक मामला सड़क दुर्घटना का दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार आज सुबह रिपोर्टकर्ता सुनील भास्कर पिता जवाहर भास्कर निवासी सरसिंवा जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ हाल मुकाम छोटे भंडार पुसौर द्वारा थाना जूटमिल में उसके रिस्तेदार (साढ़ू) सुभाष नारंग निवासी ग्राम रामभांठा सरसिंवा के एक्सीडेंट की जानकारी देकर रिपोर्ट दर्ज कराया। रिपोर्टकर्ता ने बताया कि सुबह इसकी साली प्रीति नारंग मोबाइल पर कॉल कर बताई कि आज सुबह अपने पति सुभाष नारंग, बच्चों के साथ मोटरसाइकिल में गांव से रायगढ़ आ रहे थे। कोड़ातराई और पटेलपाली के मध्य सुबह करीब 7.15 बजे से सामने से आ रहे एक एचएफ डीलक्स मोटर सायकल के चालक द्वारा तेज और लापरवाही चलते हुए सामने से ठोंकर मार कर भाग गया जिससे तीनों बाइक समेत नीचे गिर गए। दुर्घटना से पति (सुभाष नारंग) को चोटें आई है जिन्हें आर.एल. अग्रवाल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। थाना जूटमिल में दुर्घटना कारित करने वाले आरोपी एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल के चालक पर अपराध क्रमांक 314/2024 धारा 281, 125(ए) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

समीक्षा — विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से की गई समीक्षा

स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों सहित स्थल चिन्हांकित कर कराएं पौधरोपण

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिला अंतर्गत प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्य और विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने बरसात के मौसम में जिले के विद्यालयों,आंगनबाड़ी केंद्रों सहित अन्य उचित स्थल चिन्हांकित कर पौधरोपण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने वन विभाग से पौधो की उपलब्धता की जानकारी लेते हुवे आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिले में आमजनों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सभी ब्लॉक में शिविर लगाए जाने की तैयारी करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर ने सभी जनपदों से जनपदवार शिविर के लिए उपयुक्त स्थलों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा संबंधित अधिकारियो को शिविर आयोजन के लिए कार्यक्रम की रूपरेखा बनाए जाने के निर्देश दिए है।

समय सीमा की बैठक में जिला कोषालय अधिकारी दशरथ सोनी ने बताया की जुलाई माह से सारे विभागों के देयक ऑनलाइन ही स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने सभी आहरण और संवितरण अधिकारियो को ऑनलाइन तकनीक से देयक भेजे जाने के प्रक्रिया की जानकारी दी तथा इस कार्य में किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या आने पर जिला कोषालय कार्यालय से संपर्क करने कहा। कलेक्टर ने बरसात के मौसम में जलजनित बीमारियों से बचाव के लिए आवश्यक उपाय करने के निर्देश मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। बैठक में कलेक्टर ने नगरीय निकाय के परिसीमन कार्य की जानकारी ली तथा उन्होंने कहा की आगामी समय में नगरीय निकाय और पंचायत के चुनाव होने है। कलेक्टर ने आगामी चुनाव के लिए संबंधित अधिकारियो को आवश्यक डिमांड जल्द भेजने के निर्देश दिए है। बैठक में कलेक्टर ने जिले मे खाद-बीज की उपलब्धता और वितरण की जानकारी लेते हुए सभी सोसायटी में आवश्यकतानुसार खाद बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर ने पीएम किसान सम्मान निधि, ई केवाईसी, लैंड सीडिंग, आधार सीडिंग की भी जानकारी ली। इसके साथ ही कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना के पूर्ण, अपूर्ण, प्रगतिरत कार्य सहित अद्यतन स्थिति की जनपदवार जानकारी ली। उन्होंने मनरेगा अंतर्गत संचालित कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कलेक्टर ने जिले के छात्रावासो के निरीक्षण के लिए निर्धारित नोडल अधिकारियों को छात्रावासो का निरीक्षण कर आवश्यक रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। इसी प्रकार कलेक्टर द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, आदिम जाति कल्याण विभाग, खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग, राजस्व विभाग, लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। इसके साथ ही कलेक्टर द्वारा विभागवार समय सीमा की लंबित प्रकरणों, जनदर्शन में प्राप्त शिकायतों आदि का विस्तार से समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियो को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए गए है। इसके साथ ही बैठक में कलेक्टर ने जिले में आयुष्मान कार्ड निर्माण कार्य, ई श्रम पोर्टल में श्रमिको की एंट्री, जाति प्रमाण पत्र, पेंशन प्रकरण, जल जीवन मिशन, अविवादित नामांतरण, खाता विभाजन, नक्शा अद्यतीकरण, सीमांकन सहित अन्य कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। समय सीमा की बैठक पश्चात परियोजना निदेशक बी पी भारद्वाज द्वारा लखपति दीदी कार्यक्रम के कार्य योजना के बारे में पीपीटी के माध्यम से आवश्यक जानकारी दी गई।

प्रतियोगिता के लिए जिला ग्रंथालय होगा मील का पत्थर साबित

सुशील शुक्ला

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों में जुटे प्रतिभागियों एवं अध्ययन में रूचि रखने वालों के लिये शासकीय जिला ग्रंथालय मील का पत्थर साबित हो रहा है। जिला ग्रंथालय में लगभग 328 लोगों का पंजीयन किया गया है। ग्रंथालय में लगभग 3500 किताब जिला ग्रंथालय में उपलब्ध है। जिसका लाभ प्रतिदिन 150 से 200 लोगों द्वारा लिया जा रहा है। सुबह 8 बजे से लेकर रात 8 बजे तक दो पालियों में इसका संचालन किया जा रहा है।

शासकीय जिला ग्रंथालय सुबह 8 बजे से खुल जाती है जो रात 8 बजे तक सदस्यों के लिए उपलब्ध रहती है। अध्ययन करने वाले एवं परीक्षार्थी अलग-अलग समय पर आकर यहां अपनी तैयारी करते हैं। सदस्यों की संख्या ज्यादा हैं। ऐसे में दो पालियों में लाइब्रेरी का संचालन किया जाता है। हालांकि अध्ययन करने वालों के लिये कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं की गई है, वे दिनभर बैठकर यहां पर ज्ञान अर्जित कर सकते हैं। युवाओं को अपना ज्ञान बढ़ाने के लिए शांत माहौल, जिसमें वे शांतचित होकर पढ़ाई कर रहे हैं। कोई प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में जुटा है तो कोई देश-दुनिया की ताजा घटनाओं से रूबरू हो रहा है।

यहां युवा अपना सुनहरा भविष्य गढ़ रहे हैं। शिक्षा विभाग द्वारा तैयार यह लाइब्रेरी युवाओं के बौद्धिक विकास के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। नगर ही नही वरन जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी का केंद्र के रूप में स्थापित हो रहा है। पूर्व में शहर में एक सर्वसुविधायुक्त लाइब्रेरी की कमी महसूस की जा रही थी। शिक्षा विभाग ने सौगात देकर यह कमी दूर कर दी है। बीआरसाव स्कूल परिसर में लाइब्रेरी में शिक्षा विभाग द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना की गई है। लाइब्रेरी में 328 से अधिक पंजीकृत सदस्य हैं, जो यहां पठन-पाठन कर रहे हैं। इसके माध्यम से युवा अपने सुनहरे भविष्य की ओर अग्रसर हो रहा है।

लाइब्रेरी परिसर में पाठकों के पढ़ने के लिए अलग-अलग विषयों की 3500 पुस्तकें हैं। इसमें कला, विज्ञान, गणित, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, कानून, मोटिवेशनल, मेडिकल, अध्यात्म, प्रतियोगी परीक्षाओं के स्टडी मटेरियल के साथ अन्य विषयों की पुस्तकें शामिल हैं। इसके अलावा साहित्य जगत, उपन्यास और ख्यातिलब्ध लेखकों की पुस्तकों का भी विशेष संग्रह रखा गया है। इसी तरह डिजिटल लाइब्रेरी में 4 कम्प्यूटर हैं।

इसमें स्टडी मटेरियल उपलब्ध है। इसके जरिए युवा देश-दुनिया से जुड़ रहे हैं और डिजिटल तरीके से पढ़ाई भी कर रहे हैं। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही नगर की छात्रा ने बताया कि इस लाइब्रेरी के खुल जाने के बाद से प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता अर्जित करने के लिये एक नई दिशा मिली है। यहां पर उपलब्ध किताबों के अलावा शांत माहौल में तैयारी करने के लिये एक प्लेटफार्म मिला है जो हमें एक नई दिशा प्रदान कर रहा है। ग्राम देवगांव के छात्र अनित साहू ने बताया कि इस लाइब्रेरी में अधिकतर प्रतियोगी परीक्षाओं के पुस्तकों के अलावा सामान्य ज्ञान, ज्ञानवर्धक पुस्तकों की उपलब्धता रहती है। एक अच्छे माहौल में शिक्षा ग्रहण करने का एक अच्छा माध्यम मिला है। समीपस्थ ग्राम पण्डरभट्ठा से पीएससी की तैयारी कर रही छात्रा ने बताया कि वह लगभग 7 से 8 घंटे तक एक अच्छे माहौल में तैयारी में जुटी हुई है। समीपस्थ ग्राम झगरहट्ठा एवं पेण्डाराकापा के प्रतियोगियों ने बताया कि इस लाइब्रेरी में ज्ञान एवं पुस्तकों से संबंधित सभी चीजे उपलब्ध है। किन्तु पानी एवं भोजन करने के लिये दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होने अधिकारियों से मांग की है कि इस लाइब्रेरी में असुविधाओं को तत्काल दूर किया जाये।

जनसहयोग से आधुनिकीकरण

शासकीय जिला ग्रंथालय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये एक नई दिशा मिली है, इसमे आने वाली असुविधाओं को तत्काल दूर किया और जनसहयोग से और भी अत्याधुनिक बनाया जावेगा

-पुन्नूलाल मोहले विधायक, मुंगेली

न्यूज गैलरी

नये कानून लागू होने के संबंध में जानकारी देने कार्यक्रम

लखनपुर/नवप्रदेश। अंग्रेजों के जमाने में बनाये गये कानून में संशोधन करते हुए देश में नया कानून बनाया गया है। थाना प्रभारी अश्वनी सिंह ने भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य संहिता, तथा भारतीय नागरिक संहिता के अधिनियमों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी । कार्यक्रम में नपं ,जपं के अधिकारी, शिक्षक, सरपंच पत्रकार एवं जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। थाना प्रभारी अश्वनी सिंह तथा एएसआई अरुण गुप्ता सभी को नए कानून के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आज 1 जुलाई से नया कानून लागू हो चुका है अंग्रेजों के जमाने में बनाये गये कई कानून व धाराओं को संबोधित की गई है। कार्यक्रम के दौरान लखनपुर थाना के आरक्षक दशरथ राजवाड़े ने जनप्रतिनिधियों से नगर में सीसी कैमरा स्थापित कराने थाने में शेड निर्माण की मांग किया। नपं अध्यक्ष सावित्री दिनेश साहू एवं पार्षद कृपा शंकर गुप्ता ने अपने मद से सीसी कैमरा शेड निर्माण करानेका आश्वासन दिया। इस सेमिनार में मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू पूर्व जनपद उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, कृपा शंकर गुप्ता, दिनेश गुप्ता राकेश अग्रवाल ,जनपद सीईओ वेद प्रकाश पांडेय, नगर पंचायत सीएमओ विद्यासागर चौधरी ,सचिन अग्रवाल ,शशिधर पांडेय ,देवेश वर्मा ,मुकेश बारी, गणमान्य नागरिक थाना स्टाफ मौजूद रहे।

शिक्षा ऐसी शय है जो किसी भी हाल में साथ नहीं छोड़ता

लखनपुर/नवप्रदेश। शिक्षा का जीवन में बहुत बड़ा योगदान होता है। शिक्षा धन सबको हासिल करना चाहिए। विद्वान व्यक्ति का सभी जगह कद्र होता हैं। शिक्षा ऐसी शय है जो किसी भी हाल में साथ नहीं छोड़ता। इस लिये सभी को विद्या धन अर्जित करने चाहिए। उपरोक्त बातें अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने अपने विस क्षेत्र के अंबिकापुर मल्टीपर्पस स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव में उपस्थित स्कूली बच्चे उनके अभिभावक शिक्षक शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए कहा। विधायक अग्रवाल ने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक लगा मिठा खिला तथा पाठ्य पुस्तक और गणवेश वितरण कर शाला में प्रवेश कराया।मेधावी छात्र-छात्राएं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में लूंड्रा विधायक प्रबोध मिंज सीतापुर विधायक रामकुमार टोप्पो वरिष्ठ नेतागण, प्रशासनिक अधिकारी एवं स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाए गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

6 वाहनों पर हुई कार्रवाई

लखनपुर/नवप्रदेश। थाना लखनपुर में एमव्ही एक्ट के तहत वाहनों की सघन जांच की गई जिसमें 6 वाहनों पर कार्यवाही करते हुए शाम 7 बजे तक पुलिस लखनपुर ने 18 रूपये समस शुल्क वसूल किये।

कृषि आदान विक्रय केंद्रों में निरीक्षण दल ने की कार्रवाई

सुरजपुर/नवप्रदेश। जिले के कृषि आदान बिक्री केंद्रों से जिले के कृषको को उच्च गुणवत्ता युक्त आदान सामग्री उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए रोहित व्यास कलेक्टर निर्देश एव जिले के उपसंचालक कृषि सूरजपुर के मार्गदर्शन में जिले में निरीक्षण दल गठन किया गया है इसी दल द्वारा दिनांक 3.7 2023 को प्रताप कृषि सेवा केंद्र केवरा में निरीक्षण की गई जिसके यहाँ कीटनाशक अधिनियम 1968 एव कीटनाशक नियम 1971 के तहत अनियमितता पाए जाने पर जप्ती कर सुपुर्दगी कर कीटनाशक दवाओं पर प्रतिबंध एव नोटिस जारी कर 3 दिवस के अंदर जवाब मांगा गया है संतोष प्रद जवाब नही देने पर लाइसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी गई है ।

निधन

चंद्रकांत शेखर उपाध्याय

भिलाई/नवप्रदेश। श्री चंद्रकांत उपाध्याय (शेखर) पिता स्व. कंठुप्रसाद उपाध्याय का अस्वस्थता के चलते रायपुर में 3 जुलाई की शाम निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 4 जुलाई को निवास स्थान भिलाई, सेक्टर-6, सड़क-76, मकान नंबर 7/डी से रामनगर मुक्तिधाम, भिलाई के लिए सुबह 10 बजे निकाली जाएगी। वे बालोद निवासी स्व. किशोरी प्रसाद उपाध्याय एवं श्री जुगल किशोर उपाध्याय (बबला) के अनुज थे।

आंधी से भवन का शेड उड़ा

लखनपुर/नवप्रदेश। वन परिक्षेत्र के कटिंदा बीट में लघु वनोपज संग्रहण के लिए लाखों रुपये लागत से बनाया गया भवन बदहाल है। 3 साल बाद भी भवन का निर्माण कार्य पूरा नहीं हो पाया है। भवन बनने से पहले ही जर्जर हो गई है। लगाया गया टीन शेड आंधी तूफान में उड़ गये तथा अन्य सामान अज्ञात चोर ले उड़े। शेष बचे एंगल लोहा आदि उखाड़ कर चोरी कर ले जाया जा रहा है। इसका सुध लेने वाला कोई नहीं है।

शासन द्वारा लघु वनोपज में चार, महुआ हर्रा बहेरा गोद इत्यादि संग्राहकों से खरीदारी करने भवन का निर्माण कराया गया है। विभागीय अधिकारियों के उदासीन रवैया लापरवाही के कारण भवन का निर्माण कार्य मुकम्मल नहीं हो सका है। लाखों का भवन देखरेख के अभाव में अपने हाल पर आंसू बहा रहा है। समय से पहले ही जर्जर हो चुका है। ग्राम पंचायत बंधा सहित कई क्षेत्रों में वन विभाग के द्वारा जंगलों की देखभाल एवं लघु वन उपज खरीदी के लिए के लिए मकान बनाकर छोड़ दिया गया है । लिहाजा उन भवनों का उपयोग नहीं किया जा रहा है। वन विभाग के द्वारा बनाये गये भवनों में वन कर्मियों के नहीं रहने तथा एवं देखरेख के अभाव नवीन भवन जर्जर होते जा रहे हैं। इस तरह से वन परिक्षेत्र लखनपुर के अधिनस्थ बनाये गये शासकीय भवन नशेड़ियों का अड्डा एवं शोपीस बनकर रह गए हैं। वनपरिक्षेत्राधिकारी मेरी लीला लकड़ा ने चर्चा करने पर बताया लघु वनोपज खरीदी के लिए वंदन केंद्र भवन बनाया गया है लेकिन कितने लागत के है कब से बने है। मेरी जानकारी में नहीं है। पता करना होगा।

ट्रक में लोड़ 16 टन स्क्रैप के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। घरघोड़ा पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब, जुआ-सट्टा, कबाड़ जैसी गतिविधियों पर मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है । थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी को मुखबीर से मिली सूचना पर गस्त दौरान थाना घरघोड़ा स्टाफ द्वारा घरघोडा बाईपास में ट्रक क्रमांक क्क 50-छ्ङ्ग-1731 में ट्रक के चालक को अवैध कबाड़ परिवहन करते पकड़ा गया है । वाहन चालक चन्द्रशेखर यादव पिता रामपलट यादव उम्र 55 वर्ष निवासी टैनी थाना पवईन जिला आजमगढ उत्तर प्रदेश के पास कबाड़ परिवहन के वैध दस्तावेज नहीं होने से विधिवत कार्यवाही करते हुये घरघोड़ा पुलिस द्वारा आरोपित ट्रक चालक चन्द्रशेखर यादव के कब्जे से ट्रक में लोड़ लोहा, एंगल एवं अन्य लोहा के सामान वजनी करीब 16 टन स्कैप कीमती-5,50,000 का मय वाहन जप्त कर आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया है ।

डाक्टर्स डे पर लायंस क्लब ने डॉक्टरों का किया सम्मान

जांजगीर/नवप्रदेश। डाक्टर्स डे के अवसर पर लायंस क्लब के तत्वधान में जिला अस्पताल के सिविल सर्जन सभाकक्ष में चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने कहा कि चिकित्सकीय पेसा में आने के पश्चात मानव सेवा ही हमारा सर्वपरि धर्म हैं हम सभी चिकित्सक गण इसे निःस्वार्थ भाव से करते आ रहे है और आगे भी करते रहेंगे। डीपीएम उत्कर्ष तिवारी ने डॉक्टर्स डे के महत्व पर प्रकाश डाला । स्वागत भाषण में लायंस क्लब जांजगीर के चार्टर अध्यक्ष लायन देवेश सिंह ने कहा कि चिकित्सक धरती में भगवान स्वरूप होते है जो दीनहीन रोग से पीड़ित और परेशान व्यक्तियों के दुःख दर्द को दूर करते है । सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत ने कहा कि 1 जुलाई भारत मे चिकित्सकों को सेवा ,धर्म,समाज के प्रति जिम्मेदारी को याद दिलाने के लिये डॉ विधान चंद्र राय के जन्मजयंती के अवसर पर मनाया जाता है । लायंस क्लब द्वारा डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया,(मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी),डॉक्टर अनिल जगत(सिविल सर्जन),उत्कर्ष तिवारी,डॉ सरोज कश्यप, डॉ आर.एल.ठाकुर,डॉ यू.के.मरकाम,डॉ नितिन जुनेजा, डॉ ममता जगत,डॉ आलोक मंगलम,डॉ हरीश पटेल,डॉ अश्विनी राठौर,डॉक्टर संगीता देवांगन, डॉक्टर खुशबू कच्छप, डॉ वसंधरा कश्यप,डॉ पुष्पेन्द्र पटेल,डॉ शहबाज खाण्डा ,डॉ प्रफुल चौहान, डॉ संगम लाल,डॉ प्रियंका जोशी,डॉ लोकेन्द्र कश्यप, डॉ दीपक साहू,डॉ कार्तिक बघेल,डॉ रितुराज सिंह,डॉ अमित मिरी,डॉ दीवान,डॉ निकिता खेश,डॉ आकाश थवाईत एवं लायंस क्लब जांजगीर से डॉ परस शर्मा,डॉ विष्णु पैगवार को शॉल, पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम का संचालन डॉ विष्णु पैगवार एवं आभार प्रदर्शन लायन जुही गौरहा द्वारा किया गया । सम्मान के पश्चात जिला चिकित्सालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया,लायंस क्लब जांजगीर द्वारा अध्यक्ष लायन राजेश पालीवाल का जन्मदिवस भी मनाया गया।

भाजयुमो ने फूंका सांसद राहुल गांधी का पुतला

मुंगेली/नवप्रदेश। राहुल गांधी द्वारा देश की संसद में हिंदुओं को हिंसक, नफरती और असत्य बताने के आक्रोश में भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाह्न पर मुंगेली शहर में पैदल मार्च कर भगवान परशुराम चैक में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष शैलेष पाठक ने बताया कि जिस प्रकार से राहुल गांधी द्वारा बार बार हिदुओं को अपमानित करने का कार्य किया जाता है यह दुर्भाग्य जनक है, हिदुओं को हिंसक कहने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है कि स्वयं वो बकरे को कटवा कर बेजुबान की सब्जी बना सपरिवार खाते रहें है। हिन्दू वो धर्म है जहां पशु पक्षियों में नदी से समुद्र तक वृक्ष से जंगल तक को भगवान के रूप में पूजा जाता है, इंडी गठबंधन के नेता तेजस्वी यादव जो की नवरात्रि में मछली खाकर हिंदुओं को शर्मसार करते हैं हिंदुओं का मजाक बनाते हैं, इन सभी नेताओं को 110 करोड़ हिंदुओं से माफी मांगनी चाहिए। युवा मोर्चा नगर मण्डल अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी ने कहा कि कांग्रेस अथवा राहुल गांधी के द्वारा इस प्रकार के

कृत्य अगर दोहराए जाते हैं तो देश के वातावरण खराब होने की पूरी जिम्मेदारी इन विवादित नेताओ की होगी। परशुराम चौक सिटी कोतवाली के सामने पुलिस के साथ छीनाझपटी के बीच युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश शुक्ला, जिला भाजपा मीडिया प्रभारी सुनील पाठक, जिला कार्यालय प्रभारी कोटूमल दादवानी, शहर महामंत्री रामशरण यादव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सौरभ वाजपेई, प्रदेश कार्य समिति सदस्य यश गुप्ता, महामंत्री राजा तंबोली, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर सिंह टंडन, संतोष जांगड़े, यश राजा ठाकुर, वैभव ताम्रकार, आदर्श जायसवाल, वासुदेव देवांगन, रवि साहू, ऋतुराज सिंह, वासु पांडेय, राहुल साहू, शशांक तिवारी आदि कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

राहुल गांधी को हिन्दू समाज के लोगों से माफी मांगना चाहिए

भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय एवं प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर अस्थाई बस स्टैण्ड सेतगंगा में 02 जुलाई को भाजपा युवा मोर्चा मंडल सेतगंगा के अध्यक्ष हरिभजन सिंह श्रीनेत के नेतृत्व में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। श्रीनेत ने कहा कि राहुल गांधी ने जिस प्रकार संसद में समस्त हिन्दू सामाज को हिंसक बताकर अपमानित किया है जो निंदनीय है। राहुल गांधी को देश के करोड़ो हिन्दूओं और हिन्दू समाज के लोगों से माफी मांगना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हरिभजन सिंह, जितेन्द्र भास्कर, हीरा सिंह कश्यप, सेवप्रकाश साहू, बिहारी सिंह, गागन सिंह, उमाशंकर देवांगन, तुलसी श्रीवास, देवेन्द्र चैहान, संतोष देवांगन, श्याम यादव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आंबा में रिक्त पदों पर भर्ती 15 तक

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ियों में कार्यकर्ता-सहायिकाओं के रिक्त पदों पर भर्ती हेतु आवेदन 15 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। एकीकृत बाल विकास परियोजना मुंगेली 02 की परियोजना अधिकारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र जेठूकापा, करूपान 02, बैहाकापा और बैहरसरी में कार्यकर्ता के लिए और आंगनबाड़ी केन्द्र जेठूकापा, करूपान 02, बैहाकापा, बैहरसरी, सिल्ली 02, लालपुर, सेमरकोना 01, सिपाही 01, टिंगीपुर (च.), चकरभट्ठा 02, चकरभट्ठा 03 और तरवरपुर में सहायिकाओं के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदिका की उम्र 18 से 44 वर्ष के बीच होना चाहिए। कार्यकर्ता के लिए कक्षा 12वीं या 11वीं बोर्ड पास और सहायिका के लिए कक्षा 08वीं पास होना चाहिए।

शराबी प्रधानपाठक पर कार्रवाई हो भाजपा नेता ने सौंपा ज्ञापन

सुरजपुर/नवप्रदेश। जिले के विखं राममनुजनगर के ग्राम सुरता के छातापारा प्राथमिक शाला में दो वर्षों से पदस्थ शराबी प्रधानपाठक समय लाल सिंह द्वारा निरंतर स्कूल में शराब के नशे में धुत होकर नौनिहाल बच्चों की भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए अध्यापन के एवज में बच्चों के साथ मारपीट व गाली गलौज करने को लेकर भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जशपुर जिला प्रभारी मो0 इसराईल ने जिला शिक्षा अधिकारी सूरजपुर को ज्ञापन सौंपते हुए अविलम्ब कार्यवाही कर निलंबन की मांग की है।राममनुजनगर विकास खण्ड अंतर्गत ग्राम सुरता के छातापारा प्राथमिक शाला में पदस्थ एक शराबी प्रधानपाठक के द्वारा स्कुल में निरंतर शराब के नशे में धुत होकर स्कूल संचालन किये जाने तथा बच्चों के साथ मारपीट व गालीगलौज करने की जानकारी प्राप्त होने पश्यचात गत एक जुलाई को ग्राम पंचायत सुरता के सरपंच श्री सुरेश सिंह व हाई स्कूल के प्राचार्य एवं एक मीडिया सहित अन्य ग्रामवासी मौके पर स्कूल पहुंच कर देखा कि हमेशा की तरह आज भी प्रधानपाठक समय लाल सिंह शराब के नशे में धुत है। लोगों के अनुसार शराबी प्रधानपाठक की हरकत की जानकारी संबंधित विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी को समय समय पर शिकायत दिए जाने के बावजूद आज प्रयत्न तक कोई कार्यवाही नहीं किया जाना अधिकारियों द्वारा संरक्षण दिए जाने का परिचायक है। देश के भविष्य के कहे जाने वाले स्कूल के नन्हे मुन्ने बच्चें जिनके शिक्षक भविष्य के रचयिता माने जाते हैं। जब स्कूल के जिम्मेदार प्रधानपाठक ही बच्चों को शिक्षा दिए जाने की जगह नशे में मारपीट व गालीगलौज करने लग जाये तो उस स्कुली बच्चों का क्या होगा।

समीक्षा कलेक्टर आकाश छिकारा ने कहा स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को मिले लाभ

बीमारियों की रोकथाम के लिए करें पुख्ता इंतजाम

जांजगीर/नवप्रदेश। कलेक्टर आकाश छिकारा ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को बारिश के मद्देनजर जिले में डायरिया एवं अन्य जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जिले में डायरिया उन्नमूलन हेतु किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली एवं डायरिया के नियंत्रण हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश में नालियों की साफ-सफाई, जल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पावडर व क्लोरीन की दवा डालने कहा। साथ ही जगह जगह भरे पानी की निकासी की व्यवस्था की करने एवं सड़को की मरम्मत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक के बच्चों हेतु निःशुल्क सहायता योजना अंतर्गत सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल में पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के बच्चों को शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप प्रतियोगी परीक्षाओं सीजीपीएससी, व्यापम, बैकिंग जैसी अन्य परीक्षाओं की निःशुल्क कोचिंग दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 10 जिलों मे से जांजगीर-चांपा जिले में भी इस योजना के तहत निःशुल्क कोचिंग शुरू होने जा रही है।

जिसके लिए संबंधित अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारी पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री के मंशानुरूप ''एक वृक्ष माँ के नाम'' थीम पर जिले में 10 जुलाई से 16 जुलाई तक वृहद वृक्षारोपण अभियान

चलाया जाएगा। डीएफओ ने जिले में 1 जुलाई से किये जा रहे पौधा वितरण एवं 10 से 16 जुलाई तक आयोजित होने वाले पौध रोपण कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी। कलेक्टर ने कहा कि जिले में 1 जुलाई से स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान प्रारंभ किया गया है। स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान अंतर्गत आयुष्मान भारत, सघन टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल, एवं मोतियाबिंद एवं दिव्यांगता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग से चिन्हांकित दल द्वारा घर-घर भ्रमण कर खोज अभियान अंतर्गत संभावित अथवा स्वास्थ्य सुविधा से वंचित हितग्राहियों का चिन्हांकन कर उनको स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित किया जा रहा है। कलेक्टर ने अभियान का सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, बीएमओ, बीपीएम एवं सभी जिला स्तरीय अधिकारी को निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ जांजगीर-चांपा अभियान के तहत अधिक से अधिक नागरिकों को मिले लाभ यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने खाद-बीज, भंडाराण एवं उठाव की समीक्षा करते हुए कहा कि किसानों को खाद-बीज को लेकर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि खाद का नियमित रूप से उठाव हो यह सुनिश्चित करें। उन्होंने नवप्रवेशीत स्कूली बच्चों का जाति प्रमाण पत्र बनवाने के निर्देश देते हुए तहसीलदार, नायब तहसीलदारों को आवश्यक दस्तावेजों के अभाव में लंबित जाति प्रमाण पत्र को ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से समन्वय कर प्रगति लाने कहा। इसके अलावा उन्होंने आवश्यक दस्तावेज के अभाव में रुके जाति प्रमाण पत्र वाले बच्चों का चिन्हांकन करने के भी निर्देश दिए।

जिले में अवैध रूप से की जा रही प्लाटिंग पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। राजस्व के दर्ज, निराकृत और लंबित प्रकरणों की समीक्षा के साथ ही तहसील वार अविवादित नामांतरण, लंबित अविवादित नामांतरण, भू राजस्व के बकाया के रूप में वसूली न्यायालय में लंबित विवादित नामांतरण, विवादित खाता विभाजन, लंबित अविवादित खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन के लंबित प्रकरणों, भूमि त्रुटि सुधार के कार्य, शासकीय भूमि का अतिक्रमण को रोकने और जुर्माना वसूली एवं विभिन्न स्तरों पर प्राप्त आवेदनों पर कार्यवाही की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में विभागवार लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण शीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में सहायक कलेक्टर दुर्गाप्रसाद अधिकारी, एडीएम एसपी वैद्य, जिला पंचायत सीईओ गोकुल कुमार रावटे, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडे सहित जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

बलौदाबाजार में डायरिया का प्रकोप, 117 बीमार

पटवारी और सब इंजीनियर को नोटिस, ग्राम सचिव सस्पेंड

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिले में एक बार फिर डायरिया का प्रकोप बढ़ना शुरू हो गया है। लवन तहसील के ग्राम तुरमा में फैले डायरिया से 117 लोग बीमार है। गांव में इतनी बड़ी संख्या में डायरिया फैलने की खबर से जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मच गया है।

बलौदाबाजार के तुरमा गांव में डायरिया फैलने के बाद कलेक्टर दीपक सोनी, मुख्य स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एमपी महिश्वर, एसडीएम अमित गुप्ता सहित आला अधिकारी गांव पहुंचे। तुरमा गांव का निरीक्षण करने के साथ ही अस्पतालों और स्वास्थ्य शिविरों में मरीजों का हालचाल कलेक्टर ने लिया। गांव में पानी टंकी पर चढ़कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। पाइप लाइन के पानी को भी जांच के लिए भेजने को कहा।

पटवारी और पीएचई इंजीनियर को नोटिस, ग्राम सचिव निलंबितः कलेक्टर ने लापरवाही बरतने के मामले में पटवारी तुलसीराम बर्मन, पीएचई सब इंजीनियर के.आर.पैकरा को नोटिस जारी किया। साथ ही ग्राम सचिव राजपाल कोसले के अनुपस्थित रहने के चलते उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। कलेक्टर ने विकासखंड चिकित्सा अधिकारी के प्रति भी नाराजगी जताते हुए उनकी छुट्टी को निरस्त करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

बताया जा रहा है कि स्वास्थ्य विभाग के पास 1 जुलाई को 76 मरीज और 2 जुलाई को 41 मरीजों का चिन्हांकन किया गया। जिसमें से वर्तमान में 82 एक्टिव मरीज हैं। इनमें से 22 को जिला अस्पताल और 16 को सामुदायिक केन्द्र लवन में भर्ती किया गया है। जबकि अन्य मरीज गांव के हाट बाजार क्लीनिक भवन में स्वास्थ्य शिविर में इलाज कराने आ रहे हैं। गांव में स्वास्थ्य विभाग ने कैंप लगाया। पेयजल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन से पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा गया।

पलारी में तीन की मौत: बीते महीने पलारी क्षेत्र के गांवों में फैले डायरिया से 3 लोगों की मौत हो गई थी। 70 से ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अब मानसून शुरू होते ही डायरिया के पैर पसारने और 117 लोगों के संक्रमित होने से स्वास्थ्य महकमा अलर्ट हो गया है।

पानी की वजह से डायरिया फैला है। नलजल योजना के तहत पाइप लाइन की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। गांव के बहुत से लोग डायरिया से बीमार है.

- मनबोध निराला, परिजन

एक बोरिंग है। उसमें पानी नहीं है। नल में कभी पानी आता है कभी नहीं आता है। सड़क के किनारे डबरी से पानी लाकर पी रहे हैं। जिसमें गंदगी मिल जाती है.

राजमति, परिजन।

सालासर सुंदरकांड जनकल्याण समिति ने किया 42 डॉक्टरों का सम्मान

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। सालासर सुन्दरकाण्ड हनुमान चालीसा एवं जनकल्याण समिति ने नवापारा राजिम के 42 डॉक्टरों का डॉक्टर्स डे पर सम्मान किया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक राजू काबरा ने कहा कि बिना डॉक्टरों के स्वस्थ जीवन के कल्पना करना ही व्यर्थ है। डॉक्टर धरती में भगवान के स्वरूप है, ना ही उनका कोई टाइम टेबल है, ना ही कोई छुट्टी। चाहे कोई त्योहार हो, घर में मांगलिक कार्यक्रम हो वो अपने - मरीज की जान बचाने में अपना पूरा समय लगा देते हैं।

85 वर्ष के उम्र में भी मरीजों की सेना में जुटे डॉ. बलजीत सिंग, डॉ. श्रीमती एम कौर, आयुर्वेदाचार्य डॉ. राजेन्द्र गदिया ने कहा कि आज इस समिति को परिचय की आवश्यकता नहीं बहुत कम समय में कई काम किए हैं। कोरोना के समय 151 घरों में राशन, कोरोना के दौरान 43 दिनों तक गौ सेवा आदि शामिल हैं।

इस दौरान सेवानिवृत डॉक्टर विकाश शर्मा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी डॉक्टर तेजेन्द्र साहू, डॉक्टर दिलीप शाह, पुनीत गोस्वामी, टी एन रमेश, डॉ. गोपाल केला, वी. के. हिरोदया के आर. सिन्हा, डॉ. जीवन ज्योत, अनुज जैन, नितिन सेवानी, रमेश सोनसायटी, लीलाराम साहू, प्रकाश गुप्ता, अंजनी कांटा जैन, गोपेश्वरी, प्रीति त्रिपाठी, भावना साहू के अलावा काफी संख्या में डॉक्टर उपस्थित थे। समिति की अध्यक्ष तारणी शर्मा, उपाध्यक्ष आरती काबरा, सरिता सिंग, ईशा, तुलसी लक्ष्मी, वासनी, चंचल, तनिसा ने सभी को मोती माला श्रीफल देकर सम्मान किया।

समिति के नंदकिशोर राठी, मोहन पंजवानी, सुमित पंजवानी, रूपेंद्र चन्द्राकर, ओमप्रकाश शर्मा, नेमी साहू, खिलेश, राजकुमार, संतोष, भूपेंद्र ने स्मृति चिन्ह एवं मिष्ठान देकर सम्मानित किया।

शास. कन्या पूर्व माध्यमिक शाला में प्रवेशोत्सव पर रोपा गया पौधा

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला, नवीन पूर्व माध्यमिक शाला बढ़ई पारा व बालक प्राथमिक शाला बढ़ई पारा नवापारा के संयुक्त तत्वावधान में इको क्लब कन्या शाला के सहयोग से शाला प्रांगण में पौधारोपण, पुस्तक व गणवेश वितरण और शाला प्रवेशोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नपा परिषद गोबरा नवापारा के नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत, विशेष अतिथि श्रीमती अनुराधा माहेश्वरी एवं श्रीमती शारदा माहेश्वरी, सुनील शर्मा, विकम औई, तुकाराम कंसारी आदि थे। सामाजिक संस्था महावीर इंटरकॉन्टिनेंटल सर्विस ऑर्गेनाइजेशन की अध्यक्ष श्रीमती अंजू पारख व कोषाध्यक्ष रुपाली अग्रवाल एवं उनके समूह द्वारा पौधा उपलब्ध कराकर कार्यक्रम में सहयोग प्रदान किया गया । अतिथियों के द्वारा शाला के छात्र-छात्राओं के साथ ही शाला परिसर में छायादार पौधे रोपे गए। छात्राओं को गणवेश एवं पाठ्य पुस्तकें वितरण कर बच्चों को अपना आशीर्वाद प्रदान किये। इस अवसर पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिकशाला की प्रधान पाठिका रेखा ठाकुर, शिक्षिका मंजू देवांगन,रामकुमारी वर्मा नीता वर्मा, उधोराम तारक ,युकेश तारक,ओ पी साहू, मिडिल स्कूल बढ़ई पारा से मनीष जैन प्रधान पाठक, सुनील कुमार साहू, प्राथमिक शाला बढई पारा से राजेंद्र मिश्रा प्रधान पाठक, ओ पी साहू सहित अन्य शिक्षक गण व छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थी।

न्यूज गैलरी

बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार और खेलकूद में परिपूर्ण करना जरूरी : प्रतीक्षा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। बच्चे इस बात को अच्छी तरह समझ लें कि शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और खेलकूद भी जरूरी है। यह सार बात जनपद पंचायत राजनांदगांव की अध्यक्ष प्रतीक्षा सूर्यकांत भंडारी ने ग्राम उपरवाह के शाला प्रवेश उत्सव में मुख्य अतिथि की आसंदी से कहीं। वहीं उन्होंने अनेक शिक्षाप्रद बातों से सभी को प्रभावित किया। श्रीमती भंडारी ने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में कोई भी चीज संघर्ष से जब हासिल होती है तो उसका मूल्य बढ़ जाता है। इसलिए उन्होंने किसी भी चीज को ईमानदारी और संघर्ष से हासिल करने पर जोर दिया। ईमानदारी और उचित ढंग से हासिल करने की बात कही। जनपद पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन के बाद विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक एवं गणवेश वितरित करते हुए शासन की योजनाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर उपरवाह संकुल की शालाओं की समस्याओं से भी अवगत होते हुए हर संभव निदान के लिए प्रयास करने की बात कही। इस अवसर पर सरपंच सुनीता नागेश्वर साहू, पंच देवला साहू, अध्यक्ष खुशबू धनकर, अध्यक्ष ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष मोनिका धनकर, सदस्य हेमलता साहू, मेहतरीन यादव, हीरा निषाद, तामेश्वरी साहू, कलीराम साहू, मनिक राम साहू, गणेश विश्वकर्मा, सुरेश साहू, प्रेम साहू, रामलेखन साहू, ग्वाल राम साहू, तिलक साहू, प्राचार्य देशलहरे सर, संकुल समन्वयक सोहन वर्मा, प्रधान पाठक आरबी साहू सहित संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

जल भराव रोकने छिपली पंचायत में सफाई अभियान

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत छिपली में वर्षाकाल को देखते हुए बारिश से पहले गांव की नालियों के लिए व्यापक सफाई अभियान चला गया, जिसमें गांव के मुखिया के निर्देश हम कर्मचारी पूरे गांव की नाली, गलियों की सफाई की जा रही है। लगातार कार्य कर नालियों से कचरा, मिट्टी निकाला जा रहा है ताकि बारिश में जल भराव की समस्या सामने न आए। वहीं बरसात में गली-मोहल्ले में किसी प्रकार की परेशानी खड़ी न हो।

अंगना में शिक्षा कार्यक्रम में पालकों की दिखी प्रतिभा

नगरी/नवप्रदेश। नगरी में पढ़ई तिहार के अन्तर्गत अंगना में शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से शिक्षक शालाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की माताओं को विद्यालय एवं शिक्षा से जोड़ने का कार्य करना जिसके अनुसार माताएं अपने बच्चों को घरों में उपलब्ध सामग्रियों एवं छोटी-छोटी गतिविधियों के माध्यम से सीखने-सीखाने की प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करती है। अंगना में शिक्षा कार्यक्रम के अन्तर्गत काऊंटर के माध्यम से बच्चों में अनेक प्रकार की गतिविधियां करवाई गयी। स्मार्ट माता के रूप में चन्द्रिका शोरी को मुकुट पहनाकर उपहार दिया गया। कार्यक्रम में आगनबाड़ी कार्यकर्ता कन्या कुन्जाम सरोजिनी, खिलेश्वरी निषाद, प्रेमबाई पडोटी, भमता, कुन्तीबाई, लता जुरी, प्रधानपाठक खेमन सावी, सहायक शिक्षक सुनील कुंजाम उपस्थित थे।

गोरेगांव फरसियां स्कूल में अंगना में शिक्षा पढ़ाई तिहार

नगरी/नवप्रदेश। संकुल केंद्र अमाली अंतर्गत प्राथमिक शाला गोरेगांव फरसियां में संकुल स्तरीय अंगना में शिक्षा के तहत पढ़ाई तिहार आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि सरपंच गोरेगांव मालती बाई ध्रुव थे। अध्यक्षता प्रबंधन समिति अध्यक्ष ओम प्रकाश नेताम ने की। विशिष्ट अतिथि धनेश्वरी अटलखांम उप सरपंच, केपी साहू प्रधान पाठक माध्यमिक शाला गोरेगांव, सिद्धेश्वर साहू समन्वयक संकुल केंद्र अमाली थे। अंगना मां शिक्षा 0.4 पढ़ाई तिहार का शुभारंभ अतिथियों ने मां शारदे के तैल चित्रों पर पूजा अर्चना कर किया गया। कक्षा पहली में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की माताएं बच्चों के साथ उपस्थित हुए। अंगना मां शिक्षा के अंतर्गत 1 से 9 तक काउंटर लगाए गए थे। सर्वप्रथम काउंटर एक में बच्चों का नामांकन सपोर्ट कार्ड वितरण, संकलन प्रपत्र भरना, संतुलन बनाकर चलना। कूदना, पेपर फोल्डिंग करना। बौद्धिक विकास के अंतर्गत मिलान करना, रंग पहचानना, वर्गीकरण करना, क्रम से लगाना, भाषा विकास, खेल-खेल के माध्यम से मनोरंजक ढंग से बताया गया। भाषा विकास अंतर्गत चित्र वाचन पढ़ना भी माताओं को बताया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों व बच्चों के लिए स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम का संचालन प्रधान पाठक केपी साहू व आभार प्रदर्शन समन्वयक एसके साहू ने किया।

खेल-खेल में पढ़ाई कराने पालकों ने दिए टिप्स

नगरी/नवप्रदेश। 'अंगना म शिक्षा' अंतर्गत पढ़ई तिहार का आयोजन संकुल केंद्र करांघाटी के प्राथमिक शाला दलदली अ में प्रधानपाठक सूर्य नारायण राव के संयोजन में किया गया। विद्यालय प्रबंध समिति व माताओं की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम के विषय में प्रभारी शिक्षक राजकुमार शील ने बताया। जानकारी दी कि इसका प्रमुख उद्देश्य बच्चों की माता का उन्मुखीकरण करते हुए बच्चों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए घर में बच्चों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शिक्षा देना है। घरेलू काम के साथ ही खेल-खेल में बच्चों को सिखाना स्कूल एवं समुदाय के बीच के तालमेल को और बढ़ावा देना है।

नए कानून में महिलाओं और बच्चों के लिए कानून के प्रावधान को समझाया

खैरागढ़/नवप्रदेश। देश में लागू नए कानून को समझने और लोगों को इसकी जानकारी देने गातापार जंगल थाने में आयोजित कानून उत्सव में पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने क्षेत्र के सरपंचों, जनप्रतिनिधियों, ग्रामीणों को सहित शिक्षक, छात्र-छात्राओं को नए कानून की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान खासकर महिलाओं और बच्चों के लिए नए कानून को समझाया।

पुलिस महानिरीक्षक झा ने बताया कि नया कानून दण्ड की बजाय न्याय पर आधारित है इसमें पीड़ित व्यक्ति को न्याय मिलना सुनिश्चित है। नया कानून प्रौघोगिकी के उपयोग को बढ़ावा देता है तथा इसमें ई-एफआईआर, जीरो एफआईआर का प्रावधान किया गया है। आडियो-विडियो के माध्यम से पीड़ित का बयान रिकार्डिंग करने का अधिकार देता है नये कानून के तहत देश में कहीं भी एफआईआर करने का प्रावधान है। तथा तालाशी एवं जप्ती में विडियो ग्राफी की प्रकिया अपनायी जायेगी। उन्होंने अपराध में फॉरेसिक टीम के महत्व के विस्तृत जानकारी दी।

महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध से निपटने 37 धाराः वहीं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय ने जानकारी दी कि नये कानून के तहत महिलाओं एवं बच्चों के खिलाफ अपराध से निपटने के लिए 37 धारा शामिल है। पांडे ने महिलाओं एवं बच्चों के विरुद्ध घटित होने वाले अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गोंडवाना समाज के जिलाध्यक्ष संतराम छेदैया, हाई स्कूल गातापार प्रचार्या ममता अग्रवाल, अधिवक्ता वीरसिंग वर्मा ने भी नये कानून लागू होने की बधाई दी।

नवीन शिक्षक संघ ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

उतई/नवप्रदेश। नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ जिला इकाई दुर्ग का प्रतिनिधिमंडल प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू,अमितेश तिवारी व जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी के नेतृत्व में जिलाशिक्षाधिकारी दुर्ग से मुलाकात कर 5पन सौंपा। ज्ञापन में व्याख्याता,शिक्षक व सहायक शिक्षकों की पहले पदोन्नति करने के पश्चात जिले में कार्यरत अतिशेष शिक्षक संवर्ग का युक्तियुक्तकरण के तहत रिक्त पदों वाले संकुल व ब्लॉक के स्कूलों में करने,सेवा पुस्तिका का संधारण कर ग्रीष्मकालीन व अन्य अवकाश के दिन कार्य करने वाले शिक्षक संवर्ग को अर्जित अवकाश प्रदान करने,पदोन्नत प्राप्त शिक्षक संवर्ग को जुलाई जनवरी से वार्षिक वेतनवृद्धि प्रदान करने,प्रधान पाठक, शिक्षक संवर्ग का पदोन्नति जल्दी करने,संशोधित शिक्षक संवर्ग को लंबित चार माह का वेतन भुगतान करने, सहित अन्य मांगे हैं। समस्याओं पर चर्चा कर कलेक्टर ने नवीन शिक्षक संघ छत्तीसगढ़ जिला इकाई दुर्ग के प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर जल्दी ही सकारात्मक निर्णय लेकर कार्यवाही की जाएगी। जिससे जिले में कार्यरत शिक्षक संवर्ग की समस्याओ का समाधान हो सके।

ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रदेश पदाधिकारी गिरीश साहू,अमितेश तिवारी, राजेश शुक्ला, जिलाध्यक्ष संजीव मानिकपुरी,ब्लॉक अध्यक्ष धमधा संजय शर्मा,विनोद ठाकुर,गजेंद्र यादव,राकेश धनकर,पवन सिंह,मनीष साहू,अनुराग श्रीवास्तव,राजेंद्र साहू,सिद्धार्थ भुवाल ,मनीष साहु, हुनुराम साहु,नरेंद्र साहू मौजूद थे।

खरीफ फसल से पहले किसानों को बड़ी राहत

- **फसल बीमा का 50.36 करोड़ रुपए जारी**
- **कृषि विभाग ने फसल बीमा रबी 2023-24 के तहत कराया था सर्वे**

खैरागढ़/नवप्रदेश। कृषि विभाग ने रबी वर्ष 2023-24 में हुई असामयिक वर्षा एवं ओलावृष्टि से प्रभावित बीमित किसानों के प्रभावित फसल के सर्वेक्षण के बाद फसल बीमा की राशि बीमा कंपनी द्वारा जारी की गई है। उप संचालक कृषि राज कुमार सोलंकी ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत मौसम रबी 2023-24 में बीमा कराए गये पसल चना, गेहूं एवं अलसी में बीमित कृषकों को गणना उपरांत बीमा दावा राशि का भुगतान सीधा कृषकों के बैंक खाते में आंतरित की गी है।

रबी 23-24 में 67 हजार 640 हेक्टेयर रकबा का बीमा आवरण में शामिल करते हुये 3 करोड़ 84 लाख कृषक अंश राशि प्रीमियम के रूप में बीमा कंपनी को भेजी गयी है। बताया कि जिले में असामयिक वर्षा एवं ओला वृष्टि के कारण रबी फसलों को नुकसान हुआ था। जिसमें योजना के तहत् निर्धारित संख्या में आयोजित फसल कटाई प्रयोग के आधार पर कुल 35 हजार 104 कृषकों को 50 करोड़ 36 लाख रुपए बीमा क्षति राशि आंकलित की गई है।

बताया गया कि इसमें बीमा कंपनी द्वारा 49 करोड़ रुपए सीधे कृषकों के खाते में राशि आंतरित कर दी गई है । शेष पात्र कृषकों के बैंक खाते में त्रुटि होने के कारण आधार नंबर के माध्यम से भुगतान की कार्यवाही बीमा कंपनी द्वारा की जा रही है। जिले के 15 ग्रामों का दावा गणना की कार्यवाही बीमा कंपनी स्तर पर लंबित है, जिस पर जिला प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुये भू-अभिलेख शाखा के माध्यम से आयुक्त भू-अभिलेख शाखा रायपुर को पुनः जानकारी प्रदान कर कार्यवाही करने के लिए प्रेषित किया गया है। लंबित 15 ग्रामों में दावा गणना उपरांत जल्द ही पात्रता अनुसार किसानों को फसल बीमा की राशि सीधे किसान के बैंक खातों में हस्तांतरित की जायेगी।

मुख्यमंत्री से अनुकंपा नियुक्ति का आश्वासन पाकर गदगद हुआ संघ

राजनंदगांव/नवप्रदेश। घर का मुखिया या कमाने वाला सदस्य स्वर्गीय हो जाए तो उस घर परिवार पर दुखों का दोहरा पहाड़ टूट पड़ता है। इस पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अनुकंपा नियुक्ति शिक्षाकर्मी संघ के द्वारा मुलाकात किए जाने पर उन्हें आश्वस्त किया है कि अनुकंपा नियुक्ति अवश्य मिलेगी। सीएम के इस आश्वासन के बाद संघ के पदाधिकारी समेत कार्यकारिणी सदस्यों में प्रसन्नता व्याप्त है। अनुकंपा नियुक्ति शिक्षाकर्मी कल्याण संघ छत्तीसगढ़ के पदाधिकारी एवं अन्य सदस्य अपनी अनुकंपा नियुक्ति की मांगों को लेकर मुख्यमंत्री साय के साथ, उपमुख्यमंत्री अरुण साव, वित्त मंत्री चौधरी एवं कैबिनेट मंत्री लखन लाल देवांगन, कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा से सौजन्य मुलाकात कर अनुकंपा जैसे संवेदनशील विषयों पर तत्काल निराकरण करने निवेदन किया। आवेदन पर उपमुख्यमंत्री ने जल्द से जल्द निराकरण करने की बात कही। कहा हमारी सरकार आप लोगों के प्रति संवेदनशील है और जितना जल्दी हो सके लंबित मांगों पर निर्णय लिया जाएगा।

अनदेखी | बच्चों की परेशानियां बताते हुए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को ग्रामीणों ने सौंपा ज्ञापन

साल भर बाद भी स्कूल की छत की मरम्मत नहीं

पखांजूर/नवप्रदेश। पीवी 48 राधानगर प्राथमिक शाला की छत पिछले साल आए तूफान से उड़ गई थी। आज साल भर बीत जाने के बावजूद इसकी मरम्मत नहीं की गई। इस पर ग्रामीणों और ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों ने एक सप्ताह के अंदर सुधार कार्य करने का बीईओ को ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दी।

अगर एक सप्ताह के अंदर कार्य नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

पखांजूर क्षेत्र में स्थित पीवी 48 राधानगर प्राथमिक शाला में छत नहीं होने के कारण छात्रों की शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। यह समस्या न केवल छात्रों के शिक्षा के स्तर पर बुरा असर डाल रही है, बल्कि इससे ग्रामीण समुदाय के सामाजिक और आर्थिक विकास पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। पिछले वर्ष आंधी-तूफान के कारण इस स्कूल भवन की छत उड़ गई थी, लेकिन एक साल बीतने के बाद भी शिक्षा विभाग द्वारा इसकी मरम्मत नहीं की गई। अनेक बार प्रधान पाठक ने इसकी शिकायत की, लेकिन कोई कदम नहीं उठाया गया। ग्रामीणों और ग्राम पंचायत ने कोयलीबेड़ा खंडशिक्षा अधिकारी को लिखित शिकायत की गई है कि स्कूल भवन की मरम्मत जल्दी से जल्दी कराया जाए। अगर इस हफ्ते के अंदर कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिलती है, तो समुदाय के छात्रों के साथ मिलकर खंड शिक्षा ऑफिस के सामने धरना प्रदर्शन किया जाएगा। अब यह सवाल है कि एक वर्ष बीत जाने के बाद भी स्कूल भवन का मरम्मत क्यों नहीं किया गया? क्या हम अपने छात्रों की शिक्षा को इस तरह की असामान्य स्थिति में डालने के लिए तैयार हैं?

जुआ खेलते 3 लोग गिरफ्तार, 20 हजार नगदी जप्त

राजनांदगांव। अवैध शराब बिक्री-परिवहन, जुआ, सट्टा की रोकथाम के लिए जिले में चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना छुरिया पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कुछ जुआड़िए कल्लूबंजारी मासुल बांध के पास पैसे का दाव लगाकर 52 पत्ती ताश से 3 पत्ती जुआ खेल रहे हैं। उसके बाद रेड की कार्रवाई कर 3 लोगों को जुआ खेलते पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 52 पत्तीताश, 20500 रुपए जप्त किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में चंद्र कुमार अंबादे (35 साल), वार्ड 9, कल्लूबंजारी, थाना छुरिया, रमन कंवर (39 साल), वार्ड 7, कल्लूबंजारी, थाना छुरिया व कौशल कुमार लाउत्रे (27 साल), वार्ड 10, कल्लूबंजारी थाना छुरिया शामिल है। कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास, सहायक उप निरीक्षक एसएल कंवर एवं आरक्षकों का योगदान रहा।

सोना टूटा 122 रुपये चांदी 81 रुपये फिसली

बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में आई गिरावट

दिल्ली। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में अगस्त डिलीवरी वाला सोना 122 रुपये या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,532 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार करता दिखा। चांदी में 81 रुपये की कमजोरी दिखी।

अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती पर अनिश्चितता के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मंदी के रुख को देखते हुए सोने और चांदी की कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर वायदा कारोबार में अगस्त डिलीवरी वाला सोना 122 रुपये या 0.17 प्रतिशत की गिरावट के साथ 71,532 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था।

कारोबार के दौरान दौरान कीमती धातु 71,432 रुपये प्रति 10 ग्राम के निचले स्तर पर पहुंच गई। हाजिर और वायदा बाजार में चांदी की कीमतों में भी गिरावट आई। एमसीएक्स पर सितंबर डिलीवरी के लिए चांदी अनुबंध 81 रुपये की गिरावट के साथ 89,669 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गया। मुंबई के हाजिर बाजार में सोना 71,692 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था। जबकि चांदी में 88,015 रुपये प्रति किलोग्राम के भाव पर कारोबार होता दिखा। बाजार सूत्रों ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी के स्थानीय बाजारों में कीमती धातु 74,250 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर लगभग स्थिर रही। चांदी में कारोबार 90,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर होता दिखा। सोने की कीमतें एक सीमित दायरे में दिखी। इससे बाजार सहभागियों को बढ़त मिली।

भारत-म्यांमार के बीच रुपया-क्यात व्यापार तंत्र की हुई शुरुआत

नई दिल्ली। यांगून में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से रुपी-क्यात व्यापार निपटान तंत्र की परिचालन स्थिति की घोषणा की। दूतावास ने दोनों देशों के व्यवसायों को इस सुव्यवस्थित व्यापार प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। रुपया-क्यात व्यापार निपटान तंत्र के जरिए भारत से म्यांमार को एक करोड़ रुपये से अधिक के दालों के निर्यात की सुविधा पहली बार सफलतापूर्वक प्रदान की गई है। नई प्रणाली के तहत निष्पादित इस लेन-देन से द्विपक्षीय व्यापार को काफी बढ़ावा मिलने और स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। भारत के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के यांगून कार्यालय की ओर से मंगलवार को रुपया क्यात सेटलमेंट मैकेनिज्म के तहत एक करोड़ रुपये से अधिक के दाल निर्यात का पहला लेन-देन सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया।

यह लेनदेन भारत और म्यांमार के बीच व्यापार लेनदेन को सरल बनाएगा और उन्हें और अधिक कुशल बनाएगा। यांगून में भारतीय दूतावास ने एक्स पर एक पोस्ट के माध्यम से रुपी-क्यात व्यापार निपटान तंत्र की परिचालन स्थिति की घोषणा की। दूतावास ने दोनों देशों के व्यवसायों को इस सुव्यवस्थित व्यापार प्रक्रिया का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमार ने इस साल 26 जनवरी को स्पेशल रुपी वोस्ट्रो अकाउंट (एसआरवीए) के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशानिर्देश जारी किए थे।

पूर्व मध्य रेलवे ने रिकॉर्ड 51.61 मिलियन टन का किया लदान

हाजीपुर। पूर्व मध्य रेलवे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रैल से जून तक) में रिकॉर्ड 51.61 मिलियन टन का माल लदान किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में किए गए माल लदान 48.18 मिलियन टन की तुलना में 7.12 प्रतिशत अधिक है।

पूर्व मध्य रेलवे 51.61 मिलियन टन माल लदान (लोडिंग) के साथ भारतीय रेल के सभी क्षेत्रीय रेलों में प्रथम तिमाही में किए गए माल लदान के मामले में चौथे स्थान पर रहा। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि प्रथम तिमाही में गेहूं एवं मक्के की लोडिंग के मामले में रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है। अप्रैल से जून तक गेहूं की 37 रेक लोड की गई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में लोड किए गए 15 रेक की तुलना में 146.67 प्रतिशत अधिक है। इसी तरह अप्रैल से जून 2024 तक मक्के की 317 रेक लोड की गई जो पिछले वर्ष की इसी अवधि में लोड किए गए 152 रेक की तुलना में 109 प्रतिशत अधिक है।उन्होंने बताया कि पूर्व मध्य रेलवे को चालू वित्त वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में किए गए माल ढुलाई से कुल 6,789.98 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है। यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में माल ढुलाई से प्राप्त प्रारंभिक आय 6,353.05 करोड़ रुपये की तुलना में 6.88 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान धनबाद मंडल का लदान क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान रहा।धनबाद मंडल द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही में रिकॉर्ड 48.71 मिलियन टन का लदान किया गया, जो पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में किए गए लदान 46.03 मिलियन टन की तुलना में 5.82 प्रतिशत अधिक है।धनबाद मंडल को प्रथम तिमाही में किए गए माल ढुलाई से कुल 6,777.31 करोड़ रुपये की प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है। यह आय पिछले वित्तीय वर्ष 2023-24 की प्रथम तिमाही में माल ढुलाई से प्राप्त प्रारंभिक आय 6,463.30 करोड़ रुपये की तुलना में 4.86 प्रतिशत अधिक है। माल लदान के साथ धनबाद मंडल भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम तिमाही में किए गए माल लदान के मामले में प्रथम स्थान पर रहा।

शेयर बाजार सपाट खुले सेंसेक्स 79000 के ऊपर

मुंबई। भारतीय शेयर बाजारों की शुरुआत सपाट हुई। बाजार के सभी सूचकांकों में मिलाजुला कारोबार हो रहा है। सुबह 9.20 बजे सेंसेक्स 16 अंक की मामूली बढ़त के साथ 79,051 अंक और निफ्टी पांच अंक की बढ़त के साथ 24,015 अंक पर था।बाजार का रुझान सकारात्मक बना हुआ है। खबर लिखे जाने तक एनएसई पर 1,519 शेयर तेजी के साथ और 571 शेयर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे।

छोटी और मझौली कंपनियों के शेयरों में भी सीमित दायरे में कारोबार हो रहा है। निफ्टी मिडकैप 100 सूचकांक 94 अंक या 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 55,831 अंक पर और निफ्टी स्मॉलकैप 100 सूचकांक 112 अंक या 0.61 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,430 अंक पर था।ऑटो, आईटी, फार्मा और धातु सेक्टरों के सूचकांक मजबूत बने हुए हैं। वहीं, पीएसयू बैंक, रियल्टी और वित्तीय सेवाओं पर दबाव है।

चॉइस ब्रोकिंग में रिसर्च एनालिस्ट देवेन मेहता का कहना है कि बाजार सोमवार को सपाट खुला है। निफ्टी के लिए 24,100 अंक एक रुकावट का स्तर है। वहीं, 23,900 अंक, 23,850 अंक और 23,800 अंक एक सपोर्ट है। अगर यह 24,100 अंक से ऊपर जाता है तो 24,250 अंक पर भी पहुंच सकता है। ज्यादातर एशियाई बाजारों में तेजी है। टोक्यो, शंघाई, हांगकांग, जकार्ता और सोल के बाजार हरे निशान में हैं। अमेरिकी बाजार लाल निशान में बंद हुए थे। कच्चे तेल का बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 85 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी डब्ल्यूटीआई क्रूड 82 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है।

इस हफ्ते खुलेंगे 2700 करोड़ रुपये के आईपीओ, दो कंपनियों की लिस्टिंग

मुंबई। आईपीओ बाजार में तेजी बनी हुई है। एक के बाद एक कंपनियां अपना आईपीओ लेकर आ रही हैं। इस हफ्ते मेनबोर्ड कैटेगरी में एमक्योर फार्मास्युटिकल्स और बंसल वायर इंडस्ट्रीज का इनिशियल पब्लिक ऑफर (आईपीओ) आ रहा है। एमक्योर फार्मास्युटिकल्स का आईपीओ 3 जुलाई को आम जनता के लिए खुलेगा। इस आईपीओ के जरिए कंपनी करीब 1,952 करोड़ रुपये जुटाएगी।

यह आईपीओ फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल (ओएफएस) का मिश्रण होगा। इस आईपीओ में 800 करोड़ रुपये का फ्रेश इश्यू और 1,152 करोड़ रुपये ओएफएस होगा। एमक्योर फार्मास्युटिकल्स का आईपीओ 3 से लेकर 5 जुलाई तक नाम निवेशकों के लिए खुलेगा। इसका प्राइस बैंड 960 रुपये से लेकर 1,008 रुपये प्रति शेयर रखा गया है। इसका लॉट साइज 14 शेयरों का तय किया गया है। शेयर की लिस्टिंग 10 जुलाई को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर हो सकती है। एमक्योर फार्मास्युटिकल्स, शार्क टैंक में जज रह चुकीं नमिता थापर से जुड़ी कंपनी है। कंपनी को 1981 में स्थापित किया गया था। कंपनी फार्मा सेक्टर में कार्य करती है। बंसल वायर इंडस्ट्रीज का भी आईपीओ 3 से लेकर 5 जुलाई के बीच खुलेगा। इस आईपीओ का इश्यू साइज 745 करोड़ रुपये का होगा। यह पूरा आईपीओ फ्रेश इश्यू होने वाला है। इसमें 2.91 करोड़ शेयरों की बिक्री की जाएगी। इसका लॉट साइज 58 शेयरों का रखा गया है। शेयर की लिस्टिंग 10 जुलाई को स्टॉक एक्सचेंज पर हो सकती है। बंसल वायर इंडस्ट्रीज एक स्टेनलेस स्टील कंपनी है। इसकी स्थापना 1985 में हुई थी। कंपनी हाई कार्बन स्टील वायर, लो कार्बन स्टील वायर और स्टेनलेस स्टील वायर सेगमेंट में कार्य करती है। कंपनी करीब 3,000 अलग-अलग तरह के स्टील वायर बनाती है। वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी की आय 2,470 करोड़ रुपये रही थी। इस दौरान कंपनी को 78.80 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ था।

इफको के नैनो उर्वरक संवर्धन महाअभियान की शुरुआत

नई दिल्ली। नैनो उर्वरकों के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए नैनो उर्वरक उपयोग संवर्धन महाअभियान की शुरुआत. इफ्को द्वारा की गई है। इसके अंतर्गत इफ्को द्वारा 200 मॉडल नैनो ग्राम समूह (क्लस्टर) चयनित किए गए हैं। इसके माध्यम से 800 गाँवों के किसानों को इफ्को द्वारा नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी एवं सागरिका के मूल्य (रू्क्क) पर 25 प्रतिशत का अनुदान दिया जा रहा है ताकि किसान अपने खेतों में नैनो उर्वरकों का अधिक से अधिक प्रयोग कर सकें। इसके साथ ही इफ्को द्वारा ड्रोन उद्यमी को 100 रुपए प्रति एकड़ की दर से अनुदान दिया जाएगा जिससे किसानों को कम दरों पर छिड़काव की सुविधा प्राप्त हो सके। इन मॉडल नैनो गाँवों में जो फसल होगी उसकी गुणवत्ता एवं उत्पादन की वृद्धि का आंकलन कर किसानों को अवगत कराया जाएगा।

नैनो उर्वरकों का खेती में प्रयोग बढ़ाने के लिए माननीय प्रधान मंत्री जी ने भी 100 दिवसीय कार्य योजना की शुरुआत की है।

पुर्तगाल स्लोवेनिया को हराकर यूरो कप के क्वार्टर फाइनल में

फ्रैंकफर्ट। क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने यूरो 2024 के राउंड ऑफ 16 में पेनल्टी शूटआउट में स्लोवेनिया को हराकर पुर्तगाल को यूरो 2024 के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।पुर्तगाल ने सोमवार को यूरो 2024 में पेनल्टी शूटआउट से स्लोवेनिया को 3-0 से हराया। यह एक रोमांचक मुकाबला रहा।इस मुकाबले में निर्धारित समय में दोनों टीम गोल नहीं कर पाई, इसके बाद एक्स्ट्रा टाइम में भी स्कोर 0-0 रहा। हालांकि, रोनाल्डो के पास एक बड़ा मौका था लेकिन वो पेनल्टी चूक गए। इसके बाद यह स्टार खिलाड़ी काफी निराश नजर आया। लेकिन शूटआउट में उन्होंने पहला पेनल्टी स्कोर कर टीम को मजबूत शुरुआत दी।वहीं, पुर्तगाल के गोलकीपर डिएगो कोस्टा ने लगातार तीन गोल बचाए, जिससे पुर्तगाल ने स्लोवेनिया पर 3-0 से जीत हासिल की और क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। पुर्तगाल का सामना अगले दौर में टूर्नामेंट की पसंदीदा टीम फ्रांस से होगा, जिसने बेल्जियम को 1-0 से हराया था।

कोस्टा, इस रोमांचक मुकाबले में पुर्तगाल के लिए हीरो रहे। उन्होंने जोसिप इलिसिक, जुरे बाल्कोवेक और बेंजामिन वर्बिक की लगातार तीन पेनल्टी शॉट बचाई।इस बीच, उनके साथी रोनाल्डो, ब्रूनो फर्नांडीस और बर्नार्डो सिल्वा ने पेनल्टी को गोल में बदला, जिससे पुर्तगाल की 3-0 से जीत सुनिश्चित हुई और क्वार्टर फाइनल में जगह बनी।24 वर्षीय कोस्टा ने मैच के बाद कहा, यह मेरे करियर का अब तक का सबसे अच्छा मैच हो सकता है। मैंने मैदान पर अपना बेस्ट दिया है। मैंने पेनल्टी शूटआउट के दौरान खुद पर भरोसा रखा।रिपोर्ट के अनुसार, पेनल्टी शूटआउट में अपने शानदार प्रदर्शन के अलावा, कोस्टा ने एक्स्ट्रा टाइम के अंतिम चरण में एक महत्वपूर्ण बचाव किया था। पुर्तगाल के कोच रॉबर्टो मार्टिनेज ने कोस्टा की प्रशंसा करते हुए कहा, कोस्टा हमारा सीक्रेट हथियार है।

उसने इस रोमांचक मुकाबले में अपनी ताकत दिखाई।कोस्टा के शानदार प्रदर्शन से पहले, कप्तान रोनाल्डो के पास विजयी गोल करने का मौका था, लेकिन स्लोवेनियाई गोलकीपर ने उनके पेनल्टी को बचा लिया। पेनल्टी चूकने के बाद, भावुक रोनाल्डो को टीम के साथियों और कोचिंग स्टाफ ने सांत्वना दी। जबकि पुर्तगाली प्रशंसकों ने 39 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी का समर्थन करने के लिए विवा रोनाल्डो का नारा लगाया।रोनाल्डो ने मैच के बाद के कहा, इस मैच ने मुझे दुखी होने के साथ खुश होने का मौका भी दिया। यह फुटबॉल है। आप इसे समझ नहीं सकते, मेरे पास मैच को तय करने का मौका था, लेकिन मैं चूक गया इसलिए मैं काफी भावुक हो गया था।हालांकि, अपने आंसू पोंछते हुए रोनाल्डो ने खेलना जारी रखा और पेनल्टी शूटआउट में पहले स्थान पर आकर भरपूर आत्मविश्वास के साथ पेनल्टी को गोल में तब्दील किया। मार्टिनेज ने रोनाल्डो के बारे में कहा, रोनाल्डो एक्स्ट्रा टाइम में पेनल्टी चूक गए, लेकिन शूटआउट में वे सबसे पहले आए और हमें जीत की ओर ले गए।

जिम्बाब्वे बनाम भारत मैच 6 जुलाई से

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप 2024 का खिताब जीतने के बाद अब भारतीय क्रिकेट टीम जिम्बाब्वे का दौरा करने के लिए तैयार है। दोनों देशों के बीच 6 जुलाई से 5 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इसमें भारतीय टीम की कमान शुभमन गिल के हाथों में होगी और जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम का नेतृत्व सिकंदर रजा करेंगे। सीरीज से भारतीय टीम से प्रमुख खिलाड़ियों को आराम दिया गया है।आइए सीरीज से जुड़ी सभी जानकारी और आंकड़ों पर नजर डालते हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की एक विज्ञप्ति में कहा गया है, भारतीय टीम जिम्बाब्वे के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज में भाग लेने के लिए जुलाई के पहले सप्ताह में हरारे का दौरा करेगी।सीरीज के 5 मैच क्रमशः 6, 7, 10, 13 और 14 जुलाई को खेले जाएंगे। ये सभी मैच हरारे स्पोर्ट्स क्लब मैदान पर ही खेले जाएंगे। विशेष रूप से इन सभी टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की शुरुआत भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से होगी। जिम्बाब्वे के दौरे के लिए अभिषेक शर्मा, रियान पराग, तुषार देशपांडे और ध्रुव जुरेल को पहली बार भारतीय टीम में शामिल किया गया है। इन सभी ने इंडियन प्रीमियर लीग में शानदार प्रदर्शन किया था।भारतीय टीमः शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, रुतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन, ध्रुव जुरेल, शिवम दुबे, रियान पराग, वाशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, अवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार और तुषार देशपांडे। जिम्बाब्वे के चयनकर्ताओं ने कुछ कड़े फैसले लिए हैं और क्रेग एर्विन और सीन विलियम्स जैसे खिलाड़ियों को बाहर कर दिया है। अंतुम नकवी को पहली बार टीम में शामिल किया गया है।जिम्बाब्वे टीमः सिकंदर रजा (कप्तान), फराज अकरम, ब्रायन बेनेट, जॉनाथन कैंपबेल, तेंडाई चतारा, ल्यूक जोंगवे, इनोसेंट कैया, क्लाइव मदांडे, वेसली मधेवेरे, तदिवानाशे मारुमनी, वेलिंगटन मसाकाद्जा, ब्रैंडन मावुता, ब्लेसिंग मुजरबानी, डायोन मायर्स, अंतुम नकवी, रिचर्ड नगारवा और मिल्टन शुम्बा। भारत ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे के खिलाफ कुल 8 मैच खेले हैं, जिसमें से उसे 6 मे जीत और 2 में हार मिली है।इनमें से 7 मैच हरारे में खेले गए हैं, वहां भारत ने 5 मैच में जीत और 2 में हार झेली है।

सन्यास के बाद जेम्स एंडरसन बनेंगे मेंटर

नई दिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के दिग्गज गेंदबाज जेम्स एंडरसन वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ 10 जुलाई से शुरू होने वाले लॉर्ड्स टेस्ट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। वह पहले ही ये ऐलान कर चुके हैं।इस बीच खबर ये है कि एंडरसन संन्यास के बाद इंग्लिश टीम के साथ मेंटर के रूप में जुड़ेंगे। वह इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों को गेंदबाजी के गुर सिखाएंगे। इंग्लैंड के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, लॉर्ड्स टेस्ट के बाद जिमी हमारे साथ बने रहेंगे और एक मेंटर के रूप में हमारी मदद करेंगे। उनके पास इंग्लिश क्रिकेट को देने के लिए बहुत कुछ है। हम नहीं चाहते कि यह खत्म हो जाए। उनके पास बहुत सारे विकल्प होंगे। अगर वे खेल में बने रहना चुनते हैं तो इंग्लिश क्रिकेट बहुत भाग्यशाली होगा। एंडरसन इस समय काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के खिलाफ लंकाशायर के लिए खेल रहे हैं।

पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हैं मराठी एक्ट्रेस ह्रता दुर्गुले

मराठी एक्ट्रेस ह्रता दुर्गुले आगामी थ्रिलर सीरीज कमांडर करण सक्सेना में पहली बार एक पुलिस अधिकारी की भूमिका निभाने जा रही हैं। उन्होंने अपने किरदार के बारे में खुलकर बात की।रचना म्हात्रे की भूमिका निभाने को लेकर ह्रता ने अपना अनुभव शेयर करते हुए कहा, रचना का किरदार निभाना एक शानदार अनुभव रहा है। किरदार में कई रंग हैं, इसलिए मैं दृश्यों को करते हुए बहुत कुछ एक्सप्लोर कर पाई। मेरे निर्देशक जतिन वागले सर ने शूटिंग के दौरान मेरा बहुत साथ दिया। उन्हीं की वजह से मैं पुलिस और रॉ की बारीकियों को समझ पाई।ह्रता ने कहा, मैं पहली बार पुलिस अधिकारी की भूमिका निभा रही हूं। सच कहूं तो, मैं स्पेशल ऑपरेशन जैसे शो की बहुत बड़ी प्रशंसक रही हूं। मैं एक कलाकार के तौर पर उस दुनिया को एक्सप्लोर करना चाहती थी। मैं इसके लिए आभारी हूं कि मैं रचना का किरदार निभा पाई। रचना का कभी हार न मानने वाला रवैया मुझे व्यक्तिगत रूप से पसंद है। एक अच्छी बेटी और एक अच्छी पुलिस अधिकारी बनने की उसकी निरंतर लड़ाई मुझे उसकी मानवता से प्यार करने पर मजबूर करती है।जतिन वागले द्वारा निर्देशित और कीलाइट प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित कमांडर करण सक्सेना को अमित खान ने लिखा है।इस सीरीज में गुरमीत चौधरी मुख्य भूमिका में हैं और इकबाल खान भी हैं। यह एक निडर रॉ एजेंट की कहानी है जो देश की सुरक्षा के लिए एक बड़े राजनीतिक रहस्य को सुलझाने की कोशिश करता है।यह सीरीज 8 जुलाई को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर प्रीमियर होने वाली है।ह्रता ने अनन्या, टाइमपास 3, सर्किट और कन्नी जैसी फिल्मों में भी अभिनय किया है।

कमल हासन की इंडियन 2 का कैलेंडर सॉन्ग रिलीज

कमल हासन स्टारर मोस्ट अवेटेड एक्शन ड्रामा इंडियन 2 अपनी पैन इंडिया रिलीज के लिए तैयार है. मेकर्स फिल्म के प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं. हाल ही में उन्होंने फिल्म से नया सिंगल रिलीज किया है, जिसका टाइटल है कैलेंडर सॉन्ग. लाइका प्रोडक्शंस ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के गाने का पोस्टर शेयर करते हुए कैप्शन लिखा, कैलेंडर सॉन्ग की वाइब्स को एंजॉय करें, यह धूम मचाने का समय है। मेकर्स ने फिल्म का नया सिंगल कैलेंडर सॉन्ग रिलीज कर दिया है. खास बात यह है कि इस गाने में मिस यूनिवर्स 2017 डेमी-लेघ टेबो शामिल है. इस गाने को लोग काफी पसंद कर रहे हैं. इससे पहले फिल्म के और भी गाने रिलीज किए हैं जिन्हें दर्शकों ने खूब पसंद किया।

न्यूज गैलरी

पैसे लेकर खराब गुणवत्ता का माल दिया

रायपुर/नवप्रदेश। श्री बजरंग केमिकल डिस्टलरी एलएलपी प्रोसेसिंग यूनिट के नाम से 65 लाख रुपए लेकर खराब गुणवत्ता का माल देने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने अमानत में ख्यानत का मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी मनोज कुमार पुरी 58 वर्ष ने थाने में शिकायत की है कि आरोपी प्रवीण कुमार अपने पद का दुरूपयोग करते हुए मोज इंजीनियरिंग सिस्टम लिमिटेड से प्रार्थी के संस्थान श्री बजरंग केमिकल डिस्टलरी एलएलपी प्रोसेसिंग यूनिट के नाम से 65 लाख रुपए लेकर जान बूझकर प्रोसेसिंग यूनिट का गुणवत्ता में कमी लाकर अमानत में ख्यानत किया है। प्रार्थी की शिकायत पर आरंग पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

7 जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

रायपुर/नवप्रदेश। राखी पुलिस ने ग्राम उपरवारा में दबिश देकर जुआ खेलते 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 1680 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम उपरवारा के मगरटी तालाब के पास दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी यशवंत धीवर 49 वर्ष सहित अन्य 6 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से तासपत्ती सहित नकदी 1680 रुपए जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

खुले में शराब पीते 7 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 7 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खम्हारडीह पुलिस ने कचना रोड एसबीआई बैंक के पास सरेआम शराब पीते आरोपी बादल चंद्राकर 30 वर्ष, मुजगहन पुलिस ने आरोपी अंगेश्वर कुमार ध्रुव 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं मोवा पुलिस ने आरोपी प्रदीप निषाद 27 वर्ष व राजकुमार निर्मलकर 31 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह अभनपुर पुलिस ने आरोपी रघुवीर जांगड़े 25 वर्ष एवं माना पुलिस ने आरोपी भजन विश्वास 45 वर्ष व मृग अधिकारी 37 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

प्रतिबंधित टेबलेट बेचने वाला युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती पुलिस ने महाराजबंद तालाब शिव मंदिर के पास प्रतिबंधित टेबलेट बेचते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 180 नग नेट्राजेपम टेबलेट जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी बस्ती पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर महाराजबंद तालाब शिव मंदिर के पास प्रतिबंधित टेबलेट बेचते आरोपी सचिन टंडन 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 180 नग नेट्राजेपम जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

प्रधान आरक्षक को पीटने वाले सात लोग गिरफ्तार

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिले में बदमाशों के हौसले इन दिनों इतने बुलंद हैं कि वे पुलिस पर भी हमला करने से नहीं चूक रहे हैं। दरअसल, बीती रात ग्राम दतिमा के बीच चौक पर कुछ युवक बर्थडे के नाम पर हुड़दंग मचा रहे थे। इसी दौरान जब करंजी थाने पदस्थ जब प्रधान आरक्षक समय लाल ने उनको समझाया तो हुड़दंग मचा रहे दबंग युवकों का झुंड पुलिस से ही भीड़ गया, लेकिन किसी तरह वहां मामला शांत हो गया। इसके बाद जब हवलदार अपने घर विश्रामपुर पहुंचा तो उसके पीछे एक दर्जन से ज्यादा हुड़दंगी उसके घर पर पहुंच गए और हवलदार पर हमला कर दिया। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर झूमा झपटी हुई। इस घटना के बाद मामले की शिकायत हवलदार समयलाल ने विश्रामपुर पुलिस से की, जिस पर बलवा सहित अन्य धाराओं के तरह अपराध दर्ज किया। मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं फरार अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है। मामले पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एमआर अहीर ने कहा कि किसी भी अपराधी को बक्सा नहीं जाएगा। चाहे वह कोई भी हो और किसी भी तरह का कोई राजनीति दबाव नहीं है।

बाइक सवारों ने लूटे लाखों के गहने

रायगढ़/नवप्रदेश। चक्रधरनगर चौक के पास बाइक सवार नकाबपोश बदमाशों ने सोने चांदी से भरे बैग की लूट लिया। बदमाश बैग छीनकर फरार हो गए। बैग में लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवर थे। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। रायगढ़ एसपी ने पुलिस अधिकारियों के साथ घटनास्थल पहुंच जांच की। मिली जनकारी के अनुसार, नटवर अग्रवाल द्वारा संचालित ओम ज्वैलरी शाप है। रोज की तरह दुकान बंद कर कर्मचारी सोने चांदी से भरा बैग लेकर सरला विला की ओर मकान में रखने जा रही थी। तभी मिश्रा कॉन्प्लेस के पास बाइक सवार दो नकाब पोस बदमाशों ने दुकान में काम करने वाली युवती के हाथों से सोने चांदी से भरी बैग लूटकर भाग निकले। तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी गई। घटना की सूचना मिलते ही रायगढ़ एसपी पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुँचे। पीड़िता ने बताया कि लूटेरों ने लाखों की कीमत का माल ले गए हैं। पुलिस ने बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनकी तलाश कर रही हैं। साथ ही सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

सड़क पर पलटा सिलेंडर से भरा ट्रक

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर में एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सिलेंडरों से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन पलटते ही सड़क पर भरे सिलेंडर बिखर गए। हादसे में ट्रक ड्राइवर को मामूली चोट आई है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात व्यवस्थित करने में जुट गई। बताया जा रहा है कि रायपुर से बिलासपुर गैस गोदाम जा रहा सिलेंडर से भरा ट्रक सिविल लाइन थाना क्षेत्र के जेपी वर्मा कॉलेज के सामने पलट गया। यह घटना सुबह करीब 5 बजे की है। जैसे ही ट्रक कॉलेज के पास पहुंचा, अचानक डिवाइडर से टकराकर पलट गया और भरे हुए सिलेंडर बाहर फैल गए, लेकिन अच्छी बात यह रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और क्रेन की मदद से गाड़ी को हटाया गया।

अब स्कूलों को मिली नई पहचान, जतन योजना से भवन का होगा जीर्णोद्धार

372 स्कूल भवनों का किया जा चुका कायाकल्प

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। नए शिक्षण सत्र प्रारम्भ होने के साथ ही जिले के 553 स्कूलों को नए कलेवर और आकार मिल रहा है। इन स्कूलों में मरम्मत और जीर्णोद्धार तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण के पश्चात नए कलेवर और साज-सज्जा के साथ बच्चे उत्साह के साथ पढने आयेंगे। स्कूल भवन छात्रों के शैक्षिक अनुभव को आकार देने और उनके समग्र विकास के लिए अनुकूल वातावरण बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इसके मद्देनजर जिले में स्कूल खुलने के पूर्व छात्र-छात्राओं को प्रभावी शिक्षण और सीखने के लिए आवश्यक अन्य संसाधनों से सुसज्जित स्थान प्रदान करने लोक शिक्षण मद से मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्कूल भवनों की मरम्मत एवं निर्माण कार्य किया जा रहा है। जिले में लोक शिक्षण मद से स्कूलों के मरम्मत तथा अतिरिक्त कक्ष स्वीकृत कार्यों में से आज दिनांक तक 372 भवनों का मरम्मत और रंग-रोगन कर तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण आकर्षक बनाया गया है। शेष 181 शालाओं में मरम्मत तथा अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य प्रगतिरत है। जिसे आने वाले 15 जुलाई तक पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी के साथ ही जिले के 553 स्कूलों को एक नई पहचान मिलेगी। मरम्मत के तहत सिमगा विकासखण्ड अंतर्गत हाईस्कूल शिकारी केसली, हायर सेकेण्डरी तुलसी को नवीन भवन मिल गया है। यहां के बच्चे स्कूल जाने उत्साहित हैं। खपरैल और जर्जर स्कूल भवन अब पक्के और छत वाले आकर्षक स्कूल में तब्दील हो गया है। इसी तरह विकासखंड बलौदाबाजार के प्राथमिक शाला कंजी ,भाटापारा के प्राथमिक शाला बंदरी चिचपोल, नवागांव, कोदवा में भी शाला भवन जर्जर स्थिति में था जिसे नया रूप दिया गया है।

गौरतलब है कि जिले में कुल शासकीय प्राथमिक शाला 888 मिडिल स्कूल 463 हाई स्कूल 70 और हायर सेकेण्डरी 134 शासकीय शालाएं संचालित हैं। जिसमें लगभग 2 लाख 4 हजार 359 विद्यार्थी अध्ययन करते हैं। प्राथमिक शाला में 92 हजार 201 बच्चे मिडिल में 58 हजार 328 हाई स्कूल में 33 हजार 655 और हायर सेकेण्डरी में 20 हजार 175 बच्चे अध्ययनरत् हैं।

एमसीए : नियम बदला, नया प्रावधान इसी सत्र से लागू

फार्मेसी व एग्रीकल्चर ग्रेजुएट भी अब कर सकेंगे एमसीए, 12वीं या स्नातक में गणित होना जरूरी

रायपुर/नवप्रदेश। एमसीए को लेकर नया नियम लागू कर दिया गया है। इससे युवाओं के लिए नई राह खुलेगी। आगे बड़ा अवसर मिलेगा। मास्टर ऑफ कंप्यूटर एप्लीकेशन यानी एमसीए की पढ़ाई अब फार्मेसी, एग्रीकल्चर समेत अन्य ग्रेजुएट भी कर सकेंगे। बशर्ते, बारहवीं में एक पेपर मैथ्स होना चाहिए। एमसीए के प्रवेश नियम में बदलाव किया गया है। शिक्षा सत्र 2024-25 में इसी नियम के तहत एडमिशन होंगे।

इसी तरह पहले बीई, बीटेक, बीएससी, बीकॉम, बीए, बी.वोकेशनल, बीसीए ग्रेजुएट होना अनिवार्य था, लेकिन अब इसमें संशोधन किया गया है। इसमें पिछले साल की तरह इस बार भी सभी शर्तें हैं, इसमें सिर्फ अन्य संकाय/विषय में ग्रेजुएट होना भी शामिल किया गया है। जानकारों का कहना है कि इन शब्दों के जुड़ने से अब कोई भी स्नातक एमसीए में प्रवेश के लिए पात्र हो गए हैं। इसका फायदा उन्हें मिलेगा एमसीए जो करना चाहते थे, लेकिन दूसरे विषय में ग्रेजुएट होने की वजह से अपात्र हो रहे थे।

इसी तरह प्रवेश के लिए स्नातक में न्यूनतम 50 फीसदी नंबर अनारक्षित वर्ग और 45 फीसदी नंबर आरक्षित वर्ग के लिए निर्धारित है। ऐसे ही गणित से संबंधित गणित के अन्य विषय जैसे, बिजनेस गणित, बेसिक गणित मान्य नहीं होंगे, जबकि उच्च गणित मान्य किए जाएंगे। प्रदेश में एमसीए की करीब साढ़े पांच सौ सीटें हैं। इनमें एडमिशन के लिए व्यापमं की ओर से हर साल एमसीए की प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। जबकि तकनीकी शिक्षा संचालनालय, रायपुर से काउंसिलिंग होती है। वहीं दूसरी ओर इंजीनियरिंग (बी.टेक) में लेटरल एंट्री से प्रवेश को लेकर भी नियम में संशोधन किया गया है। इसके अनुसार बी.वॉक व डी.वॉक पास छात्र भी बी.टेक में लेटरल एंट्री से प्रवेश ले सकेंगे।

पूरी जानकारी व्यापमं की वेबसाइट पर

वहीं दूसरी ओर प्री.एमसीए के मॉडल उत्तर पर दावा-आपत्ति की प्रक्रिया चल रही है। इसके लिए ऑनलाइन आपत्ति 8 मई दोपहर 3 बजे तक दर्ज की जा सकती है। इसके लिए प्रति प्रश्न 50 रुपए है। हालांकि, आपत्ति सही पाए जाने की स्थिति में यह शुल्क अभ्यर्थियों को वापस उनके बैंक एकाउंट में भेज दिया जाएगा। डाक एवं व्यापमं दफ्तर में स्वयं उपस्थित होकर दावा-आपत्ति मान्य नहीं होगी। इस संबंध में विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

प्रवेश के लिए काउंसिलिंग अगस्त के पहले सप्ताह से

एमसीए में प्रवेश के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया अगस्त के पहले सप्ताह से शुरू होने की संभावना है। जून में व्यापमं की ओर से इसकी प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई थी। अब मॉडल उत्तर जारी किए गए हैं। इसी लेकर संभावना है कि इसके रिजल्ट इसी महीने जारी होंगे।

रहस्यमय तरीके से पार हो गया चार लाख का जेवर

कोरबा/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली क्षेत्र में चार लाख रुपए कीमत के जेवरात रहस्यमय ढंग से पार हो गए। मामला नवधा राम पटेल पिता शांतिलाल पटेल 36 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 01, पटेल पारा थाना कोतवाली के घर का है। नवधा पटेल ने बताया कि 10 मई 2024 को पूरा परिवार विवाह में शामिल होने एक दिन के लिए ढोढ़ीपारा गया था। विवाह में शामिल होने के पश्चात उसकी पत्नी ने दो सेट सोने का हार, तीन सेट सोने का झुमका को अलमारी में सुरक्षित रख दिया था। इन समानों के साथ चांदी का सामान भी रखा था।

हाल ही में 25 जून 2024 को पुनः विवाह में बांकी मोंगरा जाना था तब पत्नी द्वारा आलमारी खोलकर देखने पर पता चला कि दो सेट सोने का हार, तीन सेट सोने का झुमका किसी के द्वारा चोरी कर लिया गया है। चोरी गए सोने की कीमत लगभग 4,00,000 रुपये है। इस मामले में कुछ संदेहियों के नाम पुलिस को बताए गए हैं।

गेट 2025:30 विषयों के लिए परीक्षा, दो में हो सकेंगे शामिल

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रूड़की ने एग्जाम पैटर्न-सिलेबस जारी किया

रायपुर/नवप्रदेश। ग्रेजुएट एप्टीट्यूड टेस्ट फॉर इंजीनियरिंग (गेट) 2025 के लिए एग्जाम पैटर्न, सिलेबस समेत अन्य को लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रूड़की की ओर से यह परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा कब होगी, आवेदन कब से भरे जाएंगे। इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ है।

जानकारी के मुताबिक परीक्षा सीबीटी मोड में होगी। 3 घंटे का पेपर होगा। इसमें जनरल एप्टीट्यूड (जीए) 15 और चयन विषय से 85 अंकों के लिए सवाल पूछे जाएंगे।

पेपर में मल्टीपल च्वाइस क्वेश्चन (एमसीक्यू), मल्टीपल सिलेक्ट क्वेश्चन (एमएसक्यू) और न्यूमेरिकल आंसर टाइप क्वेश्चन (एनएटी) पैटर्न में प्रश्न होंगे। गौरतलब है कि गेट पीजी स्तर की प्रवेश परीक्षा है। इसका आयोजन सात आईआईटी और आईआईएससी बेंगलुरु द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। गेट, आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपलआईटी और गेट स्कोर स्वीकार करने वाले विभिन्न संस्थानों में एमई और एमटेक में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। बीटेक तीसरे वर्ष में पढ़ रहे छात्र गेट के लिए आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी आधिकारिक वेबसाइट gatew®wz.iitr.ac.in पर देख सकते हैं।

सेजबहार में सरकारी जमीन से हटाया गया बेजा कब्जा

पक्के निर्माण और तार फेंसिग घेरा भी तोड़ा

मुख्यमंत्री जनदर्शन में ग्रामीणों ने की थी शिकायत कलेक्टर डॉ. सिंह के नेतृत्व में राजस्व अमले की कार्रवाई

रायपुर / नव प्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश के बाद रायपुर जिले में शासकीय जमीनों पर अवैध कब्जा कर अवैध निर्माण करने और उनकी अवैध तरीके से खरीदी-बिक्री पर कार्रवाई तेज हो गई है। रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के नेतृत्व में राजस्व अमले ने ऐसे प्रकरणों पर बिना देरी के कार्रवाई शुरू की है। बुद्धवार को रायपुर नगर निगम क्षेत्र के सेजबहार में ऐसी एक बड़ी कार्रवाई की गई है। राजस्व अमले ने सेजबहार में मुख्य सड़क के किनारे से लगी लगभग पांच एकड़ सरकारी जमीन को अवैध निर्माण और कब्जे से मुक्त कराया है। इस जमीन पर माना के बनरसी गांव निवासी संतोष डहरिया द्वारा अवैध कब्जा कर अवैध रूप से पक्का निर्माण करने और जमीन की अवैध खरीदी-बिक्री करने की शिकायत स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री जनदर्शन कार्यक्रम में की थी। सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत को सीएम साय ने गंभीरता से लिया और इसकी जांच कर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश कलेक्टर रायपुर को दिए थे।

रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने प्रकरण की जांच का जिम्मा रायपुर एसडीएम और उनके अमले को सौंपा था। राजस्व अमले द्वारा की गई जांच के बाद सेजबहार में मुख्य सड़क से लगी लगभग पांच एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा होना पाया गया। इस जमीन पर अवैध कब्जाधारी ने पक्के निर्माण जैसे दुकान आदि भी बना लिए थे। राजस्व अमले को जमीन के अवैध रूप से दूसरे लोगों को बेचने की भी शिकायत मिली थी। सड़क के किनारे होने के कारण खेती-किसानी के इस मौसम में जमीन के पीछे के खेतों तक किसानों को जाने में भी परेशानी और लड़ाई-झगड़ा का सामना करना पड़ रहा था। बुद्धवार को एसडीएम नंदकुमार चौबे, तहसीलदार पवन कोसमा और अतिरिक्त तहसीलदार तुलसी राठौर ने राजस्व अमले के साथ पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी मशीनों द्वारा इस भूमि पर अवैध रूप से बनाये गये पक्के दुकाननुमा निर्माण को तोड़ दिया गया। इसके साथ ही लगभग पांच-छह लोगों द्वारा कुछ जमीन के कुछ हिस्से पर पोल लगाकर की गई तार फेसिंग को भी हटा दिया गया है। अब इस जमीन से बेजाकब्जा हट जाने से किसानों को भी अपने खेतों तक जाने के लिए आसानी से रास्ता मिल जाएगा।

मंत्री और संगठन नेताओं से संपर्क खोज रहे फरयादी

भाजपा कार्यालय में फिर से शुरू होंगे सहायता केंद्र, पार्टी कार्यकर्ता भी बता सकेंगे परेशानी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के आम लोग मंत्रियों से मुलाकात कर सकेंगे। अपनी परेशानियां बता सकेंगे। ये मौका भाजपा के कार्यकर्ताओं को भी मिलेगा। वो भी अपने काम करवा सकेंगे। इसके लिए प्रदेश भाजपा कार्यालय में सहायता केंद्र खुलेंगे।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में ये सेंटर शुरू किया जा रहा है। यहां हर दिन अलग-अलग विभाग के मंत्री लोगों से मिलेंगे। सहायता केंद्र प्रभारी संजय श्रीवास्तव ने बताया कि 4 जुलाई को मंत्री लखनलाल देवांगन और प्रदेश महामंत्री भरत लाल वर्मा, 5 जुलाई को मंत्री दयालदास बघेल और प्रदेश उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा लोगों से मिलेंगे।

इसके बाद 8 जुलाई को उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, 9 जुलाई को मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल एवं प्रदेश महामंत्री रामजी भारती कार्यकर्ताओं और आम लोगों से मिलेंगे।

गुरुवार को मिलेंगे सीएम साय

गुरुवार को सुबह 11 बजे से मुख्यमंत्री भी आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे। बीते 27 जून से इसकी शुरुआत हो चुकी है। ये जनदर्शन साप्ताहिक होता है। हर गुरुवार को या मुख्यमंत्री की उपलब्धता के आधार पर इसे आयोजित किया जाएगा। लोग यहां आकर सीएम साय से अपनी समस्या बता सकेंगे।

करोड़ों का हवाला कारोबार, तीन आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

ऑनलाइन सट्टे के पैसों का करते थे हवाला, बीते दिनों क्राइम ब्रांच ने पकड़ा था सटोरियों को , 80 लाख कैश भी जब्त

रायपुर / दुर्ग / नव प्रदेश / दुर्ग क्राइम ब्रांच ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ऑनलाइन सट्टा के करोड़ों रुपए का हवाला करने वाले व्यापारी नीरू भाई को गिरफ्तार किया है। एएसपी रिचा मिश्रा की टीम ने मंगलवार की रात रायपुर के खमरिया इलाके में छापामार कार्रवाई कर व्यापारी को गिरफ्तार करने के साथ मौके से 80 लाख रुपए कैश भी बरामद किया है। जानकारी के अनुसार, हैदराबाद में पिछले दिनों पकड़े गए ऑनलाइस सट्टा एप के पैनल से हवाले का लिंक मिला था जिसमे आरोपी नीरू भाई को पैसा ट्रांसफर किया जा रहा था फिर उन पैसों को नीरू भाई द्वारा गुजरात हवाला के जरिए भेजा जाता था। इस पुरे रैकेट का दुर्ग पुलिस जल्द खुलासा करेगी। बता दें कि महादेव एप के बाद लोटस एप मामले में आरोपी शुभम और विनय गुप्ता को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है इनमें से विनय गुप्ता पहले भी महादेव एप से जुड़े मामले में गिरफ्तार हो चुका है। मामले की जानकारी देते हुए दुर्ग क्राइम ब्रांच टीआई तपेश नेताम ने बताया की गिरफ्तार आरोपी मूलतः गुजरात का रहने वाला है जिसे रायपुर से गिरफ्तार किया गया है और पूछताछ के दौरान इस मामले से जुड़े और भी लोगों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

दैनिक नव प्रदेश
आवश्यक सूचना
दैनिक नवप्रदेश के जिन पाठकों को नवप्रदेश अखबार नहीं मिल रहा है। कृपया निम्नलिखित नंबरों पर संपर्क या वॉट्सऐप या मेल भी कर सकते है।
9893402169, 9827485202
Navpradesh@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G -2-112 //CG/BPL/108/2020-22